दैनिक नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | संपादकीय 10 | राजनीतिक सरगर्मी 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, मंगलवार 19 सितंबर 2023, शुक्ल पक्ष चतुर्थी, विक्रम संवत-2080 वर्ष-9 अंक- 170 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

एशिया कप के फाइनल में भारतीय क्रिकेट टीम ने जो लंका दहन किया है वह वाकइ हैरत अंगेज है। टीवी पर टकटकी लगाए बैठे लोगों को समझ ही नहीं आया कि वे मैच देख रहे है या हाईलाईट? छह विकेट लेकर श्रीलंका को 50 रनों पर ढेर कर मोहम्मद सिराज ने वाकइ कमाल कर दिया। 100 ओवर का मैच 21 ओवरों में ही खत्म हो गया। श्रीलंका का ऐसा हश्र देखकर पाकिस्तानी क्रिकेट टीम यह सोचकर खुश होगी कि अच्छा हुआ वे फाइनल में नहीं पहुंचे वरना भारत दूसरी बार उनकी मिट्टी पलित कर देता।

पुरानी संसद में आखिरी दिन मोदी ने की नेहरू-इंदिरा की तारीफ

खड़गे बोले- अपनी हुक्मरानी पर तुम्हें गुरूर है, लोगों को डराने से क्या होता है

नई दिल्ली (एजेंसी)। पुरानी संसद में सोमवार को संसद की कार्यवाही का आखिरी दिन है। आज मंगलवार 19 सितंबर से संसद की कार्यवाही नई पार्लियामेंट बिल्डिंग में होगी। पीएम नरेंद्र मोदी ने पुराने भवन में सोमवार को 50 मिनट की आखिरी स्पीच दी। मोदी ने इस दौरान पूर्व प्रधानमंत्रियों को याद करते हुए कहा- ये वो सदन

है जहां पंडित नेहरू का स्ट्रोक ऑफ मिडनाइट की गूंज हम

सबको प्रेरित करती है। इंदिरा गांधी के नेतृत्व में ■ शेष पृष्ठ 6 पर

छग से सांसद ज्योत्सना महंत ने कहा-ओल्ड इज गोल्ड

कोरबा सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत पुराने संसद भवन में कामकाज के अंतिम दिवस भावुक हो उठीं। उन्होंने संसद भवन की डायरी में लिखा ओल्ड इज गोल्ड। उन्होंने कहा कि नए भवन में संसदीय कार्य की जहां उत्सुकता है और यह देश के लिए एक गौरवमयी क्षण की शुरूआत है, वहीं दूसरी तरफ 95 साल पुराने संसद भवन से अलग होने का दुःख भी है। पुराना संसद भवन भारत देश की तस्वीर और तकदीर बदलने वाले अनेक निर्णयों का साक्षी रहा है। आजादी से पहले और आजादी के बाद का यह संसद भवन हर भारतवासी की स्मृति में सदैव अक्षुण रहेगा।

शायराना अंदाज में खड़गे ने कसा तंज

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का अलग अंदाज देखने को मिला। उन्होंने राज्यसभा में शायरी पढ़कर अपनी बात शुरू की। उन्होंने कहा- बदलना है तो अब हालात बदलो, ऐसे नाम बदलने से क्या होता है। देना है तो युवाओं को रोजगार दो, सबको बेरोजगार करके क्या होता है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सभापति बोले- मैं मजबूर नहीं मजबूत हूं

सोमवार को राज्यसभा में कांग्रेसाध्यक्ष खड़गे ने केंद्र पर विपक्ष की आवाज को दबाने का आरोप लगाया। राज्यसभा के सभापति और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से उन्होंने कहा- वो (भाजपा) तो आपकी बात भी नहीं सुनते हैं। हम आपको देखते हैं तो आप उनको देखते हैं। इस पर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सोनिया गांधी ने अधीर रंजन चौधरी को टोका

पीएम मोदी के बाद कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी लोकसभा में बोल रहे थे। उन्होंने कांग्रेस की पूर्व सरकारों के कामों को गिनाया। इस दौरान सोनिया गांधी ने उन्हें बीच में ही टोका और महिला आरक्षण पर बोलने को कहा। इसके बाद अधीर रंजन चौधरी ने महिला आरक्षण पर बात की।

सीएम सोरेन को झटका, ईडी के समन को चुनौती वाली याचिका खारिज

नई दिल्ली (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने कथित अवैध खनन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन को चुनौती देने वाली झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की याचिका सोमवार को खारिज करते हुए उन्हें झारखंड उच्च न्यायालय दरवाजा खटखटाने को कहा। न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने सोरेन के वकील मुकुल रोहतगी से कहा कि वो राहत के लिए पहले उच्च न्यायालय के समक्ष याचिका दायर करें। पीठ की अध्यक्षता कर रहे न्यायमूर्ति बोस ने याचिका पर विचार करने से इनकार करते हुए कहा, आप (सोरेन) उच्च न्यायालय क्यों नहीं जाते? पहले आप वहां जाएं। सोरेन ने शीर्ष अदालत के समक्ष दायर अपनी याचिका में कहा था

कि ईडी के माध्यम से उनकी छवि और लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार के साथ ही राज्य के लोगों की प्रतिष्ठा को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। श्री सोरेन ने अन्य प्रार्थनाओं के अलावा धन शोधन मामले में अपने खिलाफ जारी समन रद्द करने की गुहार लगाई थी। एजेंसी केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी झारखंड में धन शोधन के दो बड़े मामलों की जांच कर रही है। पहला मामला राज्य में अवैध खनन से जुड़ा है। एजेंसी ने पिछले साल 17 नवंबर को खनन मामले में श्री सोरेन से पूछताछ की थी। दूसरा मामला राज्य की राजधानी में कथित भूमि घोटाले से संबंधित है। इस कथित जमीन के मामले में आईएएस अधिकारी सी रंजन और दो व्यापारियों सहित तेरह व्यक्तियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। ईडी ने गत 08 अगस्त को श्री सोरेन को धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत अपना बयान दर्ज करने के लिए 14 अगस्त को रांची में अपने जोनल कार्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया था।

विधायकों की अयोग्यता पर फैसला टालने पर विस अध्यक्ष को सुको ने लगाई फटकार

मुंबई (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार (18 सितंबर) को शिवसेना शिंदे गुट के 16 विधायकों को अयोग्यता पर सुनवाई की। कोर्ट ने विधानसभा अध्यक्ष से कहा कि आप इस मामले पर फैसला लंबे समय तक टाल नहीं सकते। आपको इसकी डेट लाइन तय करनी होगी। इसके बाद मामले की सुनवाई दो हफ्ते के लिए स्थगित कर गई। उधर, कोर्ट ने शिवसेना के नाम और सिंबल से जुड़े मामले की सुनवाई 3 हफ्ते के लिए स्थगित कर दी। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने मामले पर सुनवाई की। सुप्रीम कोर्ट ने कहा विधानसभा अध्यक्ष संविधान की दसवीं अनुसूची के तहत कार्यवाही को अनिश्चित काल तक विलंबित नहीं कर सकते। उन्हें कोर्ट के निर्देशों का सम्मान करना चाहिए। दसवीं अनुसूची में स्पीकर को एक मामले में सुनवाई के लिए तीन महीने की डेट लाइन तय की गई है। वहीं विधानसभा अध्यक्ष की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि उन्हें मामले में फैसला करना है। वो देर नहीं कर सकते। इस पर सीजेआई ने कहा कि कोर्ट ने 11 अगस्त को विधानसभा अध्यक्ष को मामले में जल्द फैसला देने का निर्देश दिया था। उसके बाद से मामले में क्या हुआ है, स्पीकर ने क्या किया है ? शिवसेना के 56 विधायकों को अयोग्य ठहराने की मांग को लेकर दोनों पक्षों की ओर से दाखिल 3 याचिकाएं लंबित हैं। इन्हें हफ्तेभर में स्पीकर के पास सुनवाई के लिए लिस्ट किया जाए। कार्यवाही तमाशा बन गई है। इस पर उद्धव गुट के वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि11 मई के फैसले के बाद स्पीकर को कई याचिकाएं दी गईं। इसके बाद भी जब कार्रवाई नहीं हुई। इसीलिए हमने कोर्ट में पुर्नविचार याचिका दाखिल की। जब कोर्ट ने मामले की सुनवाई के लिए 18 सितंबर की तारीख तय कर दी, तब जाकर स्पीकर ने मामले को 14 सितंबर को सुनवाई के लिए लिस्ट किया। सुनवाई के दौरान स्पीकर ने कहा कि याचिकाकर्ताओं ने जरूरी दस्तावेज दाखिल नहीं किए हैं।

बीजेपी घटना को दे रही है सांप्रदायिक रंग : सीएम

भिलाई /रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के भिलाई हत्याकांड मामले में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि जबरदस्ती घटना को साम्प्रदायिक रंग देने की कोशिश की जा रही है। युवक फि ल्म देखने गए थे और उसी समय विवाद के बाद हत्या हुई है, जो दुर्भाग्यजनक है। सभी आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए हैं। सीएम ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके पास अब कोई मुद्दा नहीं है। इसके अलावा बीजेपी को कुछ आता भी नहीं है। दरअसल मर्डर के विरोध में सोमवार को दुर्ग-भिलाई शहर बंद रहा। बीजेपी के नेता भी शहर बंद के समर्थन में दिखे। रविवार को मृतक के परिजन और स्थानीय लोगों के साथ बीजेपी नेताओं ने भी विरोध प्रदर्शन किया। भूपेश सरकार से 50 लाख मुआवजा और सरकारी नौकरी की मांग की गई। दुर्ग सांसद विजय बघेल ने कहा था कि देश की आजादी में जिस समाज ने सबसे आगे आकर त्याग दिया, वो समाज आज न्याय के मांगने के लिए खड़ा है। मुख्यमंत्री को शर्म आनी चाहिए।

कोई आए-जाए फर्क नहीं पड़ता

आल इंडिया कांग्रेस कमेटी की बैठक में मल्लिकार्जुन खड़गे की नाराजगी पर सीएम ने कहा कि यह बात मुझे भी मीडिया के माध्यम से पता चली है। 3 राज्यों के विधानसभा चुनाव से पूर्व संसद के विशेष सत्र शुरू होने पर सीएम बघेल ने कहा कि सत्ता पक्ष के पास एजेंडा में ऐसा कुछ है ही नहीं, उन्होंने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन और पता नहीं क्या-क्या कहा गया, लेकिन उनके पास कोई मुद्दा नहीं है। सीएम भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर चलाई जा रही भाजपा की परिवर्तन यात्रा में यूपी के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के शामिल होने पर उन्होंने कहा कि भाजपा लगातार दौरा चल रहा है, लेकिन इससे कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है।

कश्मीर में 6 दिन से एनकाउंटर जारी

श्रीनगर (एजेंसी)। कश्मीर के अनंतनाग में सोमवार 18 सितंबर को छठे दिन भी एनकाउंटर जारी रहा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह इस इलाके में चलने वाली अब तक की सबसे लंबी मुठभेड़ है। पिछले 6 दिनों में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच तीन जगहों पर मुठभेड़ हुई। इसमें कर्नल, मेजर और डीएसपी समेत 5 जवान शहीद हो चुके हैं, जबकि सेना ने अनंतनाग में 1, बारामूला में 3 और राजौरी में दो यानी कुल 6 आतंकियों को मार गिराया है। सेना को अभी भी गडूल कोकेरनाग के जंगलों में दो और आतंकियों के छिपे होने की आशंका है। सबसे एडवांस्ड ड्रोन हेरॉन मार्क-2 से उनके ठिकानों की तलाश की जा रही है। इससे पहले 2020 में 18 घंटे तक सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। वहीं, जम्मू-कश्मीर में यह तीसरी सबसे लंबी चलने वाली मुठभेड़ है। इससे पहले जम्मू के पुंछ जिले में चलाया गया भट्टी धार वन ऑपरेशन 9 दिन चला था। 31 दिसंबर 2008 को शुरू हुआ ऑपरेशन 9 जनवरी 2009 को

पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक

नई दिल्ली (एजेंसी)। संसद के स्पेशल सेशन के बीच सोमवार 18 सितंबर की शाम को केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में यह बैठक हुई। सूत्रों के मुताबिक, बैठक में संसद के सत्र को पुराने भवन से नए संसद भवन में ले जाने के लिए स्वीकृति दी जाएगी। इसके अलावा, सत्र के दौरान पेश किए जाने वाले बिल को लेकर अहम फैसला हो सकता है। केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक बुलाने से पहले भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंत्रियों के संग एक मीटिंग की। यह मीटिंग संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी के कमरे में बुलाई गई। सूत्रों के मुताबिक, इस बैठक में मंत्री प्रह्लाद जोशी, धर्मेंद्र प्रधान, भूपेंद्र यादव, अनुराग ठाकुर, अर्जुन राम मेघवाल और वी मुरलीधरन शामिल हुए। हालांकि, इस बैठक में किस बात पर चर्चा हुई इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है। शाम 7 बजे तक बैठक जारी थी।

काम करके घर लौट रही महिला से गैंगरेप

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में एक आदिवासी महिला को शराब पिलाकर गैंगरेप करने का मामला सामने आया है। महिला को तीन लोगों ने मिलने के लिए बुलाया था। आरोप है कि इस दौरान तीनों ने उसे शराब पिलाकर बेहोश कर दिया और फि र बारी-बारी से दुष्कर्म किया। वारदात को अंजाम देकर तीनों आरोपी भाग निकले। होश में आने के बाद पीड़ित महिला ने परिजन के जरिए पुलिस को सूचना दी। शिकायत पर बेलगहना चौकी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर तीनों आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, 40 साल की आदिवासी महिला 13 सितंबर को मजदूरी करने गई थी। देर शाम घर लौटने के दौरान वहीं के रहने वाले सियाराम तिर्की, दुकाल बैगा और अशोक कुमार यादव ने उसे रोक लिया। अकेली पाकर उसे शराब पिलाने की बात कही। पहले तो महिला ने मना किया, पर आरोपियों के जिद करने पर मान गई। महिला की सहमति के बाद तीनों युवकों ने उसे जमकर शराब पिलाई। महिला के नशे में धुत होते ही आरोपियों ने उससे दुष्कर्म किया।

न्यूज चैनल्स का सेल्फ रेग्युलेटरी सिस्टम सख्त हो : सुको

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार 18 सितंबर को कहा कि हम न्यूज चैनल्स की निगरानी करने वाले सेल्फ रेग्युलेटरी मैकेनिज्म को सख्त करना चाहते हैं। कोर्ट ने न्यूज ब्रॉडकास्टर्स एंड डिजिटल एसोसिएशन को नई गाइडलाइन लाने के लिए और 4 सप्ताह का समय दिया है। दरअसल, एनबीडीए ने कहा कि हम नई गाइडलाइन्स तैयार करने के लिए अपने मौजूदा अध्यक्ष जस्टिस (रिटायर्ड) एके सीकरी और पूर्व अध्यक्ष आरवी रवीन्द्रन के साथ चर्चा कर रहे हैं। इसके जवाब में सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाल और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने ये बातें कहीं। सरकार ने कहा- हमारे पास रेग्युलेशन के लिए थ्री लेयर सिस्टम है सुनवाई के दौरान एनबीडीए की ओर से कोर्ट में सीनियर एडवोकेट अरविंद दातार पेश हुए। उन्होंने नई गाइडलाइन बनाने के लिए चार हफ्ते का समय मांगा। केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता पेश हुए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने पहले ही थ्री लेयर सिस्टम बनाया रखा है, जिसमें पहला स्टेप सेल्फ रेग्युलेशन है। न्यूज ब्रॉडकास्टर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की पैरवी करते हुए सीनियर एडवोकेट महेश जेठमलानी ने कहा कि एनबीएफआई के विपरीत, 2022 नियमों के अनुसार ही ऐसी रेग्युलेटरी यूनिट है जो केंद्र के साथ रजिस्टर्ड है। एनबीएफआई को भी अपने खुद के नियम दाखिल करने की अनुमति दी जानी चाहिए।

हिंडनबर्ग मामले की जांच के लिए नई विशेषज्ञ समिति गठित करने सुप्रीम कोर्ट से गुहार

नई दिल्ली (वार्ता)। हिंडनबर्ग रिपोर्ट में अडानी समूह के खिलाफ लगाए गए आरोपों की जांच के लिए एक नई विशेषज्ञ समिति गठित करने का निर्देश देने की गुहार लगाते हुए उच्चतम न्यायालय में एक रिट याचिका दायर की गई है। अनामिका जायसवाल द्वारा दायर याचिका में कहा गया है कि शीर्ष अदालत द्वारा गठित पिछली विशेषज्ञ समिति के सदस्यों के हितों के स्पष्ट टकराव के मद्देनजर नई समिति गठित करने का निर्देश शीर्ष अदालत को देना चाहिए। याचिका में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के पूर्व अध्यक्ष ओपी भट्ट, आईसीआईसीआई के पूर्व अध्यक्ष एमवी कामथ और वकील सोमशेखर सुंदरेसन और अडानी समूह के बीच हितों के टकराव को दर्शाने वाले कथित उदाहरणों का हवाला दिया गया है। उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति अभय मनोहर सप्रे की अध्यक्षता वाली समिति में सभी सदस्यों को शीर्ष अदालत द्वारा नामित किया गया था।

गरमा-गरम

मंथन... वित्तीय और बैंकिंग व्यवस्था पर मंथन, विदेशी मेहमानों ने देखी छग की संस्कृति

छत्तीसगढ़ में जी-20 की चौथी बैठक, 65 से अधिक प्रतिनिधि शामिल

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में जी-20 फ्रेमवर्क वर्किंग ग्रुप की चौथी बैठक सोमवार से शुरू हो गई है। इस बैठक में जी-20 सदस्य, आमंत्रित देशों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के 65 से अधिक प्रतिनिधि शामिल हुए हैं। यह मीटिंग आज मंगलवार 19 सितंबर तक चलेगी। मीटिंग एफडब्ल्यूजी में हुई चर्चाओं और भविष्य के कार्य क्षेत्रों का पता लगाने के लिए हो रही है। भारतीय रिजर्व बैंक जनभागीदारी कार्यक्रमों की एक श्रृंखला की मेजबानी करेगा। जिसमें डिजिटल बैंकिंग और वित्तीय समावेशन, वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम, जी-20 जागरूकता कार्यक्रम, पेंटिंग प्रतियोगिता और नारा-लेखन प्रतियोगिता पर पैनल चर्चा शामिल होगी। इस बैठक की अध्यक्षता वित्त मंत्रालय की सलाहकार चांदनी रैना व यूनाइटेड किंगडम के मुख्य आर्थिक सलाहकार सैम बेकेट कर रहे। बैठक में आरबीआइ ■ शेष पृष्ठ 6 पर

जी 20 में यह देश शामिल

शुरुआत में यह वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंकों के गवर्नरों का संगठन हुआ करता था। साल 2008 में दुनिया ने भयानक मंदी का सामना किया था, इसके बाद इस संगठन में भी बदलाव हुए और इसे शीर्ष नेताओं के संगठन में तब्दील कर दिया गया। जी-20 में अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, यूरोपियन यूनियन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, मेक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण कोरिया, तुर्की, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका शामिल हैं।

क्या है जी-20

जी20 को ग्रुप ऑफ ट्वेंटी भी कहा जाता है। यह यूरोपियन यूनियन एवं 19 देशों का एक अनौपचारिक समूह है। जी20 शिखर सम्मेलन में इसके नेता हर साल जुटते हैं और वैश्विक अर्थव्यवस्था को कैसे आगे बढ़ाया जाए इस पर चर्चा करते हैं। इसका गठन साल 1999 में हुआ था। साथ ही यह एक मंत्रिस्तरीय मंच है जिसे जी7 द्वारा विकसित एवं विकासशील दोनों अर्थव्यवस्थाओं के सहयोग से गठित किया गया था।

तेलंगाना में जूनियर की रैगिंग के आरोप में 7 डॉक्टरों पर मामला दर्ज

हैदराबाद(ए.)। तेलंगाना के वारंगल शहर में पुलिस ने एमबीबीएस प्रथम वर्ष के एक छात्र के साथ कथित तौर पर रैगिंग करने के आरोप में काकतीय मेडिकल कॉलेज (केएमसी) के सात छात्रों पर मामला दर्ज किया है। जूनियर छात्र द्वारा शारीरिक उत्पीड़न और उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद पुलिस ने एमबीबीएस तृतीय वर्ष के छात्रों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। राजस्थान के जालौर के रहने वाले पीड़ित ने आरोप लगाया कि सीनियर्स ने उसकी रैगिंग की और जब उसने विरोध किया तो उन्होंने उसके साथ मारपीट की। पुलिस ने आरोपी छात्रों मामला दर्ज किया।

10 महिला सांसदों की कलम से पुराने संसद भवन की यादें

96 साल बाद रिटायर हो रही एडविन लुटियंस के डिजाइन की पार्लियामेंट

नई दिल्ली (ए.)। पुराने संसद भवन में कार्यवाही का आज आखिरी दिन है. आजादी के 75 साल बाद देश के नए संसद भवन में कल से कार्यवाही शुरू होगी. संसद को नए भवन में स्थानांतरित किए जाने के ऐतिहासिक मौके पर 10 महिला सांसदों ने हाथ से लिखे नोट में पुरानी संसद में अपनी यादें, संदेश और अनुभव साझा किए हैं. विभिन्न दलों की महिला सांसदों ने भारत की 75 साल की लोकतांत्रिक यात्रा के साक्षी रहे पुराने संसद भवन को विदाई देते हुए भावुक संदेश लिखे हैं.

शिरोमणि अकाली दल की सांसद हरसिमरत कौर बादल ने पुरानी संसद भवन के विभिन्न हॉल की अपनी यात्रा का जिक्र किया. उन्होंने कहा, 2006 में एक विस्मित दर्शक से लेकर 2009 में पहली बार की सांसद, फिर 2019 में पहली बार मंत्री बनने तक लोकतंत्र के इस मंदिर में इन 144 स्तंभों ने मेरे लिए ढेर सारी यादें संजोकर रखी हैं. हरसिमरत ने कहा, इतिहास और हजारों भारतीय कलाकारों, मूर्तिकारों और मजदूरों की हस्तकला से सुसज्जित यह खूबसूरत इमारत गहन शिक्षा और अत्यधिक संतुष्टि का स्थान रही है. सेंट्रल हॉल, जहां मित्रता बनी, सभी यादें को जीवनभर संजोकर रखा जाएगा.

शिवसेना (उद्धव गुट) की सांसद सदस्य प्रियंका चतुर्वेदी ने अपने नोट में ऐसी ही यादों को बयां करते हुए लिखा, यादें, सीखना, नीति निर्माण, मित्रता. इतिहास और चमत्कार की इस सुंदरता ने गहन चर्चा, व्यवधान, दिग्गज नेताओं और इतिहास निर्माताओं को देखा है. उन्होंने लिखा, संसद ने आत्मविश्वास से भरे एक राष्ट्र के रूप में हमारी 75 साल की यात्रा को आकार दिया है. इस यात्रा का हिस्सा बनकर गर्व है और आशा है कि इस संसद भवन का सार नए भवन में बना रहेगा. मेरे राष्ट्र को सदैव कृतज्ञतापूर्वक शुभकमानाएं.

केंद्रीय मंत्री और अपना दल (सोनेलाल) की सांसद अनुप्रिया पटेल ने संसद भवन में पहली बार प्रवेश करने के क्षणों को याद किया. उन्होंने अपने नोट में कहा, उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर से 2014 (16वीं लोकसभा) में पहला संसदीय चुनाव जीतने पर संसद भवन के पवित्र परिसर में प्रवेश करना मेरे लिए भावुक और विनम्र क्षण था. मैं गहरायी से महसूस कर सकती थी कि मैं एक ऐतिहासिक इमारत में प्रवेश कर रही हूं जिसने भारत को 15 अगस्त 1947 को आजादी हासिल करते हुए, हमारा संविधान बनाते हुए तथा देश के लोकतांत्रिक संस्थाओं के विकास और उन्हें मजबूत होते हुए देखा.

उन्होंने कहा, मैंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की राजसी प्रतिमा के सामने खड़े होकर काफी अभिभूत महसूस किया. इस संसद भवन ने मुझे देश के विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिष्ठित नेताओं से संसदीय प्रक्रियाओं की बारीकी सीखने का अवसर दिया.

पटेल ने कहा, बदलते वक्त और हमारे उभरते लोकतंत्र की जरूरतों को पूरा करने के उद्देश्य से माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने नए संसद भवन की नींव रखी. मैं सभी सुविधाओं सहित प्रकृति से तालमेल के साथ नए आधुनिक परिसर के बारे में काफी उत्साहित हूं. मैं नए परिसर से हमारे देशवासियों के कल्याण के लिए काम शुरू करने और इतिहास बनाने का हिस्सा बनने को लेकर बेहद उत्साहित हूं.

मौत के 82 साल बाद 61 करोड़ में बिकी अमृता शेरगिल की पेंटिंग

नई दिल्ली /वार्ता। 28 की छोटी सी उम्र में दुनिया को अलविदा करहने वाली अमृता शेरगिल ने भारत को पेंटिंग के ऐसे नमूने दिए हैं जो आज भी दुनियाभर में चर्चा बटोरते रहते हैं। हाल ही में एक सैफ्रोनार्ट ऑक्शन में उनकी पेंटिंग 61.8 करोड़ रुपये में बेची गई। यह भारत की सबसे महंगी बनने वाली पेंटिंग बन गई है। इससे पहले सैयद हैदर रजा की पेंटिंग की कीमत 51.7 करोड़ रुपये लगाई गई थी। इसके साथ ही सैयद रजा की पेंटिंग दूसरी सबसे महंगी भारतीय पेंटिंग है। वहीं 2020 में वसुदेव एस गायतोंडे की पेंटिंग की कीमत 32 करोड़ रुपये लगाई गई थी जो कि तीसरे नंबर पर है।

बता दें कि साल 2006 में भी सबसे महंगी पेंटिंग का रिकॉर्ड अमृता शेरगिल ने ही बनाया था। उनकी पेंटिंग 6.9 करोड़ रुपये की थी। यह पेंटिंग के लिए भारत में अदी की गई आज भी सबसे बड़ी रकम है। इसमें कुछ महिलाएं बैठी थीं जिनके साथ बच्चे भी थे। ग्रामीण परिदृश्य दिखाया गया था। अब जिस पेंटिंग की इतनी ऊंची कीमत लगी है उसमें गायों के साथ महिलाओं को दिखाया गया है। यह दृश्य भी गांव का ही है।

अमृता शेरगिल का कहना था, मैं सिर्फ भारत में पेंटिंग बना सकती हूं, क्योंकि यूरोप तो पिकासो और मैटिस का है। लेकिन हिंदुस्तान सिर्फ मेरे लिए है। अमृता शेरगिल ने पेंटिंग के इतिहास में ऐसे गहरे रंग छोड़े हैं जिनकी चमक कभी फीकी नहीं पड़ने वाली। आज भी जब किसी गैलरी में उनकी पेंटिंग आ जाती है तो उसके आगे बाकी पेंटिंग धुंधली दिखाई देने लगती हैं।

किम जोंग के जाते ही रूस पहुंच रहे चीनी विदेश मंत्री

- **50 साल पुरानी तिकड़ी की केमिस्ट्री से उड़ी पश्चिमी देशों की नींद**

नई दिल्ली (ए.)। उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन के रूस दौरे से वापस लौटते ही अगले दिन चीन के विदेश मंत्री वांग यी चार दिनों की यात्रा पर आज (सोमवार, 18 सितम्बर) रूस पहुंच रहे हैं। इस दौरान चीनी विदेश मंत्री और रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के बीच यूक्रेन युद्ध पर चर्चा होने की उम्मीद है। उम्मीद ये भी जताई जा रही है कि दोनों देशों के नेता आपसी राजनीतिक विश्वास को गहरा करने की दिशा में द्विपक्षीय बातचीत करेंगे। चीनी विदेश मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, वांग 18 से 21 सितंबर तक रूस का दौरा करेंगे।

पिछले सप्ताह रूसी विदेश मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, द्विपक्षीय सहयोग के व्यापक मुद्दों पर चर्चा के लिए चीनी विदेश मंत्री के रूसी विदेश मंत्री लावरोव से मिलने की उम्मीद है। बयान में कहा गया है कि दोनों नेता यूक्रेन युद्ध और उससे जुड़े समझौते से संबंधित मुद्दों पर भी बातचीत करेंगे। चीनी विदेश मंत्री का चार दिवसीय दौरा एक तरफ रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के संभावित बीजिंग दौरे से पहले हो रहा है और दूसरी तरफ उत्तर कोरिया के तानाशाह और पुतिन की बैठक के तुरंत बाद हो रहा है।

पश्चिमी देश क्यों चिंतित

संयुक्त राज्य अमेरिका ने पहले ही चेतावनी जारी की है कि पुतिन और किम की मुलाकात के बाद प्योंगयांग यूक्रेन युद्ध के लिए मास्को को युद्ध सामग्री की आपूर्ति कर सकता है। रूस में किम जोंग का जहां रेड कार्पेट बिछाकर स्वागत किया गया, वहीं भव्य विदाई भी दी गई। विदा होने से पहले किम ने रूस के कई सामरिक ठिकानों का भी मुआयना किया है। इसी से पश्चिमी देशों की चिंता बढ़ गई हैं। अब चीनी विदेश मंत्री के रूस दौरे से पश्चिमी देशों की आशंका को बल मिला है कि कहीं तीनों पुराने मित्र युक्रेन युद्ध की आड़ में कोई गुप्त चाल और हथियारों के लिए कोई समझौता तो नहीं कर रहे। अगर ऐसा होता है तो एक बार फिर दुनिया की बड़ी शक्तियों के बीच तनाव पैदा हो सकता है।

बीजिंग जाएंगे पुतिन, सस्पेंस बरकरार

उधर, मार्च में मास्को के दौरे पर गए शी जिनपिंग के बुलावे पर रूसी राष्ट्रपति पुतिन के अक्टूबर में बेल्ट एंड रोड फोरम में शिरकत करने के लिए बीजिंग जाने की उम्मीद है। पुतिन ने इससे पहले भी 2017 और 2019 में चीन के पहले दो बेल्ट एंड रोड फोरम में भाग लिया था। हालांकि, अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। बता दें कि अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय ने यूक्रेन से सैकड़ों बच्चों को अवैध रूप से निर्वासित करने के आधार पर पुतिन के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर रखा है, जिसके बाद से उनकी विदेश यात्रा की फिलहाल कोई जानकारी नहीं है।

पाकिस्तान में मानसिक रूप से परेशान हुई अंजू

- **पति नसरुल्लाह ने बताई भारत लौटने की तारीख**

नई दिल्ली (ए.)। इश्क में सीमा पार कर पाकिस्तान पहुंची राजस्थान की अंजू अब भारत वापसी करना चाहती है। उसके नए पति नसरुल्लाह ने ही ऐसे संकेत दिए हैं। खबर है कि अंजू की तबियत ठीक नहीं है। इसके अलावा उनके बच्चे भी भारत लौटने की बड़ी वजह हो सकते हैं। अंजू ने जुलाई में नसरुल्लाह से शादी कर ली थी और इस्लाम अपना लिया था।

पीटीआई से फोन पर कहा, 'फातिमा (अंजू) अगले महीने भारत लौटेगी।' उसने कहा, 'वह मानसिक रूप से परेशान है और अपने बच्चों की बड़ी ही शिद्दत से कमी महसूस कर रही है। उसके पास वापस लौटने के अलावा कोई विकल्प नहीं है।' अंजू ने इस्लाम अपनाने के बाद नाम फातिमा रख लिया था। खबर है कि इससे पहले भी वह धर्म परिवर्तन कर चुकी हैं। नसरुल्लाह ने कहा कि वह नहीं चाहते कि अंजू की मानसिक सेहत और खराब हो। उन्होंने कहा कि बेहतर है कि वह अपने देश जाकर बच्चों से मिले। उसने कहा कि दस्तावेजी प्रक्रिया पूरी होने के बाद वह वापस लौट जाएगी। नसरुल्ला ने कहा, 'इसमें कुछ समय लगेगा और संभव है कि वह अगले महीने भारत लौटे।'

अमेरिका का नामी फाइटर जेट एफ-35 हो गया गायब

- **अब जनता से करनी पड़ी मदद की अपील**

नई दिल्ली/वार्ता। संयुक्त राज्य अमेरिका की नेवी का एक नामी फाइटर जेट एफ-35 दुर्घटना के बाद लापता हो गया है। इसके बाद अमेरिकी सैन्य अधिकारियों ने करोड़ों डॉलर के लापता जेट का पता लगाने में मदद करने के लिए आमलोगों से अपील की है। 'द गार्डियन' के मुताबिक, सेना के अधिकारियों ने बताया है कि इस विमान को उड़ा रहे पायलट ने विमान से कूदकर अपनी जान बचा ली है। अधिकारियों के मुताबिक, मरीन कॉप्स पायलट रविवार की दोपहर उत्तरी चार्ल्सटन के ऊपर एफ-35 लाइटनिंग II जेट से खुद को सुरक्षित बचाने में कामयाब रहे।

नेवी बेस के अधिकारियों ने कहा है कि वे चार्ल्सटन शहर के उत्तर में दो झीलों के आसपास, संघीय विमानन नियामकों के साथ फाइटर जेट के लिए सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं। ज्वाइंट बेस प्रमुख ने चार्ल्सटन के स्थानीय निवासियों से इसमें मदद करने की अपील की है।

नेवी ज्वाइंट बेस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में नंबर जारी कर कहा, यदि आपके पास कोई जानकारी है जो हमारी टीमों को एफ-35 का पता लगाने में कुछ मदद कर सकती है, तो कृपया बेस डिफेंस ऑपरेशंस सेंटर को कॉल करें।

बेस चार्ल्सटन के सीनियर मास्टर सार्जेंट हीथर स्टैंटन ने बताया कि खराब मौसम साफहोने के बाद दक्षिण कैरोलिना कानून प्रवर्तन प्रभाग का एक हेलीकॉप्टर एफ-35 जेट की खोज में लगाया गया है। मेजर सेलिनास ने बताया है कि एफ-35 फाइटर जेट का पायलट संयुक्त बेस चार्ल्सटन में सुरक्षित लौट आया है। लड़ाकू विमान के इस तरह लापता होने से सोशल मीडिया पर काफी चर्चा है।

गुजरात में भारी बारिश से फिर 'जल प्रलय'

- **बाढ़ से कई जिलों में हजारों लोग बेघर, स्कूल-कॉलेज बंद; 2 दिन रेड अलर्ट**

अमदाबाद (ए.)। गुजरात में बारिश एक बार फिर आफत बनकर आई है। कई हिस्सों में हो रही भारी बारिश ने लोगों की मुसीबतें फिर बढ़ा दी हैं। रविवार को हुई भारी बारिश के चलते नर्मदा और अन्य नदियां में जलस्तर बढ़ जाने से निचले इलाकों में बाढ़ आ गई और कई गांवों का संपर्क टूट गया। इस दौरान पांच जिलों के करीब 10 हजार से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। गुजरात में बारिश से बिगड़े हालात को काबू करने के लिए तापी नदी पर बने उकाई बांध के 15 गेट खोल दिए गए हैं। तापी नदी के किनारे के कई गांवों को अलर्ट पर रखा गया है।

मौसम विभाग के ताजा अपडेट के मुताबिक, सोमवार को अगले 3 घंटों के दौरान गुजरात के जूनागढ़, पोरबंदर और गिर सोमनाथ में मध्यम बारिश होने की संभावना है। अगले 3 घंटों के दौरान अहमदाबाद, महेसाणा, गांधीनगर, पाटन, बनासकांठा, साबरकांठा, अरावली, महिसागर, पंचमहल, खेड़ा, आनंद, वडोदरा, दाहोद, छोटा उदेपुर, भरूच, नर्मदा, सूरत, तापी, देवभूमि द्वारका, जामनगर, मोरबी, सुरेंद्रनगर, राजकोट, अमरेली, बोटाद, भावनगर, कच्छ और दीव जिलों में हल्की बारिश होने की संभावना है।

अहमदाबाद में रविवार शाम 6 बजे तक 12 घंटे की अवधि में 76 मिमी बारिश दर्ज की गई जिससे शहर के कई इलाकों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई।

कई जिलों में भारी बारिश का 'रेड अलर्ट' जारी

मौसम विभाग (आईएमडी) ने पंचमहल, दाहोद, खेड़ा, अरावली, महिसागर, बनासकांठा और साबरकांठा जिलों में मंगलवार सुबह तक अत्यधिक भारी बारिश का 'रेड अलर्ट' जारी किया है। आईएमडी के बुलेटिन में अगले सप्ताह के गुरुवार तक गुजरात के कई हिस्सों में भारी बारिश की संभावना जताई गई है।

एनडीआरएफकी तैनाती

अधिकारियों ने बताया कि सरकार ने नर्मदा में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की दो टीम तथा भरूच, राजकोट, जूनागढ़ और वडोदरा में एक-एक टीम की तैनाती की है। अधिकारियों ने बताया कि सेना की दो टीम वडोदरा में तैयार अवस्था में हैं। एनडीआरएफ के कर्मचारियों और स्थानीय बचाव टीमों ने बाढ़ प्रभावित इलाकों में फंसे लोगों को निकाला, जिनमें नर्मदा जिले के एक आवासीय विद्यालय के लगभग 70 छात्र और पंचमहल जिले में एक नदी के पास एक पुल के नीचे फंसे लगभग 100 मजदूर शामिल हैं। एनडीआरएफकी टीमों ने रविवार को गुजरात के भरूच जिले के निकोरा गांव में भारी बारिश के बाद निचले इलाकों में फंसे 105 लोगों को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया।

दाह संस्कार के लिए एकत्रित लोगों पर मधुमक्खियों का हमला

चामराजनगर (ए.)। कर्नाटक के चामराजनगर जिले के कोंगराहल्ली गांव में एक शव के दाह संस्कार के दौरान वन मधुमक्खियों के हमले के बाद एक व्यक्ति की मौत हो गई और 14 अन्य को अस्पताल में भर्ती कराया गया। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। मृतक की पहचान गांव निवासी 60 वर्षीय चेनप्पा के रूप में की गई। घायलों को होलीक्रॉस अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनमें से एक की हालत गंभीर है। पुलिस के मुताबिक, घटना रविवार देर शाम एक महिला के अंतिम संस्कार के दौरान हुई। चिता जलते ही वन मधुमक्खियों के झुंड ने अंतिम संस्कार के लिए जुटे लोगों पर हमला कर दिया। दाह संस्कार स्थल के पास ही मधुमक्खियों का छत्ता था और मधुमक्खियों ने दाह संस्कार के लिए एकत्र हुए लोगों पर हमला कर दिया। हमले के बाद लोग इधर-उधर भागने लगे। इस दौरान चेनप्पा को गंभीर चोटें आईं और अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उनकी मौत हो गई।

नोएडा प्राधिकरण के एक-दो अफसर नहीं, पूरा तंत्र ही भ्रष्टाचार में डूबा : सुप्रीम कोर्ट

नोएडा/नवप्रदेश। सुपरटेक के ट्विन टावर मामले के बाद मुआवजा वितरण फर्जीवाड़े में सुप्रीम कोर्ट ने प्राधिकरण पर फिर तल्ख टिप्पणी की। इससे प्राधिकरण के अधिकारियों की भूमिका जांच के घेरे में आ गई है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि नोएडा प्राधिकरण के एक-दो अधिकारी नहीं, पूरा तंत्र ही भ्रष्टाचार में डूबा है। मुआवजा वितरण में हुए फर्जीवाड़े की जांच यूपी सरकार द्वारा न कराए जाने पर भी कोर्ट ने नाराजगी जताई है।

जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने कहा कि हमारे विचार में यह प्राधिकरण के एक या दो अधिकारियों के कहने पर नहीं किया जा सकता है। प्रथम दृष्टया संपूर्ण नोएडा सेटअप इसमें शामिल होता प्रतीत हो रहा है।

शीर्ष अदालत इस मामले में एक विशेष अनुमति याचिका पर सुनवाई कर रही है। आरोप है कि भूमि मालिकों को गलत तरीके से करोड़ों का मुआवजा दे दिया गया। इस प्रकरण में एफआईआर भी दर्ज हुई, लेकिन नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों के खिलाफ कोई जांच नहीं की गई। बेंच ने कहा कि यह मामला कोई अकेली घटना नहीं है। विशेष अनुमति याचिका में इलाहाबाद हाईकोर्ट के एक आदेश को चुनौती दी गई थी। इस मामले की अगली सुनवाई 5 अक्टूबर को होगी।

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जमानत नहीं दी : मुआवजा वितरण फर्जीवाड़ा मामले में वरिष्ठ वकील पीएन मिश्रा याचिकाकर्ता की ओर से सुप्रीम कोर्ट में पेश हुए। वरिष्ठ वकील रवींद्र कुमार और एएजी अर्धेंदुमौली कुमार प्रतिवादियों की ओर से उपस्थित हुए। मामले में याचिकाकर्ता ने आईपीसी की धारा 420, 467, 468, 471, 120बी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 13(1)(ए) के तहत अपराध के लिए अग्रिम जमानत की मांग की। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 16 जनवरी, 2023 के आक्षेपित आदेश में सीआरपीसी की धारा 438 के तहत आवेदन को खारिज करते हुए कहा था, ''उक्त तथ्य को देखते हुए, आरोपी आवेदक ने 7,26,80,427 रुपये के बड़े मुआवजे की सिफारिश की।

सुपरटेक मामले में अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं

सुपरटेक के ट्विन टावर मामले में भी सुप्रीम कोर्ट ने नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों को लेकर सख्त टिप्पणी करते हुए कहा था कि प्राधिकरण के अधिकारियों के आंख-नाक, कान मुंह तक से भ्रष्टाचार टपकता है। वह बिल्डर के साथ संलिप्त है। इस टिप्पणी के बाद भी प्राधिकरण की खासी किरकिरी हुई थी औ मामले में शासन ने जांच के लिए एसआईटी का गठन किया था, लेकिन अब तक इस प्रकरण में प्राधिकरण के अधिकारियों के खिलाफकार्रवाई नहीं हो सकी है। सेक्टर-93ए स्थित एमरॉल्ड कोर्ट सोसाइटी में भ्रष्टाचार की बुनियाद पर खड़े किए गए ट्विन टावर को ध्वस्त हुए पिछले 28 अगस्त को एक साल हो गया। लेकिन तब तक भी उनके निर्माण के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई आगे नहीं बढ़ी।

गृह मंत्री अमित शाह के घर का पता पूछ रहे थे 6 लोग

- **दिल्ली पुलिस में मची हड़कंप, रास्ते में सभी को किया गिरफ्तार**

नई दिल्ली (ए.)। राजधानी दिल्ली में कृष्ण मेनन मार्ग पर स्थित केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के सरकारी आवास की ओर बढ़ रहे एक ही परिरवार के 6 लोगों को दिल्ली पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी इन लोगों से पूछताछ कर रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि पकड़े गए लोग दिल्ली के आनंद विहार इलाके में ठेले लगाते थे और ठेले हटाए जाने से परेशान थे। डीसीपी (नई दिल्ली) प्रणव तायल ने बताया कि दिल्ली पुलिस को सूचना मिली थी कि एक परिवार के छह सदस्य बिना उचित अनुमति के कृष्ण मेनन मार्ग की ओर जा रहे हैं। डीसीपी ने कहा, ''जब ये लोग गृह मंत्री अमित शाह के आवास वाली जगह की तलाश कर रहे थे, तभी सूचना मिलते ही पुलिस की एक टीम उस इलाके में पहुंच गई और उन्हें समय पर गिरफ्तार कर लिया गया।'' पुलिस की टीम इन लोगों से पूछताछ कर गृह मंत्री के घर की ओर जाने का मकसद पता करने की कोशिश कर रही है।

न्यूज गैलरी

मुख्यमंत्री ने गणेश चतुर्थी पर प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने गणेश चतुर्थी के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में भगवान गणेश की आराधना का पर्व पूरी श्रद्धा और धूमधाम से मनाया जाता है। इस दौरान बच्चे से लेकर बुजुर्गों तक सभी में आस्था और उत्साह का एक अनुपम संगम दिखाई देता है। लोगों में इसी एकता के भाव को जागृत करने के लिए लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक जी ने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान सार्वजनिक गणेश उत्सव की शुरूआत की थी। यह उत्सव अब सामाजिक समरसता का अनूठा उदाहरण बन गया है।

दंपति से मारपीट, बलवा का मामला दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। संतकंवर राम चौक तिल्दा में पैसे के लेन-देन को लेकर आधा दर्जन लोगों एक दंपति से गाली-गलौज कर मारपीट किए। प्रार्थिया की शिकायत पर नेवरा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बलवा का मामला दर्ज किया है। प्रार्थिया पंखुड़ी मेघानी 30 वर्ष एसबीआई बैंक के पास तिल्दा की रहने वाली है। बताया जाता है कि प्रार्थिया अपने पति दीपक मेघानी के साथ कहीं जा रही थी, तभी आरोपी नंदू लालवानी, अविनाश व अन्य 4 लोगों ने प्रार्थिया व उसके पति को रोककर पैसे के लेन-देन को लेकर गाली-गलौज कर मारपीट किए। प्रार्थिया की शिकायत पर नेवरा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 146, 147, 294, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

रॉड मंगवाकर 10 लाख से अधिक की ठगी

रायपुर/नवप्रदेश। 17 वाहन रॉड मंगाकर 10 लाख 6898 रुपए का भुगतान ना कर धोखाधड़ी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। रमेश शुक्ला 39 वर्ष खम्हारडीह शंकर नगर का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी संजय ओझा ने प्रार्थी को वायर रॉड का व्यापार करने का प्रलोभन देकर प्रार्थी की शारदा एनर्जी कंपनी से 17 वाहन रॉड को तासु इंण्डस्ट्रीज उरला में भिजवा दिया। जिसकी कीमत करीब 10 लाख 6898 रुपए हुआ था। जिसका भुगतान आरोपी ने प्रार्थी को नहीं किया और ना ही माल वापस किया। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

पुरानी रंजिश के चलते युवक को पीटा

रायपुर/नवप्रदेश। कृष्णानगर टिकरापारा में पुरानी रंजिश को लेकर चार युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। शंकर खंडेलवाल 29 वर्ष संतोषीनगर टिकरापारा का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी गौरव गौतम, विकाश, सैलेश व रवि ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

गार्डन के पास खड़ी मोपेड पार

रायपुर/नवप्रदेश। कटोरातालाब उद्यान के पास खड़ी सुजूकी एक्सेस मोपेड को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थिया की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। रोशनी शर्मा 32 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी सुजूकी एक्सेस क्रमांक सीजी 04 एलएम 1213 को कटोरातालाब उद्यान के पास खड़ी की थी, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए मोपेड की कीमत 25 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थिया की शिकायत सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सरेआम शराब पीते 25 गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने नशेडियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 25 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। सरस्वती नगर पुलिस ने सांइस कॉलेज मैदान के पास सरेआम शराब पीते आरोपी इंद्रजीत सिंह 43 वर्ष व करण दीप सिंह 20 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह आमानाका पुलिस ने आरोपी मींटू वर्मा 30 वर्ष व सौरव सिंह 21 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं गोबरानवापारा पुलिस ने आरोपी राजेश ध्रुव 28 वर्ष एवं खमतराई पुलिस ने आरोपी राहुल बेरिसाल 27 वर्ष, डाकेवर प्रसाद सिन्हा 42 वर्ष व रवि पटनायक 40 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी योगेश देवांगन 42 वर्ष, रंजीत कुमार देवांगन 35 वर्ष, ईश्वर वर्मा 40 वर्ष, देवसुख वर्मा 41 वर्ष, पन्ना लाल बंछोर 47 वर्ष, लोकेश कुमार वर्मा 27 वर्ष, दूर्जन प्रताप ठाकुर 46 वर्ष, योगेश ताण्डी 27 वर्ष व दीवाकर 52 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी मुकेश साहू 35 वर्ष, गगन गुप्ता 26 वर्ष, त्रिनाथ सोना 30 वर्ष, जागेश्वर निर्मलकर 48 वर्ष व राजु यदू 36 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह अभनपुर पुलिस ने आरोपी शेखर सिन्हा 24 वर्ष, आरंग पुलिस ने आरोपी महेश देव राज 27 वर्ष, धरसींवा पुलिस ने आरोपी भुपेन्द्र पटेल 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

सीएम द्वारा गारमेंट फैक्ट्री लोकार्पित

बीजापुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सोमवार को ईटपाल स्थित बीजापुर गवर्नमेंट फैक्ट्री का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने गारमेंट फैक्ट्री में चल रहे कपड़ा निर्माण के कार्यों का निरीक्षण भी किया और यहां कार्यरत महिलाओं से बात की। बघेल ने फैक्ट्री से हरी झंडी दिखाकर बाजार के लिए तैयार उत्पादों की पहली खेप को रवाना किया। बीजापुर जिले में निवासरत ग्रामीणों की आजीविका का मुख्य स्त्रोत कृषि एवं वन आधारित है। तथा जिले में उद्योग नहीं होने के कारण ग्रामीण अन्य राज्यों में रोजगार के लिए पलायन को देखते हुए जिला प्रशासन बीजापुर द्वारा स्थिर आजीविका एवं महिला सशक्तिरण के लिए व्यवसायिक मॉडल के रूप में गारमेंट फेक्ट्री की स्थापना की गई। जो जिला प्रशासन द्वारा कम से कम लागत में ज्यादा से ज्यादा हितग्राहियों को रोजगार प्रदान करने व्यवसायिक मॉडल का एक उदाहरण है। जिसमें गारमेंट आधारित उद्योग ही कम समय कम लागत में स्थापित कर ज्यादा से ज्यादा हितग्राहियों को रोजगार दिया जा सकता है। गारमेंट फैक्ट्री की स्थापना के लिए देश के बड़े गारमेंट ब्रांड मिंत्रा, मैक्स, डिक्सी इत्यादि कंपनियों से चर्चा की गई है। जिसमें डिक्सी एवं मिंत्रा कंपनी के प्रतिनिधियों द्वारा जिले का भ्रमण किया गया और फैक्ट्री स्थापना की सहमति बनी। इस प्रकार गारमेंट फैक्ट्री को 6 करोड़ 90 लाख 27 हजार रुपए की लागत से बनाया गया है। गारमेंट फैक्ट्री में काम करने के लिए 800 महिलाओं की काउंसलिंग कर 200 हितग्राहियों को प्रशिक्षण प्रारंभ दिया गया।जून 2023 में डिक्सी कंपनी के साथ 05 वर्षों का अनुबंध कर 70 महिलाओं के साथ जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज में बनियान प्रॉडक्शन प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया।

छग महतारी की प्रतिमा का किया अनावरण

मुख्यमंत्री ने कलेक्टर कार्यालय परिसर में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा का अनावरण किया और पुष्पार्पित कर उन्हें नमन किया। अनावरण के उपरांत कहा कि छत्तीसगढ़ महतारी, छत्तीसगढ़ की अस्मिता, स्वाभिमान और सम्मान का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि सभी जिलों में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा लगाई जा रही है ताकि लोगों में अपनी संस्कृति को लेकर चेतना जागृत की जा सके। अपने तीज-त्यौहार, लोक परम्पराओं को जानने-समझने का भावी पीढ़ी को पर्याप्त अवसर मिले, यही हमारा प्रयास है। छत्तीसगढ़ सरकार अपनी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रही है। छत्तीसगढ़ के परंपरागत तिहारों का आयोजन किया जा रहा है। तीजा-पोरा, अक्ती, हरेली, छेरछेरा जैसे लोक जीवन के तिहारों को व्यापक स्तर पर मनाने की सार्थक पहल हुई है। बोरे-बासी को आज पूरा देश जानने लगा है। आदिवासी नृत्य महोत्सव, देवगुड़ी का कायाकल्प, आदिवासी परब सम्मान निधि जैसी पहल के माध्यम से जनजातीय संस्कृति को सम्मान दिलाने का काम किया गया है।

धान बेचने पंजीयन 31 अक्टूबर तक

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेशभर में धान खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन चालू है। इसके तहत किसान 31 अक्टूबर तक पंजीयन करवा सकते हैं। वहीं, इस बार नई व्यवस्था के साथ बायोमेट्रिक आधार पर ही पंजीयन व धान की खरीदी करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही किसानों को नामिनी का भी विकल्प दिया गया है, ताकि किसानों की अनुपस्थिति में उनके नामिनी धान की बिक्री आसानी से कृषि उपज मंडियों में कर सकें। नई व्यवस्था के तहत किसान अधिकतम पांच नामिनी तय कर सकते हैं, जो कि उनकी अनुपस्थिति में धान बेच सकेंगे। जिसमें उसकी मां, पिता, पति, पत्नी, पुत्र, दामाद, बेटी, बहू, सगे भाई, बहन व अन्य करीबी रिश्तेदार हो सकते हैं। इन सभी रिश्तेदारों के अलावा किसान किसी अन्य को नामिनी नियुक्त नहीं कर सकेगा। यह नई व्यवस्था बिचौलियों से बचने और धान की खरीदी बिक्री में हर वर्ष आ रही धांधली को देखकर लाई गई है।

आधार कार्ड जरूरी

नामिनी बनाने के दौरान किसान जिस किसी भी रिश्तेदार या फि र परिवार के किसी सदस्य को अपना नामिनी नियुक्त करता है, तो उसे उनका आधार कार्ड देना अनिवार्य होगा। वहीं, कृषि उपज मंडी में धान खरीदी से पहले उनका बायोमैट्रिक आथेंटिकेशन किया जाएगा, इसके बाद ही उक्त नामिनी धान बेच सकता है। इसके अलावा किसान के लिए भी यही व्यवस्था लागू होगी।

पंजीयन के लिए ये दस्तावेज जरूरी

किसानों को समर्थन मूल्य में धान बेचने के लिए पंजीयन करवाने पर ऋण पुस्तिका, बी-1, आधार नंबर और पासबुक होनी जरूरी है। पंजीयन करवाते समय ये सारे दस्तावेज की एक-एक छायाप्रति जमा करने पड़ेंगे। उपरोक्त दस्तावेज जमा करने के बाद ही किसान बिक्री कर सकेगा। दस्तावेजों के परीक्षण व सत्यापन के बाद सहकारी समिति द्वारा एकीकृत किसान पोर्टल में किसानों का पंजीयन किया जाएगा।

पीड़ित को भेंट कमोड चेयर

रायपुर/नवप्रदेश। समाज सेवा समिति टाटीबंद रायपुर की ओर से जरूतमंद कुमारी दास गीता नगर भानपुरी में निवास करते हैं।

कुछ समय पहले एक्सिडेंट होने से चलना फि रना मुश्किल हो गया। आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण परेशानी हो रही थी। इसकी भनक समाज सेवा समिति को होने पर कमोड चेयर और दवाई के लिए 1100 सौ रुपए नकदी भेंट की। समिति की ओर से हीरापुर आर्डिया बिल्डिंग में स्थिति एक दुकान से हर माह राशन सामग्री लेने की सुविधा प्रदान की गई। यह सेवा मनमीत सिंह की ओर से की गई।

रिटायर्ड आईएएस का मोबाइल हैक ठगों ने खाते से निकाले 20.82 लाख

रायपुर/नव्रदेश। रायपुर के राजेंद्रनगर क्षेत्र में रहने वाले रिटायर्ड आईएएस भानू प्रताप सिंह नेताम के मोबाइल को हैक कर शातिर साइबर ठगों ने उनके दो बैंक खाते से 20 लाख 82 हजार रूपये निकाल लिए। ठगी का यह मामला पिछले महीने अगस्त में घटी थी। ठगी के शिकार रिटायर्ड आइएएस की शिकायत की जांच के बाद शनिवार रात न्यू राजेंद्रनगर थाना पुलिस ने धोखाधड़ी का केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। न्यू राजेंद्रनगर पुलिस ने बताया कि आचमन गुरु घासीदास कालोनी न्यू राजेंद्रनगर निवासी रिटायर्ड आइएएस भानू प्रताप सिंह नेताम ने शिकायत दर्ज कराया कि उनके मोबाइल नंबर को हैक करके एयरटेल के सिम नंबर से पोर्ट करके शातिर ठगों ने सारी व्यक्तिगत जानकारी हासिल कर ली। फि र नौ से 15 अगस्त के बीच भारतीय स्टेट बैंक के खाते से रूपये 6.35 लाख रूपये और एक्सिस बैंक के खाते से 14.47 लाख रूपये निकाल लिए। इसका पता चलने पर नेताम ने 16 अगस्त को इसकी शिकायत साइबर पुलिस थाना सिविल लाइन में की थी, किंतु पुलिस ने जांच का हवाला देकर उस समय केस दर्ज नहीं किया।

ऐसे हुआ घटनाक्रम

रिटायर्ड आईएएस भानू प्रताप सिंह नेताम और उनकी पत्नी के नाम पर मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी में तीन बीमा पालिसी है। उन्होंने कंपनी के खिलाफशिकायत करने समक्ष अधिकारी का नाम एवं फोन नंबर मांगा तो वहां से लोकपाल के नाम से पंकज त्रिपाठी का नाम और फोन नंबर 9012207395 दिया। उस नंबर पर काल करने पर पंकज त्रिपाठी ने बताया कि आपके तीन बीमा की राशि 28.50 लाख रूपये मिलेगे। इसके लिए बताए अनुसार आप आरटीजीएस से रूपये भेजते रहेंगे तो आपको मिलने वाले रूपये के साथ वह भी वापस हो जाएगा। उसकी बातों में विश्वास करके नेताम रूपये भेजते गए और पंकज त्रिपाठी मिलने वाली राशि बढाते गया।

42 लाख मिलने का दिया झांसा

अंतिम राशि भेजने के नेताम को बताया गया कि अब उन्हें 42.50 लाख रूपये मिलेंगे। इस पर उन्होंने पंकज त्रिपाठी से लगातार संपर्क बनाए रखा पर कोई रकम नहीं मिली। हालांकि जितने बार उन्होंने पैसे भेजे उसका प्रीमेरिका लाइफइंश्योरेंस (4.33रूपये) मैक्स लाइफ इंश्योरेंस में दो पालिसी का पांच लाख रूपये और बजाज लाइफइंश्योरेंस की दो पालिसी भेजा गया। इन कंपनियों से फोन भी लगातार आते रहे। इस बीच नेताम ने आगे पालिसी जारी रखने में असमर्थता जताई। फोन की परेशानी को देखते हुए उन्होंने अपना नंबर बदलने के साथ बैंक खाता ब्लाक कराकर नया खाता खुलवा लिया, लेकिन अब उनके खाते में कुछ भी रकम शेष नहीं बचा है। ठगी के इस खेल में पंकज त्रिपाठी नामक ठग की मुख्य भूमिका है। पुलिस अब पंकज त्रिपाठी की पूरी कुंडली खंगाल रही है।

दुकान संचालक से मारपीट, केस दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। ग्राम सांकरा में उधार सामान नहीं देने पर दो युवकों ने किराना दुकान संचालक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर नेवरा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। गजेन्द्र ओगरे 25 वर्ष ग्राम सांकरा का रहने वाला है। प्रार्थी किराना दुकान चलाता है। आरोपी हीरालाल नौरंगे अपने दोस्त के साथ प्रार्थी के दुकान में आया और उधार सामान मांगा। जिससे प्रार्थी ने देने से मना किया तो आरोपियों ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर नेवरा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

हाथियों के हमले से मां-बेटी गंभीर, रायगढ़ रेफर

जशपुर/नवप्रदेश। ग्राम कंदईबहार में जंगली हाथी के हमले से मां-बेटी बुरी तरह से घायल हो गए हैं। दोनों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से उन्हें रायगढ़ रेफर कर दिया गया है। इस समय ओडिशा, झारखंड और छत्तीसगढ़ की सीमा पर स्थित तपकरा वन परिक्षेत्र में एक बार फि र से हाथियों का उत्पात शुरू हो गया है।

आज सुबह हाथियों ने मां और बेटी पर हमला कर दिया इससे दोनों बुरी तरह से घायल हो गए। दोनों की हालत नाजुक होने की सूचना मिलते ही फरसाबहार के एसडीएम भी पहुंचे और बेहतर उपचार के लिए दोनों को रायगढ़ भेजने की व्यवस्था कराई। घटना कंदईबहार गांव की है. गांव की रहवासी सुमिता पैंकरा 26 वर्ष और पहाती बाई 47 वर्ष सोमवार की सुबह शौच के लिए गांव के समीप स्थित जंगल में गए हुए थे। स्थानीय रहवासियों के अनुसार इसी दौरान मां बेटी का सामना हाथियो से हो गया। हाथी को देख कर, उन्होंने भागने का प्रयास किया। लेकिन हाथी ने दौड़ा कर दोनों को सूंड में लपेट कर जमीन में पटक दिया। घायलों के सिर और पेट में गंभीर चोट आई है।

युवक की चाकू मारकर हत्या, तीन गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के उरला थाना क्षेत्र में 24 वर्षीय युवक अमन बंजारे की बीते शुक्रवार 15 सितबंर को चाकू मार उसके ही साथियों ने हत्या कर दी थी। हत्या करने के बाद आरोपित फरार हो गए थे। पुलिस ने युवक अमन बंजारे की हत्या मामले में 3 फरार आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या का मास्टर माइंड आरोपित राजू साहू उर्फ गोलू समेत सुनील पाल उर्फगड्डी और अजय टंडन उर्फ चीची को गिरफ्तार किया गया है। पूरा मामला उरला थाना क्षेत्र के सतनामीपारा की है।

बता दें कि तीन आरोपित को पुलिस ने बेमेतरा के बेरला समेत अलग-अलग जिले से गिरफ्तार किया है। दरअसल, उरला थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अमन बंजारे ने अपने दो साथियों गोलू और एक अन्य के साथ सतनामी मोहल्ला में शराब पी थी। इसके बाद पुरानी बात पर गोलू और अमन के बीच विवाद होने लगा। विवाद की वजह अवैध संबंध बताई जा रही थी। इस बीच गोलू ने अपने साथी के साथ मिलकर अमन के जांघ और कमर में चाकू से हमला किया था। जिसके बाद मृतक युवक अमन को को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया था जहां उसकी मौत हो गई थी। जानकारी के अनुसार मृतक और आरोपित 19 अगस्त को अलग-अलग मामले में जेल गए थे। और हत्या से एक दिन पहले ही आरोपित जेल से छूटकर आए थे। जिसके बाद शुक्रवार की शाम लगभग चार बजे आरोपितों ने मृतक अमन के साथ शराब पी थी और उसके बाद हत्या कर दी थी।

ओवरटेक के चक्कर में बाइक सवार की मौत

रायपुर/नवप्रदेश। जामुल थााना क्षेत्र के जामुल बस्ती दुर्गा माता मंदिर के निकट आज सुबह एक ट्रक को ओवरटेक करने के चक्कर में बाइक सवार युवक ट्रक की चपेट में आ गया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना से नाराज लोगों ने इस मार्ग में चक्काजाम कर उग्र प्रदर्शन किया। पुलिस ने बताया कि हादसा आज सुबह 9:30 बजे के आसपास जामुल बस्ती दुर्गा मंदिर के पास हुआ। एक 14 चक्का ट्रक को ओवरटेक करते हुए दुपहिया वाहन सवार युवक चपेट में आ गया । इस दुर्घटना में युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि दूसरे घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के 3 घंटे बाद भी आक्रोशित भीड़ सड़क पर जमी हुई है स्थिति को नियंत्रित करने के लिए जामुल पुलिस मौका स्थल पर तैनात है।

तलवार लेकर आतंक फैलाते दो गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। मोवा व खमतराई पुलिस ने चाकू व तलवार लहराकर आतंक फैलाते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मोवा पुलिस ने दलदल सिवनी के पास आतंक फैलाते हुए आरोपी फैजान खान 19 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से चाकू जब्त किया है। इसी तरह खमतराई पुलिस ने घासपारा में तलवार लेकर आतंक फैलाते हुए आरोपी सन्नी हरपाल 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से तलवार जब्त किया है।

अवैध शराब बेचते तीन गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के तीन अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अवैध शराब बेचते तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 62 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 440 रुपए जब्त किया है। मोवा पुलिस ने विज्ञान केंद्र के पास दलदल सिवनी में अवैध शराब के साथ आरोपी जुबेर अली 19 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 32 पाव देशी शराब जब्त किया है। इसी तरह खरोरा पुलिस ने ग्राम बैहराडीह में दबिश देकर आरोपी कुमार अंनत 40 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 19 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 220 रुपए जब्त किया है। वहीं राखी पुलिस ने ग्राम कुहेरा बाजार चौक के पास आरोपी राजा जोशी 21 वर्ष के पास से 11 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 220 रुपए जब्त किया है।

कलिंगा में अनलॉकिंग अपॉर्चुनिटीज पर संवादात्मक सत्र आयोजित

रायपुर/नवप्रदेश। कलिंगा विश्वविद्यालय ने छात्रवृत्ति के साथ संयुक्त राज्य अमेरिका में उच्च शिक्षा हासिल करने के लिए आवश्यक ज्ञान के साथ अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक परिवर्तनकारी कार्यक्रम की मेजबानी की। इस कार्यक्रम में यूएस एजुकेशन इंडिया फाउंडेशन का प्रतिनिधित्व करने वाली डॉ. डेबोरा रोसारियो द्वारा आयोजित एक ज्ञानवर्धक सत्र शामिल था। छात्र कल्याण के अधिष्ठाता डॉ. जैस्मीन जोशी द्वाराअंतर्राष्ट्रीय छात्रों को उनके शैक्षणिक कार्यों में सहयोग देने के लिए विश्वविद्यालय के समर्पण पर जोर दिया।

डॉ. जोशी के प्रोत्साहक शब्दों ने एक आकर्षक और प्रबुद्ध सत्र के लिए रुपरेखा निर्धारित की। अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा के क्षेत्र में विशेषज्ञ डॉ. डेबोरा रोसारियो ने एक व्यावहारिक सत्र का नेतृत्व किया। उन्होंने आवेदन प्रक्रिया पर मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान की, सफल अनुप्रयोगों के लिए आवश्यक विभिन्न दस्तावेजों और लेखन को स्पष्ट किया और और छात्रों को छात्रवृत्ति पर शोध करने और विभिन्न देशों में रहने की लागत को समझने के लिए आवश्यक वेबसाइटों से परिचित कराया। उनकी विशेषज्ञता ने उपस्थित लोगों को अमेरिका में अपनी शैक्षिक यात्रा शुरू करने के लिए अच्छी तरह से तैयार और प्रेरित किया।

कार्यक्रम की संवादात्मक प्रकृति उपस्थित लोगों द्वारा पूछे गए अनेक प्रश्नों के माध्यम से स्पष्ट थी। डॉ. रोसारियो ने प्रत्येक प्रश्न को धैर्यपूर्वक संबोधित किया और यह सुनिश्चित किया कि छात्रों को उपलब्ध अवसरों की स्पष्ट समझ हो। अंतर्राष्ट्रीय छात्र समन्वयक परविंदर शेष ने कार्यक्रम को सफल बनाने में उनके प्रयासों के लिए उपस्थित लोगों, डॉ. रोसारियो और आयोजन टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए हार्दिक धन्यवाद के साथ इस कार्यक्रम का समापन किया।

कलिंगा विश्वविद्यालय, रायपुर मध्य भारत में एक प्रसिद्ध शैक्षणिक संस्थान है और उच्च शिक्षा में उत्कृष्टता के केंद्र के रूप में उभरा है। विश्वविद्यालय न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करता है बल्कि छात्रों के समग्र विकास पर भी जोर देता है।

संपादकीय

भारतीय टीम का अभूतपूर्व प्रदर्शन

श्रीलंका में हुए एशिया कप के फाइनल मैच में भारतीय क्रिकेट टीम ने अभूतपूर्व प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबले में श्रीलंका को बुरी तरह से मात देकर भारत ने आठवीं बार एशिया कप पर अपना कब्जा किया। इसी के साथ ही भारतीय क्रिकेट टीम ने आठ बार एशिया कप जीतने का कीर्तिमान भी बना डाला। फाइनल मैच में भारतीय तेज गेंदबाजों ने ऐसी घातक गेंदबाजी की श्रीलंका की पूरी टीम मात्र 50 रनों पर ही ढेर हो गई। उसके दो बल्लेबाज ही दहाई का आकंड़ा पार पाए पांच बल्लेबाज तो शून्य पर ही आउट हो गए। भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने अपने क्रिकेट कैरियर का सबसे शानदार प्रदर्शन किया। और मात्र 20 रन देकर छह विकेट झटक लिए और श्रीलंका टीम की कमर तोड़ डाली। हार्दिक पाण्डेया ने भी तीन विकेट चटकाए। जबकि एक विकेट जसप्रीत बुमराह ने लिया। पूरे दस विकेट तेज गेंदबाजों के खाते में गए जो यह बताता है कि अब भारतीय क्रिकेट टीम की गेंदबाजी कितनी खतरनाक हो चुकी है। 50 रनों का मामूली लक्ष्य भारतीय क्रिकेट टीम ने मात्र छह ओवरों में बिना कोई विकेट खोए पूरा कर लिया। इसी के साथ श्रीलंका पर अब तक की सबसे बड़ी जीत दर्ज की वहीं श्रीलंका को सबसे बड़ी हार का सामना करना पड़ा। इसके पूर्व भारतीय क्रिकेट टीम ने पाकिस्तान को भी बूरी तरह पराजीत किया था। वह भी पाकिस्तान की सबसे बड़ी हार थी। इस पूरे टूर्नामेंट में भारतीय स्पीनरों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। भारतीय स्पीनर कुलदीप यादव ने जहां पाकिस्तान के खिलाफ सुपर फोर के मुकाबले में पांच विकेट लिए वहीं श्रीलंका के खिलाफ भी उन्होंने चार विकेट लिए थे।

इन दोनों ही मैच में भारत को शानदार जीत मिली थी। उसका श्रेय कुलदीप यादव को ही जाता है। जिन्हें पूरे टूर्नामेंट में सर्वाधिक 9 विकेट लेने पर मैन ऑफ द मैच मिला है। कुल मिलाकर एशिया कप में भारतीय क्रिकेट टीम ने दुनिया के सभी टीमों के पेशानी पर बल डाल दिया है। खास तौर पर भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की आग उगलती गेंदों से तो दुनिया के बड़े से बड़े बल्लेबाज भी अब खौफ खाएंगे। भारतीय क्रिकेट टीम को एक लंबे समय के बाद ऐसा घातक तेजगेंदबाज मिला है। वे अपने दम विपक्षी टीम के आधे खिलाड़ियों को पवेलियन लौटा सकता है। निश्चित रूप से मोहम्मद सिराज ने शानदार प्रदर्शन किया है और सबसे कम गेंदो में सर्वाधिक छह विकेट लेने के कीर्तिमान की भी बराबरी कर ली है। मोहम्मद सिराज के इस प्रदर्शन ने ना सिर्फ क्रिकेट प्रेमियों को बल्कि सचिन तेंदूलकर जैसे क्रिकेटरों को भी अपना मुरिद बना लिया है। मोहम्मद सिराज भारतीय क्रिकेट टीम के लिए वर्ल्ड कप में तुरूप का इक्का साबित हो सकेत है। भारतीय तेज गेंदबाज हो या स्पीनर या भारत के ओपनिंग बेस्टमैन हो या मध्यक्रम के बल्लेबाज सभी इन दिनों बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। अलबत्ता पूरे टूर्नामेंट के दौरान कई मैचो में भारतीय क्षेत्र रक्षण की कमजोरी जरूर सामने आई।

कई आसान कैच छूट गए। क्षेत्ररक्षण के मामले में भारतीय क्रिकेट टीम को और ज्यादा सुधार करने की आवश्यकता है। बैटिंग और बालिंगि तो भारतीय टीम की जोरदार है यदि वह अपनी फिल्डिंग भी बेहतर कर ले तो दुनिया की किसी भी टीम को वह आसानी से मात दे देगी। ऐसे में भारत में ही होने वाले वर्ल्ड कप में भारतीय क्रिकेट से मुकाबला करना अन्य टीमों को बहुत भारी पड़ेगा। भारतीय क्रिकेट टीम का यह उत्कृष्ट प्रदर्शन यह उम्मीद जगाता है कि जिस शानदार तरीके से वर्ल्ड एशिया कप पर कब्जा किया है। वैसा ही प्रदर्शन बरकरार रखकर वे एक बार फिर वर्ल्ड कप पर भी कब्जा करने में कामयाब होंगे।

राष्ट्र चिंतन

युवा शक्ति की अभिप्रेरणा, विश्व में श्रेष्ठ और अग्रणी भारत बनाने का प्रयोजन

संजीव ठाकुर

स्वामी विवेकानंद सदैव युवा शक्ति के प्रेरणा स्रोत रहे हैं।उन्होंने कहा है की मुझे कुछ साहसी और ऊर्जावान युवा पुरुष मिल जाए, तो मैं देशभर में क्रांति ला सकता हूं। स्वतंत्रता के बाद भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री, इंदिरा गांधी और कर्तव्यों से युवा ऊर्जावान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा युवाओं को आगे बढ़ाने और उन पर सदैव भरोसा करने वाली नीतियां बनाते आए हैंद्य और हमेशा युवाओं पर भरोसा किया हैद्य स्वतंत्रता संग्राम में भी मंगल पांडे ,लक्ष्मीबाई, भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस, चंद्रशेखर आजाद, अशफाक उल्ला खान, राम प्रसाद बिस्मिल, खुदीराम बोस आदि युवाओं ने अपना सब कुछ न्योछावर कर देश को आजादी दिलाई थीद्य स्वतंत्रता के बाद भी भारत पर पाकिस्तान और चीन ने अनावश्यक आक्रमण कर भारत पर मानसिक दबाव डालना चाहा,पर भारत के नौजवान सैनिकों ने जिस साहस और वीरता के साथ सामना कर विजय प्राप्त की थी वह अत्यंत प्रशंसनीय एवं आदर्श का कार्य है। कारगिल युद्ध में भी भारत के नौजवान अधिकारी, सैनिकों ने पाकिस्तान को हराकर एक विजय गाथा लिखी थी। भारत के युवा गौरव की विजय गाथा किसी से छुपी नहीं है। भारत के युवा लोगों ने बुजुर्ग विद्वानों, दार्शनिकों और वैज्ञानिकों के मार्गदर्शन में देश भक्ति के अलावा अध्यात्म, धर्म,साहित्य, विज्ञान,कृषि तथा उद्योगों में पूरे विश्व में भारत का नाम रोशन किया है। भारत के युवाओं ने यूरोप में अपने परिश्रम और लगन इमानदारी से अपना परचम फैलाया है। मैक्स मूलर ने ली भारत की युवा शक्ति की सराहना करते हैं भारत को एक युवा इस निरूपित कर भविष्य की असीम संभावनाओं की ओर इंगित किया है। भारत एक युवा राष्ट्र है ।और उसमें असीम संभावनाएं अंतर्निहित हैं ।वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवा शक्ति को चिन्हित कर सभी युवाओं का आह्वान कर युवा शक्ति को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया है। और यही कारण है की युवा शक्ति के साहस और संकल्प में जापान ओलंपिक 2020 में 7 मेडल लाकर एक इतिहास रचा है। राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त ने भी लिखा है कि

देखो हमारा विश्व में कोई नहीं उपमान था,
नरदेव थे हम और भारत देवलोक के समान था÷

भारत की महान उपलब्धियों में देश की युवा शक्ति का बहुत बड़ा योगदान है। आज आई, आई, एम, आई,आई,टी, ऑल इंडिया मेडिकल इंस्टिट्यूट तथा देश के अन्य शैक्षणिक संस्थाओं से जुड़े छात्र छात्राओं के शोध और अविष्कार के चलते भारत तेजी से विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर हो रहा है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की युवा सोच और दृढ़ संकल्प लें भारत के युवाओं में एक ऊर्जा प्रेरणा और मार्गदर्शन प्रदान किया है। यह अलग मुद्दा है कि स्वतंत्रता के बाद हमारी शिक्षा नीति ने लाखों बेरोजगार लोगों को जन्म दिया है । बेरोजगारी के दंश ने युवा शक्ति को काफी पीछे धकेल दिया है। पर नई शिक्षा नीति के आने से युवा अपने रोजगार तलाशने की ओर आगे बढ़ रहे हैं। भारत की विशाल जनसंख्या एक बड़ा रुकावट का कारण भी है। और यदि युवा संकल्प लें तो अपना निजी उद्योग और निजी व्यवसाय कर के भारत राष्ट्र को एक नई दिशा तथा सन्मार्ग प्रदान कर सकते हैं। 1979 में जयप्रकाश नारायण ने युवा शक्ति को लेकर एक बड़ा आंदोलन चलाया था। और बिहार में सत्ता परिवर्तन की हुआ था। हरिवंश राय बच्चन ने भी अपनी कविताओं में युवाओं को समझाइश दी थी,

युग का युवा मत देख दाएं बाएं,
झांक मत बगले, अगर कुछ देखना है,
देखअपने वे वृषभ कंधे, जिन्हें देता चुनौती,
सामने तेरे खड़ा है युग का जुआ।

(यहां जुआ उस लकड़ी को कहते हैं जो हल चलाने के दौरान बैलों के कंधों पर रखी जाती है) सच में देश का युवा वर्ग जाग जाए और रचनात्मक कार्यों में जुड़ जाए तो देश को समृद्ध उन्नत होने से कोई नहीं रोक सकता। हमें और हमारे युवाओं को स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और विवेकानंद से सीख लेकर भारत को एक नए युग की ओर ले जाना चाहिए। क्योंकि भारत का 60प्रतिशत युवा इस देश में युग परिवर्तन और भारत की दशा और दिशा को अभिप्रेरित कर सकता है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा है कि खुद वो बदलाव बनिए, जो दुनिया में आप में देखना चाहतें है।

(लेखकः स्तंभकार, चिंतक, लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़)

योगेश मिश्र

सनातन धर्म नहीं आत्मा है

प्यू रिसर्च इंस्टिट्यूट के आंकड़ों के अनुसार सन 51 से भारत में धार्मिक संरचना में कोई बदलाव नहीं हुआ है। 1947 में देश के विभाजन के बाद भारत की जनसंख्या तीन गुना से अधिक हो गई है। रिसर्च में पाया गया कि इस अवधि के दौरान भारत में हर प्रमुख धर्म की संख्या में वृद्धि देखी गई। बहरहाल, मान्यताओं, आस्थाओं और विश्वास पर प्रहार कतई सही नहीं ठहराया जा सकता। एक वैज्ञानिक दृष्टिकोण से कुरीतियों, अंधविश्वासों, कर्मकांडों को अवश्य दूर किया जाना चाहिए। इन्हीं में जात-पांत भी शामिल है। पर यह तो ईसाईयत और इस्लाम में भी है। सनातन कहे जा रहे धर्म में राजा राम मोहन राय, स्वामी विवेकानंद, महात्मा गाँधी, रामकृष्ण परमहंस जैसे महापुरुषों ने इसी दिशा में काम किया। पर सवाल उठता है कि पश्चिमी देशों में धर्म से जुड़ी बुराइयों को दूर करने में कितनों ने अथक प्रयास किये। ईसाईयत तो यह सहन भी कर लेता है। पर इस्लाम हमेशा खतरे में आ जाता है। यहूदियों ने तो खुद को पवित्रता और रेस में इस तरह जकड़ रखा है कि खंडन मंडन के लिए इनके पास भी कोई जगह नहीं है। यानी इन तीनों धर्मों व उनके अनुयायियों में धार्मिक सहिष्णुता है ही नही। यह केवल सनातन कहे जाने वाले हिंदू धर्म में ही है, जहां वाद- विवाद को जगह है। जहां शास्त्रार्थ की परंपरा है। पर जिस तरह पिद्दी पिद्दी भर के लोग सनातन पर हमलावर हो रहे हैं। उससे तो अब लगता है कि सहिष्णुता को कायरता माना जाने लगा है।

सनातन धर्म अचानक राजनितिक विमर्श और रणनीति के केंद्र में आ गया है। हालिया शुरुआत तमिलनाडु से हुई है, जहाँ द्रमुक नेता अचानक बिना किसी सन्दर्भ के सनातन पर हमलावर हो चले। बात वहां से शुरू हुई और पूरे देश में फैल गयी। तमिलनाडु के लिए यह कोई नई बात भी नहीं है। दरअसल, तमिल समाज दशकों से ईवी रामास्वामी पेरियार, डीएमके संस्थापक सीएन अन्नादुरई और अन्य नेताओं को सुनता और सीखता रहा है। ये धर्म, जाति पदानुक्रम, ब्राह्मणवादी आधिपत्य, जाति, धार्मिक, लिंग उत्पीड़न आदि के मुखर आलोचक रहे हैं। उदाहरण के लिए द्रविड़ आइकन पेरियार के इस उद्धरण को ही देखें - ÷कोई भगवान नहीं है। जिसने भगवान को बनाया वह मूर्ख है; जो उसका नाम फैलाता है वह बदमाश है और जो उसकी पूजा करता है वह जंगली है। तमिलनाडु के सीएम के पुत्र तथा राज्य के मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने 'सनातन धर्म को मिटाने' की आवश्यकता पर टिप्पणियाँ की, जिस पर देश भर से तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की गयी। इन टिप्पणियों को 'हिंदुओं का अपमान' बताया गया। लेकिन तमिलनाडु में इस मंत्री और उनकी बातों की ज्यादा आलोचना नहीं हुई। क्योंकि उनके शब्दों की जड़ें राज्य के राजनीतिक और सांस्कृतिक लोकाचार में निहित हैं।

दरअसल, तमिलनाडु की सत्तारूढ़ पार्टी द्रविड़ मुनेत्र कड़गम की जड़ें पेरियार द्वारा शुरू किए गए स्वाभिमान आंदोलन में हैं। 20वीं सदी के शुरुआती आंदोलन ने जाति और धर्म के विरोध का समर्थन किया। खुद को सामाजिक बुराइयों के खिलाफ एक तर्कवादी आंदोलन के रूप में स्थापित किया। वर्षों से, इन आदर्शों ने राज्य की राजनीति को प्रभावित किया है, जिसमें द्रमुक और आंदोलन से उभरी अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम पार्टियां भी शामिल हैं। पेरियार जाति और धर्म के घोर विरोधी थे। उन्होंने जाति और लिंग से संबंधित प्रमुख सामाजिक सुधारों की वकालत की। तमिल राष्ट्र की विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान पर जोर देते हुए हिंदी के वर्चस्व का विरोध किया। 1938 में जस्टिस पार्टी, जिसके पेरियार सदस्य थे, और आत्म-सम्मान आंदोलन एक साथ आये। 1944 में नये संगठन का नाम द्रविड़ कषगम रखा गया जो ब्राह्मण विरोधी, कांग्रेस विरोधी और आर्य विरोधी यानी उत्तर भारतीय विरोधी था। उन्होंने एक स्वतंत्र द्रविड़ राष्ट्र के लिए आंदोलन चलाया। इसी विचारधारा के तहत सनातन पर हमला है।

सनातन शब्द का ही मतलब है कि जो कालातीत है - जिसका न तो समय में आरंभ है, न ही अंत। सनातन वह है जो निराकार, अनंत, नामहीन, गुणहीन और अपरिवर्तनीय है।सनातन धर्म का उल्लेख गीता में है। गीता में श्री कृष्ण कहते हैं-

अच्छेद्योऽयमदाह्योऽयमक्लेद्योऽशोष्य एव च।
नित्यः सर्वगतः स्थाणुरचलोऽयं सनातनः ।।

अर्थात - हे अर्जुन! जो छेदा नहीं जाता। जलाया नहीं जाता। जो सूखता नहीं। जो गीला नहीं होता। जो स्थान नहीं बदलता। ऐसे रहस्यमय व सात्विक गुण तो केवल परमात्मा में ही होते हैं। जो सत्ता इन दैवीय गुणों से परिपूर्ण हो। वही सनातन कहलाने के योग्य है। इस श्लोक के माध्यम से भगवान कृष्ण कहते हैं कि जो न तो कभी नया रहा। न ही कभी पुराना होगा। न ही इसकी शुरुआत है। न ही इसका अंत है। अर्थात ईश्वर को ही सनातन कहा गया है।

यानी साफ़ है कि सनातन शब्द वेदों से नहीं आया है, सनातन का पहला उल्लेख श्रीमद्भागवत गीता में मिलता है। जिसका मतलब आत्मा के ज्ञान से है। जो शाश्वत है। पुनर्जन्म की बात करता है। शाश्वत शब्द का इस्तेमाल जैन बौद्ध धर्मों में भी है। क्योंकि ये धर्म पुनर्जन्म में विश्वास करते हैं। इस्लाम, यहूदी व ईसाई धर्म में सनातन का ज़िक्र नहीं है। क्योंकि ये पुनर्जन्म में विश्वास नहीं करते । इन धर्मों में स्वर्ग या नर्क के बाद कुछ भी नहीं हैं। जो पुण्य करेगा वह स्वर्ग पायेगा। जो पाप करेगा वह नर्क पायेगा। यह व्याख्या इन तीनों धर्मों को नैतिक तो बनाती है। पर धार्मिक नहीं बना पाती है। भारत के तीनों धर्म- हिंदू, जैन, बौद्ध मोक्ष की बात करते है।यह स्वर्ग व नर्क से ऊपर की बात है। यही हमें सनातन बनाती है। सनातन बताती है। हिंदू धर्म बारह हज़ार साल पुराना है। जबकि कुछ पुराणिक मान्यताओं के अनुसार हिंदू धर्म नब्बे हज़ार साल पुराना है।इस्लाम 1400 साल पूर्व , यहूदी व ईसाई धर्म 2000 ईसा पूर्व , जैन बौद्ध 500 ईसा पूर्व के धर्म हैं। ईसाई, यहूदी, इस्लाम का कालखंड इतना नहीं है कि यह उनको सनातन बना पाये।यही नहीं, सनातन किसी एक परंपरा या व्याख्या में विश्वास करने वाला विचार नहीं है। सनातन युग में लिखे गये ग्रंथों में वर्ण स्वीकार किया गया है। वर्ण यानी वर्ग। जाति नहीं। जाति व्यवस्था का कोई आधार आध्यात्मिक नहीं है। यह पेशागत है। जाति को कोई दैवीय, वैदिक या उपनिषदीय मान्यता नहीं है।

अठारहवीं सदी की शुरूआत में सनातन और नूतन की पहली पहली बहस बंगाल में छिड़ी। अंग्रेज़ी पढ़े लिखे लोगों के नूतन वर्ग ने सती प्रथा, बाल विवाह जैसी प्रथाओं को ख़त्म करने की माँग की। यह बहस तीन दशक तक चली। फिर पुनर्जागरण की शुरूआत हुई। वैसे तो सनातन का रिश्ता केवल आत्मा से है। पर इसे धर्म से जोड़ कर देखने की समझ चल निकली। सनातन को हिन्दू धर्म से जोड दिया गया। बताया गया कि यह एक जीवन पद्धति है। ऋग्वेद एवं अन्य वेदों में 'सनत धर्म' और 'प्रथम धर्म' शब्दों का प्रयोग किया गया है। सत्य, ऋत, धर्म और यज्ञ को प्रथम धर्म कहा गया है। जिन नियमों से समस्त ब्रह्मांड गतिशील हैं, उन्हें ही सनातन धर्म कहते हैं। मनुष्यों का धर्म उसी का एक अंग है। महात्मा गांधी ने स्वयं को पक्का सनातनी हिन्दू कहा है। उनके अनुसार हिन्दू वह है जो यह मानता है कि वेद सृष्टि के आरम्भ से हैं और वे सर्वपूज्य हैं, कर्मफल अटल और अनिवार्य है, ईश्वर सर्वत्र व्याप्त है, प्रत्येक जीव में ईश्वर का अंश है, अहिंसा ही परम धर्म है।मध्यप्रदेश की एक जनसभा में मोदी ने दावा किया कि सनातन धर्म ने महात्मा गाँधी को छुआ-छूत प्रथा के खिलाफ लड़ने की प्रेरणा दी। गांधी से जुड़कर यह मुद्दा और धारदार बनता है। अपनी किताब कास्ट प्राइड : बैटिल्स फ़ॉर इक्वालिटी इन हिंदू इंडिया में मनोज मिट्टा लिखते हैं कि महात्मा गांधी ने रुढिवादिता से मुक़ाबला करने के लिए खुद को सोच समझ कर सनातनी के तौर पर पेश किया था।

बहरहाल, एक और पहलू ध्यान देने योग्य है ङ्क धार्मिकता का। सच्चाई ये है कि सन 81 के एक सर्वे में पता चला था कि दुनिया की 60 फीसदी आबादी वाले 49 देशों में लोगों में धर्म के प्रति झुकाव बढ़ा नहीं है बल्कि - अधिकांश उच्च आय वाले देश कम धार्मिक होते जा रहे थे। 2007 के बाद से चीजें आश्चर्यजनक गति से बदल गई हैं। 2007 से 2020 तक इन्हीं देशों का भारी बहुमत (49 में से 43) कम धार्मिक हो गया। ये भारी बहुमत अब सिर्फउच्च आय वर्ग तक तक सीमित नहीं है। मिसाल के तौर पर ईरान जैसे देश में आम जन के बीच धार्मिक झुकाव घट रहा है।आस्था या विश्वास में यह गिरावट उच्च आय वाले देशों में सबसे मजबूत है । लेकिन भारत में ऐसा कुछ नहीं है। प्यू रिसर्च इंस्टिट्यूट के आंकड़ों के अनुसार सन 51 से भारत में धार्मिक संरचना में कोई बदलाव नहीं हुआ है। 1947 में देश के विभाजन के बाद भारत की जनसंख्या तीन गुना से अधिक हो गई है। रिसर्च में पाया गया कि इस अवधि के दौरान भारत में हर प्रमुख धर्म की संख्या में वृद्धि देखी गई।

बहरहाल, मान्यताओं, आस्थाओं और विश्वास पर प्रहार कतई सही नहीं ठहराया जा सकता। एक वैज्ञानिक दृष्टिकोण से कुरीतियों, अंधविश्वासों, कर्मकांडों को अवश्य दूर किया जाना चाहिए। इन्हीं में जात-पांत भी शामिल है। पर यह तो ईसाईयत और इस्लाम में भी है। सनातन कहे जा रहे धर्म में राजा राम मोहन राय, स्वामी विवेकानंद, महात्मा गाँधी, रामकृष्ण परमहंस जैसे महापुरुषों ने इसी दिशा में काम किया। पर सवाल उठता है कि पश्चिमी देशों में धर्म से जुड़ी बुराइयों को दूर करने में कितनों ने अथक प्रयास किये। ईसाईयत तो यह सहन भी कर लेता है। पर इस्लाम हमेशा खतरे में आ जाता है। यहूदियों ने तो खुद को पवित्रता और रेस में इस तरह जकड़ रखा है कि खंडन मंडन के लिए इनके पास भी कोई जगह नहीं है। यानी इन तीनों धर्मों व उनके अनुयायियों में धार्मिक सहिष्णुता है ही नही। यह केवल सनातन कहे जाने वाले हिंदू धर्म में ही है, जहां वाद- विवाद को जगह है। जहां शास्त्रार्थ की परंपरा है। पर जिस तरह पिद्दी पिद्दी भर के लोग सनातन पर हमलावर हो रहे हैं। उससे तो अब लगता है कि सहिष्णुता को कायरता माना जाने लगा है।

(लेखक पत्रकार हैं।)

QUIZ TIME

1) मोहनजोदड़ो को किस नाम से भी जाना जाता हे?

2) हाल ही में अक्टूबर 2023 मे होने वाले 37 वें राष्ट्रीय खेल कहाँ आयोजित किया जाएगा?

3) रक्त के जमने में किस आयन की भूमिका होती है?

4) महाराष्ट्र सरकार ने किसे स्माइल एंबेसडर बनाया है?

5) मद्रास उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को किसे नियुक्त किया गया?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) मोहेंजोदाड़ो (2) गोवा (3) कैल्शियम आयन (4) सचिन तेंदुलकर (5) संजय विजयकुमार गंगापुरवाला

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -190

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

ऊपर से नीचे

1. बेफ्रिक, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 189 का हल

मा	म	ला	■	सि	वा	य	■	कि
लि	■	चा	ह	त	■	म	म	ता
क	सू	र	■	म	ग	न	■	ब
■	र	■	■	■	द	■	■	■
क	मा	न	■	पा	र	स	■	स
मी	■	म	जा	ल	■	न	क	ली
ना	दा	न	■	ना	र	द	■	का
■	मि	■	■	■	तौं	■	■	■
सु	नी	ल	■	अ	धी	र	■	जी

आज का पंचांग (शुक्रवार, 15 सितम्बर)

सूर्योदय:06:17, सूर्यास्तः 06:25, चन्द्रोदय:08:45, चन्द्रास्त:20:04, अयन दक्षिणायणे (उत्तरगोलीय), ऋतुः शरद, शक सम्वतः 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वतः 2080 (पिंगल), मास भाद्रपद, पक्ष शुक्ल, तिथि चतुर्थी, नक्षत्र स्वाती, योग इन्द्र (04:24 से वैधृति), प्रथम करण गर (12:39 तक), द्वितीय करण वणिज (01:14 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य कन्या, चंद्र तुला, मंगल कन्या (अस्त, पश्चिम, मार्गी), बुध सिंह (उदित, पश्चिम, वक्री), गुरु मेष (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र कर्क (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि कुम्भ (उदित, पूर्व, वक्री), राहु मेष, केतु तुला।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त 11:46 से 12:35,अमृत काल 04:23 से 06:06, रवियोग 12:08 से 06:03, विजय मुहूर्त 14:14 से 15:03, गोधूलि मुहूर्त 18:19 से 18:43, सायाह्न सन्ध्या 18:19 से 19:30, निशिता मुहूर्त 23:48 से 00:35, ब्रह्म मुहूर्त 04:29 से 05:16, राहुकाल 15:00 से 16:30, राहुवास उत्तर-पश्चिम, यमगण्ड 10:39 से 12:11, होमाहुति सूर्य (12:08 से बुध), दिशाशूल पूर्व, अग्निवास पाताल (12:39 से पृथ्वी), भद्रावास पाताल (01:14 से), चन्द्रवास पश्चिम, शिववास सभा में (12:39 से क्रीड़ा में)।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष- अधिकांश कार्यो में विजय दिलाने वाला रहेगा। दिन के आरंभ में आकस्मिक धन लाभ से उत्साह बढेगा कार्यो को अधिक समर्पण के साथ करेंगे।

वृष-आज के दिन आप पिछले कुछ दिनों की अपेक्षा मानसिक रूप से हल्कापन अनुभव करेंगे। सामाजिक क्षेत्र पर परिवार के सहयोग से नाम और काम दोनों मिलेगा।

मिथुन-आज के दिन आपकी बुद्धि विवेक जाग्रत होने से प्रत्येक कार्य सोच समझ कर ही करेंगे।

कर्क-आज के दिन आस-पास का वातावरण आपकी सोच के विरुद्ध रहने से आप क्रोध आवेश से भरे रहेंगे। हास्य भरी बातो को भी प्रतिष्ठा से जोड़ने पर टकराव की स्थिति बनेगी।

सिंह-आज के दिन आप अपनी एवं परिवार की महात्त्वकांक्षाओ को पूर्ण करने का पूरा प्रयास करेंगे।

कन्या-आज दिन के आरम्भ में आप प्रत्येक कार्यो से मन चुरायेंगे आलस्य अधिक रहने से दैनिक कार्य भी विलम्ब से पूर्ण होंगे।

तुला-आज के दिन आपके अंदर चंचलता एवं भावुकता अधिक रहेगी। आपसे कोई भी व्यक्ति अपना स्वार्थ आसानी से सिद्ध कर लेगा चाहकर भी किसी को ना नही कर सकेंगे।

वृश्चिक-आज प्रत्येक कार्य मे अधिक सतर्कता बरतने की सलाह है। आपसी संबंधों को लेकर भी गंभीर रहे ।

धनु-आज के दिन आपको कही ना कही से अचानक धन की प्राप्ति होगी। नियमित होने वाली आय के साथ ही अतिरिक्त आय भी बना लेंगे।

मकर-आज का दिन शुभ फलदायी है। दिन के आरंभिक भाग में पुरानी योजना पूर्ण होने से अथवा अन्य कार्यो से धन की आमद होगी।

कुंभ-आज का दिन आप भागदौड़ से दूर रहकर शांति से बिताना पसंद करेंगे। घर के सदस्य खास कर महिलाये आपकी पसंद का विशेष ध्यान रखेंगे।

मीन-आज का दिन स्वास्थ्य के लिए हानिकर है दिन के आरम्भ में शरीर मे दर्द, अकड़न की शिकायत रहेगी।

न्यूज गैलरी

रिटायर्ड हेड मास्टर की चिकित्सा प्रतिपूर्ति रोकी

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिल्हा बीईओ के बाबू ने रिटायर्ड हेड मास्टर का चिकित्सा प्रतिपूर्ति की राशि रोक दी है। जिला शिक्षा अधिकारी के आदेश के बाद भी भुगतान नहीं किया गया है। छग तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने इसकी शिकायत संयुक्त संचालक से की है। बिल्हा विखं के प्राइमरी स्कूल सेवती से रिटायर्ड हेड मास्टर बलदाऊ प्रसाद कौशिक कोरोना काल में संक्रमित होने पर इलाज के बाद चिकित्सा प्रतिपूर्ति देयक का आवंटन 3 लाख 77 हजार रुपए हुआ था। कागजी कार्रवाई होने के बाद भी बिल्हा बीईओ के बाबू एनपी डाहिरे ने रोक दिया। उसी समय आठ अन्य शिक्षकों को 4 लाख 85 हजार चिकित्सा प्रतिपूर्ति का भुगतान कर दिया गया, लेकिन रिटायर्ड हेड मास्टर कौशिक को भुगतान के लिए परेशान किया जा रहा है। उन्होंने छग प्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ में इसकी शिकायत की है। साथ ही वित्तीय अनियमितता करने के आरोप में बाबू एनपी डाहिरे के खिलाफ जांच और कार्रवाई की मांग है।

विवाद: छोटे भाई और उसकी पत्नी से मारपीट

बिलासपुर/नवप्रदेश। जमीन बंटवारे को लेकर हुए विवाद में बड़े भाई ने छोटे भाई व उसकी पत्नी से मारपीट की। घटना बिल्हा थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। ग्राम निपनिया निवासी राजा बाबू भास्कर ड्राइवर है। 15 सितंबर की दोपहर करीब 2 बजे निर्माणाधीन मकान में गया था। वह मिस्त्री को काम समझा रहा था। उसी समय उसका ब ा भाई हरप्रसाद भास्कर घर से बाहर निकला और बंटवारे में अधिक जमीन लेने का आरोप लगाने लगा। राजा ने कहा कि वह अपना घर बनवाया, उसी समय यह बात कहना था। इससे हरप्रसाद गुस्से में आ गया और गाली-गलौज करने लगा तथा धमकी देते हुए हाथ में रखे लाठी से मारपीट शुरू कर दी। झग ने की आवाज सुनकर पत्नी सकुन आई और बीच बचाव करने लगी। इससे हरप्रसाद ने उसके साथ भी मारपीट की। पति पत्नी को को चोट आई है।

किशोरी से कर रहा था दुष्कर्म, पुलिस ने पकड़ा

बिलासपुर/नवप्रदेश। 16 साल का किशोर अपने से दो साल बड़ी लड़की से पिछले दो साल से दुष्कर्म कर रहा था। नशे की गोलियां खाने वाले इस लड़के की हरकतों और धमकी से परेशान किशोरी ने शिकायत करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रही थी। आखिरकार वह अपने परिजन के साथ थाने पहुंची। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के बाद नाबालिग के खिलाफ केस दर्ज किया है और उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म के साथ-साथ पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है।

पटाखा लाइसेंस के लिए आवेदन 6 अक्टूबर तक

बिलासपुर/नवप्रदेश। दीपावली पर्व के दौरान अस्थाई पटाखा लाइसेंस लेने के लिए जिला कार्यालय के लाइसेंस शाखा में 6 अक्टूबर तक आवेदन किए जा सकते हैं। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ने बताया कि अस्थायी पटाखा लाइसेंस के नवीन एवं पूर्व से जारी लाइसेंस के नवीनीकरण के लिए आवेदन पत्र संबंधित कार्यालय में निर्धारित प्रपत्र में आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदक नियत तिथि तक जमा कर सकते हैं। अंतिम तिथि के पश्चात आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा। हर साल की तरह इस बार भी आवेदन की प्रक्रिया की जा रही है। नए व पुराने नवीनीकृत लाइसेंसे के आधार पर ही पटाखा बाजार में दुकानों का आवंटन होता है। इसकी तैयारी चल रही है।

एलआईसी कर्मी के सूने मकान में चोरी

बिलासपुर/नवप्रदेश। एलआईसी की महिला कर्मचारी काम से बाहर गई थी। रात को उनके सूने मकान से चोर एलईडी व सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर ले गए। घटना सरकंडा थाना क्षेत्र की है। राजकिशोर नगर काली बाड़ी निवासी स्वर्णलता बरवा एलआईसी कर्मचारी हैं और भाटापारा में पदस्थ हैं। 10 सितंबर की शाम 6 बजे घर में ताला लगाकर भाटापारा चली गई थी। 16 सितंबर की रात 3.15 बजे पड़ोसी धीरज देवांगन ने फोन कर उनके घर के दरवाजा खुले होने की जानकारी दी तो सुबह करीब 6 बजे वे भाटापारा से लौटी। उनके मकान के मेनगेट का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखी तो 53 इंच की एलईडी तथा सीसीटीवी के डीवीआर गायब थे। बाकी सामान भी बिखरे पड़े थे। चोर उनके घर का ताला तोड़कर दोनों सामान ले गया था। उन्होंने थाने जाकर रिपोर्ट दर्ज कराई।

शासन तक भेजना होगा खर्च का हिसाब

बिलासपुर/नवप्रदेश। सफाई, पानी की आड़ में कोई निकाय अब गड़बड़ी नहीं कर सकेंगे। प्रदेश के सभी 170 निकायों को पानी और सफाई से कमाई और खर्चे का हिसाब किताब देना होगा। अभी तक कई निकायों ने सर्विस लेवल बेंच मार्किंग (एसएलबी) की जानकारी नगरीय प्रशासन को नहीं भेजा है, जबकि पूर्व में नगरीय प्रशासन ने सभी निकायों के अधिकारी-कर्मचारियों को ट्रेनिंग दी थी। एसएलबी की जानकारी नहीं देने का असर 15वें वित्त आयोग के अनुदान पर पड़ रहा है। नगरीय प्रशासन ने सभी निगमों के आयुक्तों और पालिकाओं के सीएमएओ को रिमाइंडर जारी किया है। नगरीय प्रशासन ने 2020-21 और 2021-22 दो साल की जानकारी अलग-अलग बिंदुओं में मांगी है।

सूने मकान से चोरी करने वाला कबाड़ी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। सरकंडा क्षेत्र में दो अधिकारियों के सूने मकान से दिनदहाड़े एसी का आउटर, नल सहित अन्य सामान चोरी करने वाले व खरीदार कबाड़ दुकान संचालक को गिरफ्तार किया है। राजकिशोर नगर के चुन्नी सिंह तालाब के पास रहने वाले निर्मल खूंटे (53) बीएसएनएल में सहायक महाप्रबंधक हैं। उनके मकान के पास ही उनकी मामी गीता कुर्रे रहती हैं। बुधवार को दोनों ड्यूटी पर चले गए थे। शाम को काम से घर आए तो उनके घरों से एसी का आउटर व नल की टोंटियां गायब थीं।

राहगीर को मिला बैग, डीएसपी ट्रैफिक ने लौटाया

बिलासपुर/नवप्रदेश। राजेंद्र नगर स्मार्ट रोड के पास राहगीर का शुक्रवार को बैग गिर गया था। इसमें 1 लाख 30 हजार रुपए कीमती आईपैड व महत्वपूर्ण डॉक्यूमेंट थे। कक्षा दसवीं के छात्र कुणाल बक्सी को वहां से गुजरते मिला। कुणाल ने अपने पिता अमन बख्शी को बताया व बैग मिलने की सूचना डीएसपी यातायात संजय साहू को दिया। यातायात स्टॉप ने जानकारी लेकर बैग मालिक संदीप कश्यप नर्मदा नगर से संपर्क किया और शनिवार की दोपहर को यातायात मुख्यालय बुलाकर डीएसपी ट्रैफिक संजय साहू ने उसे वापस लौटाया।

कथा वाचिका देवी चित्रलेखा का हुआ स्वागत

बिलासपुर/नवप्रदेश। श्रीमद् भागवत कथा वाचिका देवी चित्रलेखा शनिवार को देर रात लोरमी पहुंची। यहां उनका स्वागत पवन अग्रवाल व जिंदल परिवार के द्वारा किया गया। इस अवसर पर विष्णु अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, मनोज, मुकेश, डॉ. दीपक, नरेंद्र, संतोष, बंटी अग्रवाल, शिव पालीवाल, रतनमणि केसरवानी, रामकुमार केसरवानी, तुषार अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, धनीराम अग्रवाल सहित अन्य मौजूद रहे।

रेलवे में शुरू हुआ स्वच्छता पखवाड़ा

बिलासपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में स्वच्छता पखवाड़ा के पहले दिन प्रभात फेरी निकाली गई। अपर महाप्रबंधक विजय कुमार साहू ने सभी विभाग प्रमुखों, अधिकारी, कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। उसके बाद स्वच्छता जागरुकता की थीम पर काम शुरू किया गया। 16 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा के हर दिन के लिए रेलवे प्रशासन ने अलग थीम रखा है। इस पखवाड़े में काम किया जाएगा। स्वच्छता पखवाडा का शुभारंभ महाप्रबंधक कार्यालय से सुबह 7 बजे प्रभात फेरी निकालकर की गई।

देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा विराजे

बिलासपुर/नवप्रदेश। शुभ योग में रविवार को देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा विराजे। सूर्योदय के साथ घंटी और मंत्रोपचार सुनाई देने लगी। पंडालों में विशेष पूजा-अर्चना के साथ हवन हुआ। श्रद्धालु भक्त दिनभर पूजा में लीन नजर आए। देवशिल्पी के आगमन पर श्रद्धालु भक्तों ने भोग प्रसाद का आनंद उठाया।

रेलवे परिक्षेत्र के संयुक्त लाबी रनिंग स्टाफ, वीआइपी गेट के पास, टेलीकाम, मैकेनिकल, डीआरएम आफिस, इलेक्ट्रिकल, इंजीनियरिंग समेत सभी विभाग सहित शहर के मगरपारा, आइटीआई कोनी, इंजीनियरिंग संस्थानों में भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित की गई। देवशिल्पी के आगमन पर पंडाल जगमग हो उठे। संयुक्त लाबी रनिंग स्टाफ पंडाल में आकर्षक झांकी ने सभी मो मोहित किया।

कल कारखानों, कार्यालय और रेलवे परिक्षेत्र में परंपरा अनुसार विधिवत पूजा-अर्चना और श्रद्धालु भक्तों को भोग प्रसाद का वितरण किया गया। सृष्टि के पहले हस्तशिल्पकार, वास्तुकार भगवान विश्वकर्मा की पूजा का प्रविधान है लिहाजा भक्त सुबह से अपने संस्थानों और पंडालों में पहुंच गए थे। वहीं औजारों और मशीनों की पूजा की गई।

न्यायधानी में एक ओर जहां संस्थाओं में औजारों और मशीनों की पूजा की गई। वहीं घरों में भी लोगों ने अपने वाहनों की पूजा की। इस दौरान अक्षत अर्थात चावल, फूल, मिठाई, फल रोली, सुपारी, धूप, दीप, रक्षासूत्र, पूजा की चौकी, दही और भगवान विश्वकर्मा की तस्वीर के साथ अराधना करते नजर आए। विश्वकर्मा पूजा के साथ भक्तों ने सूर्यदेव की भी पूजा की। विश्वकर्मा पूजा के साथ रेलवे परिक्षेत्र में तीन दिनी उत्सव भी प्रारंभ हुआ। रविवार की शाम भगवान के दर्शन के लिए पंडालों में पहुंचे। भक्त अपने भगवान को भोग प्रसाद भी चढ़ाते नजर आए। वहीं कई पंडालों में समिति द्वारा आने वाले श्रद्धालु को खिचड़ी का वितरण किया गया। 12 खोली चौक में बच्चों के लिए झूला सहित मिनी बाजार सज गया था। चारों तरफ आकर्षक विद्युत साज सज्जा देखने को मिला। सड़कों पर रेला लगा हुआ था।

रिटायर सहायक निदेशक से 43 लाख रुपए की ठगी

बिलासपुर/नवप्रदेश। सांख्यिकी विभाग के रिटायर्ड सहायक निदेशक साइबर फ्रॉड के शिकार हो गए। आरबीआई अफसर बनकर ठगों ने कॉल किया और कहा कि उनके प्रॉविडेंट फंड (पीएफ) में ओवर ड्राफ्ट हो गया है, जांच होगी तो जेल जाना पड़ सकता है। सेटलमेंट कराने का झांसा देकर उनसे किस्तों में ऑनलाइन 43 लाख रुपए जमा करा लिए। रेंज साइबर थाने में ठगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। तोरवा क्षेत्र के देवरीखुर्द निवासी जार्ज मिंज केंद्रीय सांख्यिकी विभाग में सहायक निदेशक थे। 62 साल की आयु के बाद उनका रिटायरमेंट हुआ, तब उनके खाते में पेंशन, ग्रेच्युटी सहित अन्य देयकों की राशि का भुगतान किया गया था। तीन माह पहले उनके मोबाइल पर अनजान नंबर से कॉल आया। फोन करने वाले ने खुद को आरबीआई अफसर बताया और कहा कि उनके बैंक अकाउंट में ओवर ड्राफ्ट हो गया है, जिसकी जांच की जाएगी और रिकवरी होगी। सिविल लाइन क्षेत्र के नेहरू नगर में रहने वाले सुनील कुमार ने ऑनलाइन ठगी की शिकायत की है। उनके मोबाइल पर अनजान नंबर से कॉल आया था, जिसके बाद ठगों ने उन्हें बातों में उलझाकर बैंक संबंधी जानकारी ले ली और उसके बैंक खाते से एक लाख 54 हजार 850 रुपए पार कर दिए। साइबर थाने में धोखाधड़ी व आईटी एक्ट के का केस दर्ज किया गया है।

सहयोग से शहर होगा स्वच्छ

बिलासपुर/नवप्रदेश। स्वच्छता का संदेश देने, आम लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम ने व्यापार विहार क्षेत्र में साफ-सफाई का विशेष अभियान चलाया गया। जिसमें महापौर रामशरण यादव, एनसीसी कैडेट, एनएसएस के सदस्य,अधिकारी और नागरिकों ने मिलकर व्यापार विहार क्षेत्र में साफ-सफाई की। सफाई के दौरान सभी ने झाड़ू लगाया तथा कचरे को साफ कर स्वच्छता का संदेश दिया। देश भर में 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा और इंडियन स्वच्छता लीग 2.0 के तहत स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है,जिसका मुख्य थीम गार्बेज फ्री इंडिया है। इस अवसर पर महापौर रामशरण यादव हे नागरिकों को स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए कहा की स्वच्छता किसी एक से संभव नहीं है। इसमें सबकी भागीदारी जरूरी है। अगर हम खुद से शुरुआत करें तो बाकी भी खुद से जुड़ते चले जाएंगे। हम सब मिलकर हमारे शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाएंगे। स्वच्छता पखवाड़े के तहत अलग-अलग दिन स्वच्छता से संबंधित विभिन्न प्रकार के आयोजन किए जाएंगे।

जनदर्शन : 3 माह से नहीं मिला राशन, दुकान निलंबित करने की मांग

बिलासपुर/नवप्रदेश। जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत जैतपुरी के ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में बिलासपुर कलेक्टर जनदर्शन में पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में राशन संबंधित समस्याओं को लेकर कहा है कि ग्राम पंचायत जैतपुरी की सरकारी उचित मूल्य की दुकान को निलंबित करें। उनका कहना है कि दुकान का संचालन चंदा के अंजोर महिला स्व-सहायता समूह करता है। इसका आईडी नंबर 402002128 है। इनके द्वारा सभी ग्रामीणों को चावल, शक्कर और नमक पिछले तीन महीने से नहीं दिया जा रहा है। फरवरी में हर हितग्राहियों के राशनकार्ड से 10-10 किलो खाद्यान्न काटा गया है। मई में भी चावल, शक्कर, नमक नहीं बांटा। अगस्त में 250 हितग्राहियों से 15 दिन पहले अंगूठा लगवा लिया गया और राशन नहीं दिया गया।

छत्तीसगढ़िया लोक परंपरा को आगे बढ़ाने का हमने किया काम: सीएम

बिलासपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि बीते पांच साल में हमने छत्तीसगढ़िया संस्कृति और लोक परंपरा को आगे बढ़ाने का काम किया है। यहां के तीज-त्योहार, खान-पान, पुरातन खेलकूद को नई पहचान मिली है। आज प्रदेश के गांव की महत्ता बढ़ रही है। उन्हें पहले सिर्फ खेती किसानी के लिए जाना जाता था, अब हमारे गांव सांस्कृतिक, आर्थिक एवं बौद्धिक रूप से सशक्त हो रहे हैं।

मुख्यमंत्री बघेल साइंस कालेज मैदान में ब्राम्हण समाज के कार्यक्रम में शिरकत कर रहे थे। ब्राम्हण समागम में उपस्थित समाज के लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हर समाज का अपना एक भवन होना चाहिए। इसी सोच के साथ हमारी सरकार ने प्रदेश के सभी समाज को जिला एवं राज्य स्तर पर जमीन दिलाने का काम किया है। सभी समाज को विभिन्न सामाजिक कार्यों एवं बच्चों की प?ाई-लिखाई के लिए एक भवन की आवश्यकता होती है।

कई समाज संपन्न होने के बावजूद भी स्वयं का सामाजिक भवन नहीं बना पाते हैं। इसी बात को ध्यान में रखते हुए विभिन्न अवसरों पर समाजों को भवन के लिए जमीन दिया गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बिलासपुर शहर में छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज के बहुउद्देशीय परिसर का शिलान्यास किया। राज्य सरकार द्वारा शहर में तकरीबन दो एकड़ भूमि इस प्रकल्प के लिए प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री ने साइंस कालेज प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में बिलासपुर में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम कालेज के उन्नयन कार्य के लोकार्पण के साथ ही बेलतरा में नए शासकीय महाविद्यालय का शुभारंभ किया।सीएम बघेल ने विप्र समाज की 60 वरिष्ठजनों और युवा प्रतिभाओं का समाज की ओर से शाल और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। ब्राह्मण समाज द्वारा प्रकाशित सामाजिक एवं सांस्कृतिक पत्रिका सरयू द्विज का विमोचन भी मुख्यमंत्री ने किया। छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण विकास परिषद द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री रविन्द्र चौबे ने की। कृषि मंत्री ने प्रदेश के न्यायधानी में ब्राम्हण समाज के लिए जमीन देने पर मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि छग के ब्राम्हण समाज ने राज्य के कई प्रमुख आंदोलन का अगवाई किया है। ब्राम्हण समाज अन्य समाज के लोगों को ज्ञान एवं राह दिखाने का कार्य किया है।

छाऊ नृत्य में मां दुर्गा द्वारा राक्षस वध

बिलासपुर/नवप्रदेश। गुरुदेव ठाकुर अनुकूल चंद्र का 136वां शुभ आविर्भाव दिवस का महोत्सव शनिवार को तोरवा छठघाट में मनाया है। सुबह 4 बजे से ही उषा कीर्तन, प्रार्थना वाणी पाठ किया गया। सुबह 9 बजे छठघाट में गुरुदेव ठाकुर अनुकूल चंद्र का शोभायात्रा निकाली गई, जो कि अरपा नदी के तट पर भ्रमण कर वापस सामुदायिक भवन स्थित कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। जिसे शंख ध्वनि देकर बंदे पुरुषोत्तम के जयकारों के साथ अभिनंदन किया गया। सत्संगी महिलाओं द्वारा 11 बजे मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें भजन की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। पश्चिम बंगाल के पुरुलिया से पहुंचे कलाकारों ने छऊ नृत्य के माध्यम से मां दुर्गा द्वारा राक्षस का वध व भगवान राम के रावण का वध की आकर्षक प्रस्तुति दी गई। दोपहर में साधारण सभा हुई। विशिष्ट अतिथि डॉ. अभिराम शर्मा व राजकिशोर नगर की पार्षद संध्या तिवारी, साहित्यकार मुखर्जी ने भी सत्संग से संबंधित अपने विचारों को प्रगट किया है। ऋत्विक जीएल कर्मकार व संरक्षक बीआर घोष ने अतिथियों का अभिनंदन किया। अंत में बिलासपुर सत्संग विहार के मुख्य ऋत्विक डॉ. मानस मिश्रा ने आभार व्यक्त किया। इसमें मुख्य अतिथि विधायक शैलेष पांडे ने रहे। उन्होंने कहा कि कहा अध्यात्म की बहुत ही महत्वपूर्ण क ी है सत्संग, जिसे करने से सुख मिलता है। सत्संग संस्कार से शुरू होता है और संस्कार शास्त्र से निर्मित होता है। वहीं गुरुदेव अनुकूल चंद के अनुयायी बहुत ही संस्कारी है, इसलिए इनके सत्संग में आने से मुझे बहुत ही आनंद व सुख का अनुभव होता है। सत्संग के ऋत्विक व सिंगरौली नार्थ कोल लिमिटेड इलेक्ट्रॉनिक व कम्युनिकेशन के महाप्रबंधक कौशल कुमार सिंह ने गुरुदेव अनुकूल चंद्र के दिव्य लीलाओं का वर्णन कर गुरुदीक्षा से जीवन लाभ का महत्व बताया।

आंसरशीट डाउनलोड कर सकेंगे माहभर एक्टिव रहेगा लिंक

बिलासपुर/नवप्रदेश। सीजी पीएससी की मुख्य परीक्षा देने वाले अभ्यर्थी अपने आंसरशीट डाउनलोड कर सकेंगे। उनके आंसरशीट पीएससी के उनके एकाउंट में रहेंगे, जिसे वे 16 अक्टूबर तक डाउनलोड कर सकेंगे। इसके बाद लिंक स्वतः हट जाएगा। सीजी पीएससी ने राज्य प्रशासनिक सेवा के तहत विभिन्न विभागों में 210 पदों पर नियुक्ति के लिए नवंबर 2022 में विज्ञापन जारी किया था। प्रारंभिक परीक्षा के नतीजों के बाद 15 से 18 जून तक मुख्य परीक्षाएं हुई थीं। लिखित परीक्षा के आधार पर 210 पदों के विरुद्ध 625 अभ्यर्थियों को इंटरव्यू के लिए बुलाया था। पीएससी ने सूचना जारी की है, इसमें पारदर्शिता के उद्देश्य से परीक्षार्थियों को सुविधा देते हुए एक माह के लिए उनकी मुख्य परीक्षा के आंसरशीट उपलब्ध करवाए गए हैं।

चंद्रयान-3 मॉडल की लगाई प्रदर्शनी

बिलासपुर/नवप्रदेश। विखं स्तरीय कबा से जुगा प्रदर्शनी स्पर्धा का आयोजन शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल दर्रीघाट में किया गया। इसमें 43 संकुलों के विद्यार्थी व शिक्षक ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ की गई।

मुख्य अतिथि मस्तूरी बीईओ अश्वनी कुमार भारद्वाज ने कहा कि कबा से जुगा प्रदर्शनी स्कूली बच्चों की प्रतिभा निखारने का अवसर देती है। इससे उनमें रचनात्मक सोच विकसित होती है। कार्यक्रम को एबीईओ शिवराम टंडन, रुद्रेश्वर प्रसाद एक्का, भागवत प्रसाद साहू, कावेरी ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर बीईओ ने संगीता व प्रिया को सम्मानित किया। विजय गौरहा व जितेंद्र नायक ने कबा से जुगा कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। अतिथियों ने कबा से जुगा प्रदर्शनी का निरीक्षण किया। संचालन सूरज क्षत्री व आभार व्यक्त प्रमोद कुमार पाण्डेय ने किया। कबा से जुगा प्रदर्शनी में 43 संकुलों के 86 बच्चों व शिक्षकों ने सौरमंडल, वेस्ट ऑफ बेस्ट, जल से विद्युत ऊर्जा ओजोन परत, पाइथागोरस प्रमेय विधि, कार्बन डाई आक्साइड विधि, खेल खेल में लघुत्तम समापवर्तक, सौर ऊर्जा, डजेस्टेबल सिस्टम टॉप आफ बॉटम, थ्रीडी आकृति, गुणा मशीन, मैथ्स मैजिक बॉक्स, स्वच्छ भारत, बारहखड़ी, गणितीय बुक, चंद्रयान थ्री मॉडल, विराम चिन्ह, जो मशीन, हिंदी टीएलएम, वायु मीटर आदि मॉडलों की प्रदर्शनी लगाई।

वनमाली सृजन पीठ में परिसंवाद आयोजित

बिलासपुर/नवप्रदेश। वनमाली सृजन पीठ बिलासपुर में हिंदी पखवाड़े में हिंदी का माध्यमिक क्रम भाषा बनाम साहित्य विषय पर परिसंवाद समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर अतिथि वक्ता के रूप में प्राचार्य सचिन शर्मा, प्राध्यापक संजय पांडे, एवं प्राध्यापक डॉ. पिंकी गोड़ रहीं। अतिथि वक्ताओं ने भाषा और साहित्य को एक दूसरे के पूरक बताते हुए हिंदी भाषा को समग्र व्यक्तित्व विकास और पूरे देश को एकता में बांधने वाली भाषा बताया। साथ ही हिंदी को शैक्षणिक ज्ञान के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास का माध्यम बताया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं वनमाली सृजन पीठ में पहुंचे थे। मुख्य अतिथि डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आरपी दुबे ने कहा कि एक रिसर्च से यह बात प्रमाणित हो चुकी है कि संस्कृत से उद्गम होने वाली सभी भारतीय भाषाएं, मस्तिष्क के दोनों ओर को जागृत रखती हैं। साथ ही इस ऐसी भाषा बोलने पढ़ने से व्यक्तित्व में कला, संवाद, करुणा, संवेदना जैसे भावनाओं का विकास होता है, जबकि अन्य भाषाएं बोलने से मस्तिष्क के दोनों भाग सक्रिय न होकर सिर्फ एक क्षेत्र की सक्रिय होते हैं। देवकीनंदन दीक्षित कन्या शाला के प्राचार्य सचिन शर्मा ने कहा कि हिंदी शिक्षण ज्ञान के साथ-साथ व्यक्तित्व का विकास करने वाली भाषा है। यह संवेदना से जोड़कर एक आदर्श व्यक्तित्व का निर्माण करती है। उन्होंने कहा कि सभी विषय को समझने के लिए चाहे वह गणित हो विज्ञान हो या अन्य कोई भी विषय हो, हिंदी आवश्यक है हिंदी के माध्यम से ही हम सभी विषय को समझ सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन रतन मिश्रा ने किया। कार्यक्रम साहित्यकार द्वारिका प्रसाद अग्रवाल, डॉ. आंचल श्रीवास्तव, श्वेता पांडे, वनमाली सृजन पीठ के समन्वयक योगेश मिश्रा, राखी श्रीवास, रमन किरण, विजेंद्र जायसवाल सहित अन्य मौजूद रहे। डीएवी पब्लिक स्कूल की प्राध्यापक डॉ. पिंकी गोड़ ने कहा कि यहां सामने बैठे सभी विद्यार्थी लेखक और साहित्यकार हो सकते हैं। उसके लिए सिर्फ अपनी कल्पना, चिंतन,और सोच को लेकर के रूप में सृजित करना है। उन्होंने कहा कि भाषा और साहित्य एक दूसरे की पूरक हैं।

भाषा तभी समृद्ध हो सकती है, जब हम जीवनशैली में अपनाएं : डॉ. पाठक

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रेस क्लब में विश्व हिंदी दिवस पर काव्य गोष्ठी का आयोजन छत्तीसगढ़ हिंदी साहित्य और बिलासा कला मंच ने कराया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. अजय पाठक रहे। उन्होंने कहा कि हमारी राजभाषा हिंदी विश्व में बोली जाने वाली तीसरी सबसे बड़ी भाषा है। छत्तीसगढ़ हिंदी साहित्य परिषद के अध्यक्ष डॉ. सुधाकर बिबे ने उपस्थित साहित्यकारों से कहा कि आप हिंदी भाषा के सभी विधाओं में अपनी कलम चलाकर इस भाषा को पुष्ट बनाएं। बिलासा कला मंच के संस्थापक डॉ. सोमनाथ यादव ने कहा कि केवल एक दिन हिंदी दिवस मना लेने से यह राष्ट्रभाषा नहीं बन सकती, इसे सरकारी कामकाज, न्यायालयीन आदेश सभी जगहों पर अहमियत देनी होगी, तभी हम हिंदी को उच्च स्थान दे पाएंगे। मंच के अध्यक्ष महेश श्रीवास के संचालन में काव्य गोष्ठी हुई। इस अवसर पर साहित्यकार डॉ. विजय सिन्हा, विजय तिवारी, बुधराम यादव, डॉ. मंतराम यादव, दिनेश्वर राव जाधव, केवलकृष्ण पाठक, डॉ. जीडी पटेल, महेंद्र साहू, डॉ. सोमनाथ मुखर्जी, चंद्रप्रकाश बाजपेयी, राजेंद्र मौर्य सहित अन्य मौजूद रहे।

डेंगू पर कलेक्टर सख्त, शहर वासियों के स्वास्थ्य के साथ कोई समझौता नहीं

■ **कलेक्टर सिन्हा ने निगम आयुक्त को शहर की साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर मिशन मोड में कार्य करने के दिए निर्देश**

रायगढ़/नवप्रदेश। शहर में बढ़ रहे डेंगू के प्रकरण पर कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में निगम एवं स्वास्थ्य विभाग की बैठक ली। कलेक्टर श्री सिन्हा ने निगम आयुक्त को कहा की शहर वासियों का स्वास्थ्य सर्वोपरि है उससे हम समझौता नहीं कर सकते है। उन्होंने निगम आयुक्त को तत्काल शहर की सफाई, कचरा उठाव को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिन्हा ने कहा कि मिशन मोड में साफ-सफाई का कार्य होना चाहिए। उन्होंने सोर्स रिडक्शन के साथ डेंगू की रोकथाम के लिए जन जागरुकता अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर श्री सिन्हा ने कहा कि नागरिकों का स्वास्थ्य हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। शहर की साफसफाई में किसी भी प्रकार की बाधा बर्दाश्त नहीं की जाएगी और यदि कोई इसमें बाधा उत्पन्न करेगा तब उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। बीमारियों की रोकथाम के लिए सभी संभव उपाय किए जा रहे हैं। नागरिकों से भी आग्रह है कि स्वास्थ विभाग द्वारा जारी सावधानियों का पालन करें।

इस दौरान उन्होंने निगम को दिन में दो बार फॉगिंग मशीन चलाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिन्हा ने स्वास्थ्य विभाग से वर्तमान में जिले में डेंगू के प्रकरण की जानकारी ली। विभागीय अधिकारी द्वारा बताया गया कि वर्तमान में शहर में डेंगू के मरीज अधिक हैं, जिस पर कलेक्टर श्री सिन्हा ने जिला अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज में अतिरिक्त बेड की व्यवस्था एवं दवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को मितानिनों को एक्टिव करने के निर्देश दिए, जिससे वो घर-घर जाकर लोगों को जागरुक कर सके, डेंगू के रोकधाम संबंधी जानकारी दे सके।

अधिक प्रभावित इलाकों में चलेगा सोर्स रिडक्शन अभियान, होगी चलानी कार्यवाही

कलेक्टर श्री सिन्हा ने निगम एवं स्वास्थ्य विभाग को संयुक्त रुप से निरीक्षण अभियान चलाने के निर्देश दिए। जिसमें सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्रों को जहां डेंगू के मरीज अधिक पाए गए हैं, उन स्थानों में सोर्स रिडक्शन की कार्यवाही की जाएगी। जहां पानी का ठहराव, खुली टंकी एवं जमा पाए जाने पर चलानी कार्यवाही के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने टायर बेयरिंग, कबाड़ी जहां अनावश्यक कबाड़ होते हैं, ऐसे स्थानों में विशेष निरीक्षण के निर्देश दिए हैं।

डेंगू से बचाव के लिए जन जागरूकता अभियान चलाने के दिए निर्देश कलेक्टर श्री सिन्हा ने स्वास्थ्य विभाग को लोगों के बीच सफाई एवं डेंगू से रोकथाम के लिए जागरुकता अभियाम चलाने के निर्देश। उन्होंने एडवाइजरी जारी करने के साथ पाम्पलेट के माध्यम से लोगों को जागरुक करने के निर्देश दिए। इसमें उन्होंने मितानिनों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को शामिल करने के निर्देश दिए, जिससे वो प्रत्येक घर पहुंच कर लोगों को बेहतर ढंग से जागरुक कर सकें।

अनुपयोगी जल भराव नही इसका दें प्रमाण पत्र, कलेक्टर ने सभी कार्यालय प्रमुखों को जारी किया पत्र

डेंगू के बढ़ते मामलों के बीच कलेक्टर श्री सिन्हा ने सभी संबंधित विभागों को डेंगू की रोकथाम के लिए मिशन मोड में जुटने के लिए कहा है। उन्होंने सभी कार्यालय प्रमुखों को पत्र जारी करते हुए कहा है कि कार्यालय अथवा परिसर एवं कूलर इत्यादि में पानी जमा नहीं होने दें तथा इस आशय का प्रमाण पत्र दें। उन्होंने जारी पत्र के माध्यम से सभी कार्यालय प्रमुखों से यह भी कहा है कि आप अपने अधीनस्थ अधिकारियों-कर्मचारियों एवं कार्यालय से संबंधित जनसामान्य में उपरोक्त संबंध में जागरूकता लाने हेतु कार्य करें। इस संबंध में कार्यालयों की जांच के लिए गठित दल सभी कार्यालयों/कार्यालय परिसर का निरीक्षण करेगें। इस कार्य में लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

शिवलिंग पर चढ़ा धतूरा खाया, मां-बेटा बेहोश

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा में मां-बेटे ने गर्मी और बीमारी को दूर करने धतूरे के फल को खा लिया, जिससे दोनों की हालत बिगड़ गई। दोनों बेहोश होकर घर में गिर गए। परिजनों ने सोमवार को आनन-फानन में कोरबा जिला अस्पताल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। जहां इलाज जारी है। सीएसईबी चौकी क्षेत्र के मानस नगर के रहने वाले हैं।

बताया जा रहा है कि उन्हें किसी ने बताया था कि धतूरे के फल का सेवन करने से गर्मी और बीमारी से राहत मिलती है। फल को खाने के कुछ ही देर बाद दोनों की हालत बिगड़ गई। मां की हालत तो स्थिर है, लेकिन बेटे की हालत गंभीर बनी हुई है। मां का नाम निर्मला विश्वकर्मा और बेटे का बालमुकुंद है।

बालमुकुंद विश्वकर्मा राजमिस्त्री का काम करता है। मां-बेटे ने आंगन में मौजूद शिवलिंग पर चढ़े धतूरा, बेल पत्र सहित अन्य फूल पत्तियों को मिक्सर में पीसकर उसका सेवन कर लिया। इसके बाद दोनों की तबीयत बिगड़ गई। फिलहाल दोनों का इलाज अस्पताल में जारी है।

बेहोशी की हालत में बेटा

बताया जा रहा है कि बेटा अभी भी बेहोशी की हालत में है। इस घटना से एक बार तो साबित होती है कि बिना जाने परखे किसी भी चीज का सेवन नहीं करना चाहिए। किसी भी दवाई या अन्य चीजों को खाने से पहले डॉक्टर या उससे संबंधित जानकारों से सलाह लेकर ही सेवन करें।

औद्योगिक अशांति फैलाने के षड्यंत्रकारी का हो पर्दाफाश : लक्ष्मारेड्डी

■ **फील्ड में रह कर मजदूरहित में लड़ेंगे लड़ाई**

कोरबा/नवप्रदेश। भारतीय मजदूर संघ बीएमएस के कोल प्रभारी व जेबीसीसीआइ सदस्य के लक्ष्मारेड्डी ने कहा कि कुछ अधिकारी औद्योगिक शांति भंग करने का षडयंत्र रच रहे हैं। इन अधिकारी के पीछे किसका हाथ है और कौन फंडिंग कर रहा है, इसकी जांच कोयला मंत्रालय को कराना चाहिए। डिपार्टमेंट आफ पब्लिक इंटरप्राइजेस डीपीई कोई कानून या संविधान नही हैं, बल्कि यह केवल गाइड लाइन है।

अल्प प्रवास पर कोरबा पहुंचे रेड्डी ने चर्चा करते हुए कहा कि पहली बार कोयला मजदूरों का सबसे बेहतरीन वेतन समझौता हुआ और इसके लिए किसी तरह का आंदोलन भी नहीं करना पड़ा, पर यह कुछ अधिकारियों को पसंद नहीं आया। व्यक्तिगत कुछ अधिकारियों ने मामला उच्च न्यायालय में दायर कर दिया। न्यायालय में अपने लिए सुविधा व वेतन बढ़ाने की बात करने के बजाए उन्होंने 2.30 लाख कोयला मजदूरों के वेतन समझौता को रद्द करने की मांग रखी। जबकि अभी तक किसी भी श्रमिक संगठन ने अधिकारियों के मिल रहे पीआरपीए पर्क्स समेत विभिन्न भत्ते व सुविधाओं को कर्मचारियों को भी देने की मांग प्रबंधन से नहीं की और नहीं अधिकारियों को दी जा रही इस सुविधा का विरोध जताया। बावजूद अधिकारियों द्वारा सौहाद्रपूर्ण वातावरण को अशांत करने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि अधिकारियों का कहना है कि महारत्न कंपनी की तरह उन्हें वेतन व सुविधाएं मिलें, तो अभी तक अधिकारी अभी तक कहां थे, जब कोयला मजदूरों का वेतन समझौता हो गया, तो उन्हें याद आ रहा है।

उनका वेतन समझौता 10 वर्ष के लिए एक जनवरी 2017 को हुआ था, तब समझौता के मुताबिक उन्हें सब कुछ मिल रहा है। अब बीच में वेतन व भत्ता बढ़ाने की बात क्यों की जा रही है। रेड्डी ने कहा कि यदि अधिकारियों का वेतन बढ़ाया जाता है तो कर्मचारी शांत नहीं बैठेंगे। उन्होंने कहा कि डीपीई में स्पष्ट है कि प्रशासनिक स्वीकृति हो तो वेतन समझौता लागू किया जा सकता है। पांचों श्रमिक संघ ने बैठक कर मजबूरन पांच अक्टूबर से 72 घंटे की हड़ताल करने का निर्णय लेना पडा है। इसकी शुरूआत इकाई स्तर पर हो गई चुकी है और 21 व 22 सितंबर को जनजागरण अभियान चलाने के बाद तीन अक्टूबर को कंपनी स्तर पर प्रदर्शन किया जाएगा। हड़ताल से होने वाले नुकसान की भरपाई जिम्मेदार अधिकारियों के वेतन से कटौती कर की जानी चाहिए। इस दौरान टिकेश्वर सिंह राठौर, मजरूल हक अंसारी, आरएस जायसवाल, अशोक सूर्यवंशी, अश्वनी मिश्रा व अन्य उपस्थित रहे।

एक प्रश्न का उत्तर देते हुए रेड्डी ने कहा कि अधिकारी व कर्मचारियोंकाफी भेदभाव बरता जा रहा है। कर्मी की मौत होने पर उसके पढ़े लिखे बेटे को केटेगरी वन की नौकरी देते हैं, अधिकारियों के बच्चों को सीधे क्लर्क बनाया जाता है। इसी तरह अधिकारियों को 35 प्रतिशत पर्क्स, दो से आठ लाख तक प्रति वर्ष पीआरपी, लैपटाप समेत अन्य सुविधा मिलती है। इसका कभी भी विरोध नहीं किया गया।

स्वच्छता ही सेवा कचरा मुक्त भारत बनाने हेतु ग्राम पंचायतों में हुई स्वच्छता

बलरामपुर/नवप्रदेश। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत कलेक्टर श्री रिमिजियुस एक्का के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रेना जमील के निर्देशन में जिले में स्वच्छता ही सेवा के अन्तर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में स्वच्छता पर आधारित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत विकासखण्ड राजपुर एवं कुसमी के ग्राम पंचायतों में स्वच्छता लीग का आयोजन किया गया। स्वच्छता लीग के तहत् फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत कंचनटोली की टीम विजयी रही।

स्वच्छता लीग में ग्रामीण युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। लीग के दौरान युवा खिलाड़ियों ने ग्रामीण दर्शकों को स्वच्छता की महत्व एवं उपयोगिता के बारे में जानकारी दी। साथ ही स्वच्छता स्वस्थ जीवन का एक महत्वपूर्ण पहलू है इसके बारे में जानकारी दी। खिलाड़ियों ने यह भी बताया कि यदि हम अपने जीवन में स्वच्छता को अंगीकार करते हैं तो स्वस्थ जीवन शैली प्राप्त कर सकते हैं। प्रत्येक खिलाड़ी को स्वच्छ दिनचर्या पर केंद्रित होने की आवश्कता है जिसके कारण वह देश का नाम रोशन करता है हमें अपने गांव, गली चौक, चौराहों को स्वच्छ रखने की आवश्यकता है और यह काम सामुदायिक जनभागिता से ही संभव है। कचरा मुक्त भारत बनाने के लिए यदि हम सभी ग्रामीण जन एक संकल्प होकर सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने, गांव की चौक-चौराहा को साफ सुथरा रखने, नियमित रूप से शौचालय का उपयोग करते हैं तथा जल स्रोतों को साफ-सुथरा रखते हैं तो हमारा परिवेश पूर्ण रूप से स्वच्छ, सुंदर और समृद्धि जीवन प्राप्त करेगा। प्रत्येक व्यक्ति को यह सुनिश्चित करना होगा कि घर से निकलने वाला गीला एवं सूखे कचरे का उचित प्रबंध किया जाये। घर से निकलने वाले गंदे पानी का भी हमें सोखता गड्ढा बनाकर उचित निपटान करने की जरूरत है, यदि घर से निकलने वाला पानी बाहर जमा होता है तो विभिन्न बीमारियों को जन्म देता है, ठीक वैसे ही घर से निकलने वाला कचरा यदि सड़कों पर चौक-चौराहों पर एकत्रित होता है तो बीमारियों के प्रादुर्भाव का कारण बनता है। सामुदायिक शौचालयों का रख-रखाव एवं उपयोग सामुदायिक सहभागिता से ही संभव है आज स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत हम सभी यह शपथ लेते हैं कि हम कचरा मुक्त भारत बनाने में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे।

अंत में आयोजन में उपस्थित समस्त खिलाड़ियों, दर्शकों मुख्य अतिथि के द्वारा राष्ट्र को स्वच्छ स्वस्थ एवं समृद्ध राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्माण करने हेतु स्वच्छता शपथ ली। आयोजित स्वच्छता लीग में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के जिला समन्वयक राजेश जैन, कुसमी जनपद पंचायत से विकास विस्तार अधिकारी ललित घरडे, सरपंच श्रीमती सुखमइत मुंडा, सचिव श्रीमती अंजू कुजूर एवं ग्राम पंचायत नीलकंठपुर, कंचनटोली, केदली एवं लवकुशपुर की टीम एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

माता-पिता करते रहे शापिंग, बच्चा बस में बैठ बिलासपुर से पहुंचा पाली

कोरबा/नवप्रदेश। बिलासपुर के बस स्टैंड पहुंचे माता-पिता शापिंग में मशगुल थे, इस बीच उनका चार साल का बेटा, कोरबा-बिलासपुर के मध्य चलने वाली बस में सवार हो गया। बच्चा चुपचाप काफी देर तक सीट पर बैठा रहा, पर रतनपुर पार होने के बाद अचानक वह रोने लगा, तब सभी का ध्यान उस ओर आकर्षित हुआ। उधर तब तक बच्चे के लापता होने से अभिभावक में हड़कंप मच गया। सिविल लाइन थाना में इसकी शिकायत लेकर पहुंचे। इस बीच पाली थाना से सूचना मिली कि बच्चा सकुशल मिल गया है।

बिलासपुर के महाराणा प्रताप नगर चौक में रहने वाले ओमप्रकाश चौबे अपनी पत्नी के साथ खरीदारी करने घर से निकले थे। उनके साथ उनका चार साल का पुत्र रुद्रांश भी था। बताया जा रहा है कि बस स्टैंड के पास चौबे दंपति खरीदारी रह थे। इस बीच रुद्रांश से उनका ध्यान हट गया और वह एक बस में चढ़ गया। उस पर कंडेक्टर व हेल्पर का भी ध्यान नहीं गया और चुपचाप एक सीट में जाकर बैठ गया। बस कोरबा के लिए रवाना हो गई। बस में मौजूद किसी यात्री के साथ यह बच्चा होगा, ऐसा माना जा रहा था, पर काफी देर बाद जब वह रोने लगा तो पता चला कि वह माता-पिता से भटक कर बस में बैठ गया है। इसकी जानकारी बस मालिक सोहेल शर्मा को दी गई और उन्होंने पाली थाना में बच्चे को सुपुर्द करने कहा। साथ ही उन्होंने सिविल लाइन में भी इसकी सूचना दी, तब तक परेशान अभिभावक सिविल लाइन थाना पहुंच चुके थे। बच्चे के मिलने की सूचना पर पुलिस व अभिभावक दोनों ने राहत की सांस ली।

अवैध शराब के विरूद्ध पुलिस की कार्रवाई, 89 लीटर महुआ शराब सहित 23 गिरफ्तार

सूरजपुर/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री आई कल्याण एलिसेला के निर्देश पर बीते 2 दिन में पुलिस टीम ने अभियान चलाकर शराब बेचने वालों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया है। इस अभियान में थाना-चौकी की पुलिस के द्वारा 23 प्रकरण में 89 लीटर महुआ शराब जप्त कर 23 लोगों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत हुई है।

जिनमें चौकी खड़गवां क्षेत्र के ग्राम धरमपुर के रविकुमार से 10 लीटर, रोहित यादव से 4 लीटर, दुलेराम से 4 लीटर, थाना प्रतापपुर के ग्राम घसियापारा के गुंजा से 4 लीटर, ग्राम करसी के कोमल से 4 लीटर, ग्राम सिलौटा के शिवकुमारी से 3 लीटर, उषा से 3 लीटर, चौकी चेन्द्रा के ग्राम पकनी के प्रतीमा से 3 लीटर, थाना झिलमिली के ग्राम दवनसरा के अजय से 3 लीटर, थाना सूरजपुर के ग्राम पोड़ी के जानकरी से 2 लीटर, प्यारो से 3 लीटर, महुआपारा के मानसी से 2 लीटर, डुमरिया के मनीष से 3 लीटर, चौकी बसदेई के ग्राम उंचडीह निवासी अतिलाल से 2 लीटर, थाना विश्रामपुर के ग्राम गोविन्दपुर के रामप्रताप से 6 लीटर, शिवनंदनपुर के विजय से 8 लीटर, सुदामानगर के देवसाय से 4 लीटर, जयनगर के ग्राम संबलपुर के फूलसाय से 2 लीटर, संजयनगर के शंकर से 3 लीटर, कनकपुर के लक्की से 3 लीटर, कृष्णा से 4 लीटर, शंकर से 3 लीटर तथा थाना चांदनी पुलिस ने ग्राम नवाटोला निवासी अमलेन्द्र प्रजापति से 6 लीटर महुआ शराब जप्त किया है। पुलिस के द्वारा इन सभी से 89 लीटर महुआ शराब कीमत 13450 रूपये का जप्त कर इन सभी लोगों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत् कार्यवाही किया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शोभराज अग्रवाल ने कहा कि अवैध शराब के विरूद्ध सूरजपुर पुलिस का यह अभियान निरतंर जारी रहेगा।

मड़वा में 500 मेगावाट का विस्तार संयंत्र : कटियार

कोरबा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी पिछले दो तिमाही से विद्युत उत्पादन के लिए देशभर में प्रथम स्थान पर बना हुआ है। विद्युत कंपनी को पहले स्थान पर लाने में अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत संयंत्र (एबीवीटीपीएस) मड़वा का प्रमुख योगदान है। इसके लिए माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल, ऊर्जामंत्री श्री टीएस सिंहदेव एवं चेयरमेन श्री अंकित आनंद (आईएएस) ने विद्युत कंपनी के अभियंताओं एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की है। यह बातें छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री एसके कटियार ने मड़वा विद्युत संयंत्र में वरिष्ठ अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक में कही। श्री कटियार ने कहा कि मड़वा विद्युत संयंत्र लगातार उच्च क्षमता के साथ विद्युत उत्पादन कर रहा है।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

पुरानी संसद में आखिरी दिन...

बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम का आंदोलन भी इसी सदन ने देखा था। उन्होंने कहा, 'सदन ने कैश फॉर वोट और 370 को भी हटते देखा है। वन नेशन वन टैक्स, जीएसटी, वन रैंक वन पेंशन, गरीबों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण भी इसी सदन ने दिया। पीएम ने कहा- इस सदन से विदाई लेना एक बेहद भावुक पल है, परिवार भी अगर पुराना घर छोड़कर नए घर जाता है तो बहुत सारी यादें उसे कुछ पल के लिए झकझोर देती हैं। हम इस सदन को छोड़कर जा रहे हैं, तो हमारा मन मस्तिष्क भी उन भावनाओं से भरा हुआ है और अनेक यादों से भरा हुआ है। उत्सव-उमंग, खट्टे-मीठे पल, नोक-झोंक इन यादों के साथ जुड़ा है। पीएम मोदी ने कहा पंडित नेहरू, शास्त्री से लेकर अटल, मनमोहन सिंह तक कई नाम हैं जिन्होंने इस सदन का नेतृत्व किया। सदन के माध्यम से देश को दिशा दी है। देश को नए रंग रूप में ढालने के लिए उन्होंने परिश्रम किया है, पुरुषार्थ किया है। आज उन सबका गौरवगान करने का अवसर है। सरदार वल्लभ भाई पटेल, लोहिया, चंद्रशेखर, आडवाणी न जाने अनगिनत नाम जिन्होंने हमारे इस सदन को समृद्ध करने में, चर्चाओं को समृद्ध करने का काम किया है।

सुषमा व जेटली बड़े नेताओं में से एक : एनसीपी सांसद सुप्रिया सुले ने पीएम मोदी की स्पीच की तारीफ की। फिर उन्होंने कहा- भाजपा ने आज अपने दो नेताओं के नाम नहीं लिए, जिनके काम से मैं बहुत प्रभावित हूं। मुझे लगता है सुषमा स्वराज और अरुण जेटली भाजपा के बड़े नेताओं में से एक थे। उन्होंने हमेशा कोऑपरेटिव फेडरलिज्म की बात की। ये इस पार या उस पार की बात नहीं है। अच्छे काम की हमेशा बात होनी चाहिए।

शायराना अंदाज में ...

दिल को थोड़ा बड़ा करके देखो, लोगों को मारने से क्या होता है। कुछ कर नहीं सकते तो कुर्सी छोड़ दो, बात-बात में डराने से क्या होता है। अपनी हुक्मरानी पर तुम्हें गुरूर है, लोगों को डराने से धमकाने से क्या होता है।

सभापति बोले- मैं मजबूर ...

धनखड़ ने कहा- खड़गे जी, मैं मजबूर नहीं, मजबूत हूं।

छत्तीसगढ़ में जी-20 ...

की ओर से साइबर, वित्तीय साक्षरता पर कार्यक्रम किए जाएंगे।

बता दें कि अतिथियों के स्वागत में छत्तीसगढ़ सरकार ने बेहतरीन कोशिश करने का प्रयास किया है। जी-20 के होर्डिंग्स में छत्तीसगढ़ के वैभव की झलक दिखाई गई है। राज्य के महत्वपूर्ण स्थलों, स्मारकों और पुरातत्व को प्रदर्शित किया गया है। जी-20 की बैठक के जरिए छत्तीसगढ़ी अस्मिता को व्यक्त करने की भी कोशिश की गई है साथ ही फ्लैक्स में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा भी दिखाई गई है। जी-20 की बैठक में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ के विकास माडल को प्रस्तुत करेंगे। अपने संक्षिप्त उद्बोधन में मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ की उन योजनाओं को अंतरराष्ट्रीय अतिथियों के बीच रखेंगे, जिसका लोहा केंद्र सरकार भी मान चुकी है। इसमें गोधन न्याय योजना से लेकर, महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) प्रमुख रूप से शामिल हैं। इसके अलावा सुराजी योजना, भेंट-मुलाकात, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, श्रीरामवन पथ गमन, स्व-सहायता समूहों की क्रांति, महिला उद्यमिता नीति आदि पर भी प्रस्तुतीकरण होगी।

यातायात नियमों के उल्लघंन पर 1534 वाहन चालकों पर की एमव्ही एक्ट के तहत कार्रवाई

सूरजपुर/नवप्रदेश। सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने एवं दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से सूरजपुर पुलिस के द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस के इस अभियान के तहत शराब पीकर वाहन चलाने वालों तथा यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्ती बरती जा रही है। सूरजपुर पुलिस अधीक्षक श्री आई कल्याण एलिसेला के निर्देशन में यातायात व थाना-चौकी की पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने तथा यातायात नियमों का उल्लघंन करने वाले व्यक्तियों पर लगातार मोटर व्हीकल एक्ट की कार्यवाही कर रही है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शोभराज अग्रवाल के मार्गदर्शन में पुलिस राजपत्रित अधिकारियों की मौजूदगी में विगत 1 से 17 सितम्बर 2023 तक जिले के थाना-चौकी की पुलिस संघन वाहन चेकिंग अभियान चलाकर 1534 वाहन चालक जो बिना हेलमेट, बिना लायसेंस, बिना सीटबेल्ड, दो पहिया वाहन में तीन सवारी व बिना दस्तावेज एवं यातायात नियमों का उल्लघंन करने पर उनके विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत् कार्यवाही कर 4 लाख 66 हजार रूपये का समन शूल्क अर्जित कर शासन के कोष में जमा किया। वहीं 1 मामले में शराब पीकर वाहन चलाते पाए जाने पर वाहन जप्ती की कार्यवाही कर चालान न्यायालय पेश किया गया है। वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस के द्वारा लोगों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु समझाईश भी दिया जा रहा है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सरोरा रोड, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर वर्मा एग्जोटीका फ्लैट नंबर 103, सर्किट हाउस के सामने बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- प्रमोद शर्मा* प्रबंध संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, फोन नंबर : 6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

आज से चक्रधर समारोह, स्थानीय कलाकारों की कला से सजेगा मंच

रायगढ़/नवप्रदेश। 38 वें चक्रधर समारोह का 19 से 21 सितम्बर तक नगर निगम ऑडिटोरियम रायगढ़ में गरिमापूर्ण आयोजन होगा। जिसकी तैयारियां लगातार जारी है। गणेश चतुर्थी से प्रारंभ होने वाले चक्रधर समारोह इस बार खास होने वाला हैं, क्योंकि पहली बार गणेश चतुर्थी पर कलेक्टर सिन्हा ने स्थानीय अवकाश घोषित किया है। जिससे अधिक से अधिक नगरवासी समारोह का आनंद ले सकेंगे।

चक्रधर समारोह में पहली बार जिले एवं प्रदेश की बहुसंख्य सांस्कृतिक प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया जा रहा है। जहां गायन-वादन और नृत्य के शीर्षस्थ कलाकारों के साथ ही युवा पीढ़ी के प्रतिभाशाली स्थानीय कलाकार भी समारोह में हिस्सा ले रहें हैं। चक्रधर समारोह में इस वर्ष युवा सहभागिता के तहत बड़ी संख्या में रायगढ़ जिले के स्कूली छात्र-छात्राओं की सामूहिक नृत्य प्रस्तुति एवं स्थानीय कलाकारों को मंच प्रदान किया जा रहा है। 19 सितम्बर मंगलवार को चक्रधर समारोह का उद्घाटन गणेश पूजन एवं दीप प्रज्जवलन के साथ होगा। जिसमें वेदमणि सिंह ठाकुर एवं ग्रुप रायगढ़ द्वारा गणेश वंदना की प्रस्तुति देंगे। चक्रधर कला एवं संगीत विद्यालय, रायगढ़ द्वारा राज्यगीत (नृत्य के साथ), पं.परितोष पोहनकर द्वारा शास्त्रीय गायन की प्रस्तुति देंगे। इसी तरह श्रीमती सोमा दास एवं ग्रुप (चक्रधर बाल सदन रायगढ़ की बालिकाओं द्वारा)क थक नृत्य की विशेष प्रस्तुति, डॉ.विनोद मिश्र (ख्याल एवं ढुमरी)पर शास्त्रीय गायन, सुआर्या नंदे 'श्रीधारा' द्वारा ओडिसी नृत्य, सुगीतिका ठेठवार द्वारा बांसुरी वादन, सुमधुमिता नकवी द्वारा शास्त्रीय गायन, सुअंजली शर्मा द्वारा कथक नृत्य, प्रफुल्ल सिंह गहलोत द्वारा कथक नृत्य एवं दीपक आचार्य एवं ग्रुप रायगढ़ छत्तीसगढ़ी लोक संगीत रंग की प्रस्तुति देंगे। चक्रधर समारोह में 20 सितम्बर को दोपहर 12 से शाम 05 बजे तक ओपी जिंदल स्कूल, तराईमाल द्वारा देशभक्ति, न्यू होराइजन स्कूल रायगढ़ द्वारा छत्तीसगढ़ी नृत्य, संस्कार पब्लिक स्कूल रायगढ़ द्वारा ईश्वर भक्ति पर सेमी क्लासिकल, विद्या विकास कांसेप्ट स्कूल रायगढ़ द्वारा कृष्ण लीला नृत्य पर प्रस्तुति देंगे। इसी प्रकार सेंट जेंवियर्स स्कूल रायगढ़ द्वारा राजस्थानी व हरियाणवी, ओपी जिंदल स्कूल पतरापाली द्वारा शिव तांडव पर कथक एवं भरतनाट्यम, जीजी बोर्डिंग स्कूल धनुवारडेरा द्वारा गुजराती नृत्य, आदर्श ग्राम्य भारती किरोड़ीमल नगर रायगढ़ द्वारा संबलपुरी गीत (केसरी लो) पर रास] सेजेस शासकीय स्कूल तमनार द्वारा छत्तीसगढ़ी नृत्य, साधुराम विद्या मंदिर रायगढ़ द्वारा दुर्गा एवं काली पर आधारित मराठी नृत्य, कार्मेल हिन्दी माध्यम स्कूल रायगढ़ द्वारा देश भक्ति गीत पर नृत्य की प्रस्तुति देंगे। 20 सितम्बर को शाम 6 बजे से सुआनंदिता तिवारी द्वारा कथक नृत्य, मनोज जायसवाल द्वारा सितार वादन, सुज्योतिबोहिदार (रायगढ़ घराना) द्वारा कथक नृत्य, गरीब दास महंत रायगढ़ द्वारा तबला वादन, सुनेहा बनर्जी द्वारा कथक नृत्य, सुआरती सिंह द्वारा लोक संगीत (लोकचदा), सुघनिष्ठा दुबे (रायगढ़ घराना)द्वारा कथक नृत्य, मो.रौशन अली रायगढ़ द्वारा देशभक्ति एवं भजन गायन, हुतेन्द्र ईश्वर शर्मा रायगढ़ द्वारा लोक रंग नाचा, कु.श्रुतिदास रायगढ़ द्वारा ओडिसी नृत्य प्रस्तुत होगी।

संजीवनी के कर्मचारियों ने मनाई विश्वकर्मा जयंती

मुंगेली/नवप्रदेश। जगत शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा के जयंती पर आपातकालीन सेवा संजीवनी एक्सप्रेस 108 के कर्मचारियों ने जिला अस्पताल परिसर मे शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा का विधिवत पूजा अर्चना किया गया।

जिला अस्पताल परिसर में विश्वकर्मा भगवान के तैलचित्र पर माल्यार्पण करने के पश्चात संजीवनी एक्सप्रेस 108 वाहनों का पूजा अर्चना किया गया। इस अवसर पर जिला अस्पताल में पायलट लोचन यादव, राजेश चंद्राकर, सोनू साहू, ईएमटी सूर्य प्रताप ठाकुर, दिलेश यादव, विवेकानंद यादव, हीरालाल पाल, सामुदायिक केंद्र लोरमी में जितेंद्र राजपूत, उमेन्द्र साहू, अरविंद राजपूत, महेंद्र, सामुदायिक केंद्र सरगांव में मंगल साहू, अमोश मसीह, दुर्गेश कर्ष, दीपक निषाद, सामुदायिक केंद्र पथरिया यशवन्त जायसवाल, रामसुंदर जायसवाल, प्रमोद पटेल, अश्वनी साहू, हरिशंकर साहू ने अपने-अपने लोकेशन में हर्षोल्लास से जयंती मनाया।

मंगलमूर्ति को विराजित करने पंडाल बनकर तैयार

मुंगेली/नवप्रदेश। नगर में गणेशोत्सव की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। शहर में समितियों द्वारा आकर्षक पंडाल सजाए जा रहे हैं।मूर्तिकार भी भगवान गणेश की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुट गए हैं। शहरी इलाके के साथ ग्रामीण अंचल में भी पर्व की तैयारी चल रही है। लोग गणेश प्रतिमाओं को स्थापित करने के लिए अपनी सुविधा के अनुसार ले जाना भी प्रारंभ कर दिये है। अंचल में गणोत्सव मनाने के लिए जोर-शोर से तैयारियां की जा रही है। 19 सितम्बर से गणेश चतुर्थी से भगवान गणेश की पूजा-अर्चना प्रारंभ हो रहा है। गणेश जी की मूर्तियां बाजारों में बिकने के लिए आ गई है।बड़ा बाजार, कुम्हारपारा, खर्रीपारा इत्यादि स्थानों पर मूर्तिकारों द्वारा गणेश मूर्तियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है। गोलबाजार, सदर बाजार में गणेश की प्रतिमा बिकने के लिए आ चुके है। गणेश उत्सव आज से प्रारंभ हो जाएगा।एक हफ्ते पूर्व से ही गणेश उत्सव समिति वालों द्वारा रसीद बुक लेकर चंदा वसूली की जा रही है। आज से आरंभ होने वाले गणेशोत्सव पर्व के लिए भगवान गणेश की सुन्दर प्रतिमाएं बिक्री के लिए सदर बाजार में सज गई है। इन्हें कलाकारों द्वारा सुन्दर आकार देकर विभिन्न रंगों से सजाया गया है। 19सितम्बर को घर-घर एवं गली मोहल्ले में जय गणेश, जय गणेश जय गणेश देवा के सुमधुर भजनों से गूंज उठेगा।उल्लेखनीय है कि हिन्दूओं द्वारा प्रत्येक पूजा के पहले देवादि देव गणपति की पूजा अर्चना पहले की जाती है।गणेश भगवान सभी विघ्न बाधाओं का नाश कर अपने भक्तों को मेघा, सुख तथा समृद्धि प्रदान करते हैं। पूजा के भोग में मोदक भगवान को ज्यादा प्रिय है।नगर में सदर बाजार, सोनार पारा, पुराना बस स्टैण्ड, पड़ाव चैक, बालानी चैक सहित विभिन्न मुख्य स्थानों एवं घरो-घर गणेश स्थापना की जा रही है।

किसानों से रिश्वत की मांग पर पटवारी निलंबित

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। तहसील अकलतरा के शोभनाथ पांडे पटवारी प.ह.नं. 16 रा.नि.मं. अकलतरा के द्वारा किसानो एवं ग्रामीणो से अशोभनीय व्यवहार करते हुए एवं उनसे पर्ची एवं प्रत्येक कार्य के लिए राशि की मांग करने पर कलेक्टर सुश्री ऋ चा प्रकाश चौधरी के निर्देश पर एसडीएम अकलतरा द्वारा सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 09 के उपनियम (1) के तहत शोभनाथ पांडे पटवारी प.ह.नं. 16 रा.नि.मं. अकलतरा तहसील अकलतरा को तत्काल निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। निलंबन अवधि में निलंबित कर्मचारी का मुख्यालय तहसील कार्यालय अकलतरा नियत किया गया है।

रिटायरमेंट के 15 दिन पहले डीईओ सस्पेंड

मुंगेली/नवप्रदेश। रिटायरमेंट के पन्द्रह दिन शेष रहने पर जिला शिक्षा अधिकारी को कर्तव्य के प्रति उदासीनता एवं लापरवाही बरतने के मामले में निलंबित कर दिया गया। शिक्षकों के एरियर्स भुगतान मामले को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी शिक्षको के एरियर्स भुगतान को रोकने के मामले को लेकर जिला शिक्षाधिकारी को अवर सचिव ने निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में डीईओ को संभागीय संयुक्त संचालक शिक्षा बिलासपुर में संलग्न किया गया है। शिक्षक पंचायत संवर्ग के एरियर्स भुगतान हेतु जिला पंचायत मुंगेली से 13 जनवरी 2023 से डीईओं को एक करोड़ 52 लाख 98 हजार 214 रूपये जारी कर दिया था।

मुंगेली की जिला शिक्षाधिकारी सविता राजपूत के पास एरियर्स भुगतान के पैसे आने के बाद भी उन्होने समय पर उसे जारी नही किया। जिला पंचायत द्वारा बार-बार पत्राचार कर एरियर्स भुगतान की जानकारी मांगी गयी। जिसके बाद जाकर डीईओं ने 17 मार्च 2023 को डीईओं ने बीईओं को एरियर्स की राशि भुगतान के लिए ब्लॉकवार आबंटित किया गया। समय पर राशि आबंटन नही हो पाने के कारण विकासखंड स्तर पर भी एरियर्स भुगतान का काम पूरा नही किया जा सका। 29 मार्च 2023 को डीईओं सविता राजपूत ने एक करोड़ 42 लाख 29 हजार 152 रूपये जिला पंचायत मुंगेली को समर्पण कर दिया। इस गंभीर लापरवाही की जानकारी मिलने पर प्रभारी डीईओं को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया था। लेकिन डीईओं ने अपनी गलती न मानते हुए इस पूरे प्रकरण में बीईओं पर लेटलतीफी का ठिकरा फोड़ दिया। जांच में प्रभारी डीईओं सविता राजपूत की गंभीर लापरवाही सामने आई। इसके बाद शिक्षा विभाग के अवर सचिव आरपी वर्मा ने कार्यवाही करते हुए सविता राजपूत को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। बताया जा रहा है कि इसी महीने सविता राजपूत सेवानिवृत्त होने वाली थी।

तैराकी स्पर्धा का आयोजन

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में स्वच्छता ही सेवा, स्वच्छता लीग 2023 अंतर्गत नगरपालिका परिषद जांजगीर-नैला के स्विमिंग पूल में तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता में 40 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस दौरान प्रतिभागियों एवं जनप्रतिनिधियों ने स्वच्छता शपथ लिया और विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने बताया कि स्विमिंग पूल में ट्रेनर रखते हुए निर्धारित शुल्क के साथ आम जनों के लिए अक्टूबर माह शुरू किया जाएगा। इस दौरान अध्यक्ष नगर पालिका परिषद जांजगीर नैला भगवान दास गढेवाल, राज्य अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य रमेश पैगवार, सभापति श्री रामविलास राठौर आदि।

पकौड़े तल युकां ने जताया विरोध

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला युवा कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन को बेरोजगार दिवस के रूप में मनाया। जिला अध्यक्ष राजेश छैदईया के नेतृत्व में पड़ाव चैक कांग्रेस भवन के सामने पकोड़ा तले व चाय बनाकर लोगों तक बेरोजगारों की आवाज को पहुंचाया। राजेश छैदईया ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था हर वर्ष 2 करोड़ युवाओं को नौकरी दी जाएगी।

आखिर उनकी बात हमेशा की तरह झूठी साबित हुई। आज करोड़ों युवा बेरोजगार है ये भाजपा के कुनितियो का परिणाम है। देश के युवाओं के साथ हमेशा ही छलावा करने वाली ये मोदी आडानी की सरकार को 2024 में यही बेरोजगार युवा केंद्र सरकार को उखाड़ फेंकेगी। कार्यक्रम में उपस्थित प्रदेश सचिव युवा कांग्रेस असद खोखर, आरिफ खोखर, विधानसभा अध्यक्ष मंजीत रात्रे, ब्लॉक अध्यक्ष भारत मंडेला, महामंत्री राजा माणिक, पूर्व जिला उपाध्यक्ष रवि भास्कर, विधानसभा उपाध्यक्ष अलीम मिर्जा, करण सिंह ठाकुर, योगेश्वर सिंह, राशिद खान, संजय जांगड़े, मुकेश वैष्णव, शिवा सही, हर्ष राजपूत, करण केशरवानी, सोहैल खान, सत्य जोशी व अन्य युवा कांग्रेस के साथी सम्मिलित हुए।

हरतालिका तीज पर महिलाओं ने रखा निर्जला व्रत

मुंगेली/नवप्रदेश। पति की लंबी उम्र के लिए महिलाएं सोमवार को दिनभर निर्जला उपवास रखी। शाम ढ़लने के पूर्व हर मोहल्ले में मंदिरों अथवा किसी एक स्थान पर उपासक महिलाओं का समूह पूजन विधि में जुटा रहा। घरों में प्रसाद के लिए ठेठरी, कुर्मी, गुझिया जैसी चीजें बनाई गई। रविवार को करू भात की रस्म अदा की गई। महिलाएं अलग-अलग टोलियों में मोहल्लों में घूमी और मिलजुलकर करू भात खाई। इसमें मुख्य रूप से चावल और करेला खाया गया। पंचांग के अनुसार हर साल भाद्रपद माह में शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को हरतालिका तीज का व्रत रखा जाता है। इस दिन मां गौरा पार्वती और शिव जी की विधिपूर्वक पूजा की जाती है। करवा चैथ की तरह ही यह व्रत भी बहुत कठिन माना जाता है। इस दिन महिलाएं दिनभर निर्जला व्रत रखती हैं। सुहागिन महिलाओं के द्वारा अखंड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए यह व्रत रखा जाता है। वहीं कुंवारी लड़कियां भी अच्छे वर की कामना के साथ इस व्रत को रखती हैं। मान्यता है कि इस व्रत को करने से वैवाहिक जीवन सुखमय होता है और पति-पत्नी के बीच आपसी प्रेम बढ़ता है। अखण्ड सौभाग्य के लिए सोमवार को सुहागिनों ने व्रत रखकर पूजा-अर्चना की। 30 घंटे तक अन्न-जल का त्याग करते हुए भगवान शिव व माता पार्वती की उपासना का पर्व हरतालिका तीज बुधवार की रात भोजन ग्रहण करने के साथ शुरू हो गया। सुहागिनों ने अखंड सौभाग्यवती होने का वर मांगकर सोमवार को पूजा-अर्चना की। उपासना में लीन महिलाओं का व्रत मंगलवार की सुबह पूरा होगा। सोमवार शाम व्रत रखने वाली महिलाएं जागरण करते हुए पूजा-पाठ में जुटी रही। सुहाग की प्रत्येक सामग्री के साथ सोलह श्रृंगार में सज-धज कर महिलाओं ने सामूहिक रूप से भगवान शिव व माता पार्वती की पूजा-अर्चना की। हरितालिका तीजा पर्व मनाने के लिए मायके जाने को लेकर विगत एक सप्ताह से बस स्टैंड व बस-टैक्सियों में महिलाओं की भीड़ रही। तीजहारिन महिलाओं ने शाम विशेष पूजा अर्चना कर करू भात खाकर पति के दीर्घायु के लिए निर्जला व्रत शुरू की। पर्व पर तीजहारिनों को मायके में नए कपड़े, गहने व श्रृंगार सामान भेंट किया जाता है। करू भात में करेला की सब्जी बनाई जाती है, इसलिए इसकी कीमत तीजा पर बढ़ जाती है। तिजहारिन महिला सीता, सावित्री, मंजूरानी, तुलेश्वरी, अंजली, गायत्री ने बताया कि भजन-कीर्तन, पूजन अर्चना कर उपवास रखती हैं। हरितालिका तीज का त्यौहार शिव और पार्वती के पुनर्मिलन के अवसर पर मनाया जाता है। भगवान शिव को पति के रूप में पाने के लिए मां पार्वती ने 107 जन्म लिए। मां पार्वती के कठोर तप के कारण उनके 108वें जन्म में भगवान शिव ने पार्वती को अपनी अर्धांगिनी के रूप में स्वीकार किया था।

शिव सेना ने चलाया सदस्यता अभियान

मुंगेली/नवप्रदेश। शिव सेना छत्तीसगढ़ उद्धव बाला साहेब ठाकरे द्वारा सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें जिले भर के युवा शिवसेना में लगातार शामिल हो रहे हैं। इसी तारतम्य में डोमनपुर के युवाओं नें भी शिवसेना का दामन थाम लिया है। जिलाध्यक्ष संतोष साहू ने सभी युवाओं का गरम जोशी के साथ शिवसेना परिवार में स्वागत किया। तो वहीं डोमनपुर के युवाओं नें ग्राम की समस्या एवं ग्रामीणजनों की समस्या के निराकरण करने में अपनी पूर्ण भूमिका निभाने और कभी पीछे नहीं हटने की बात कही। युवाओं को सदस्यता दिलाने जिलाध्यक्ष संतोष साहू, जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष ओपी यादव, जिला उपाध्यक्ष इंद्र साहू, पवन साहू, जिला संगठन सचिव भानू निषाद, मुंगेली ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र साहू, ब्लॉक उपाध्यक्ष अजय विश्वकर्मा उपस्थित हुए। ग्रामीण इकाई में कुछ युवाओं को पदभार भी दिया गया है। जिसमें ग्राम प्रमुख अक्षय यादव, ग्राम उपाध्यक्ष गोकुल यादव, ग्राम सचिव सूरज यादव, दुर्गा प्रसाद विश्वकर्मा और दीपक यादव को ग्राम सहसचिव का जिम्मेदारी दिया गया।

विधायक ने भाजपा कार्यकर्ताओं की ली बैठक

मुंगेली/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन उनके चित्र पर तिलक लगाकर व मिष्ठान वितरण कर मनाया गया। भारतीय जनता पार्टी के जशपुर से निकली विजय संकल्प परिवर्तन यात्रा 26 सितंबर को मुंगेली पहुंचेगी। कार्यक्रम की तैयारी हेतु विधायक पुन्नूलाल मोहले ने श्रीरामजानकी मंदिर के पास स्थित सामुदायिक भवन सेतगंगा में मण्डल भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक ली।

विधायक पुन्नूलाल मोहले ने बैठक में 26 तारीख को अधिक से अधिक संख्या में मुंगेली पहुंचकर परिवर्तन यात्रा कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। इस अवसर पर अजा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मानिकलाल सोनवानी, जिला अजा मोर्चा अध्यक्ष डॉ. शिवकुमार बंजारा एवं सेतगंगा मण्डल अध्यक्ष सोम वैष्णव, कोटूमल दादवानी ने भी कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर मण्डल भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

कला उत्सव में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

रायगढ़/नवप्रदेश। रायगढ़ जिले के विभिन्न विकासखंडों में कला उत्सव से संबंधित विभिन्न विधाओं जिसमे एकल गायन (शास्त्रीय एवं लोकगीत) एकल नृत्य (शास्त्रीय एवं लोक नृत्य), वादन, चित्रकला मूर्ति कला, अभिनय आदि विधाओं में शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में अध्यनरत कक्षा नवीं से 12वीं तक की विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिला शिक्षा अधिकारी श्री बी.बाखला, जिला मिशन समन्वयक एन.के.चौधरी के मार्गदर्शन शासकीय नटवर इंग्लिश स्कूल में 15 सितंबर 2023 को विकासखंड स्तरीय कला उत्सव का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में रायगढ़ विकासखंड के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में अध्यनरत छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का पूरे उत्साह एवं मनोयोग से प्रदर्शन किया।

राजीव युवा मितान क्लब ने किया वृक्षारोपण

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत संगवाकापा में राजीव युवा मितान क्लब के द्वारा वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया। जिसमें क्षेत्रीय जनपद सदस्य निरंजन साहू, आरआई नरेश साहू, क्लब अध्यक्ष संजय साहू, यादराम, धनेश, लोकेश, संदीप, हेमंत, रामप्रसाद, सुनील, सुखनंदन इत्यादियों का उपस्थिति रहा। इसमें नीम, कदम, करंज व गुलमोहर आदि वृक्षों का रोपण हुआ।

ओलंपिक आज से बिलासपुर में

रायगढ़/नवप्रदेश। संभाग स्तरीय छत्तीसगढिय़ां ओलंपिक का आयोजन स्व.बी.आर.यादव राज्य प्रशिक्षण केन्द्र बहतराई जिला-बिलासपुर में होने जा रहा है। जिसमें पुरूषों के लिए 19 सितम्बर एवं महिलाओं के लिए 21 सितम्बर को किया जाएगा। संभाग स्तरीय छ.ग.ओलंपिक में जिला रायगढ़ से कुल 16 खेलों के लिए 190 पुरूष, 184 महिला एवं 20 ऑफिसियल्स सहित कुल 394 सदस्यीय दल भाग लेंगे।

चोरी के ट्रैक्टर सहित आरोपी गिरफ्तार

सूरजपुर/नवप्रदेश। दिनांक 17.09.23 को ग्राम केशवनगर निवासी विद्याराम ने थाना विश्रामपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि बीते दिन अपने ट्रेक्टर को घर के सामने खड़ा किया था जिसे किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया है। रिपोर्ट पर अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध धारा 379 भादसं. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। मामले की सूचना पर पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री आई कल्याण एलिसेला ने अज्ञात चोर की पतासाजी कर जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। थाना विश्रामपुर पुलिस के द्वारा मामले की विवेचना करने के दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि सिलफिली जंगल मेन रोड़ के किनारे एक संदिग्ध व्यक्ति महिन्द्रा ट्रेक्टर को बार-बार स्टार्ट करने की कोशिश कर रहा है, सूचना पर पुलिस टीम फौरन मौके पर पहुंची जहां संदेही भोला राजवाड़े पिता मटकू राम उम्र 24 वर्ष ग्राम सुंदरगंज चौकी लटोरी को पकड़ा। पूछताछ पर उसने बताया कि शनिवार को सूरजपुर से लौटते वक्त ग्राम केशवनगर में ट्रेक्टर को खड़ा देख उसे चुराकर अम्बिकापुर ले जाकर बेचने की योजना बनाकर ट्रेक्टर को चोरी कर चलाते हुए सिलफिली जंगल तक आया जहां ट्रेक्टर बंद हो गया।

जिन स्कूलों से गोलियों की आवाज आती थीं, वहाँ अब बच्चे गा रहे पोयम : मुख्यमंत्री

■ **पहले आम जनता को मीटिंग आदि के बाद शाम होने पर घर पहुँचने में डर लगता था अब सुरक्षित महसूस कर रहे**

बीजापुर/नवप्रदेश। जिला स्तरीय भेंट मुलाकात के लिए बीजापुर जिले के प्रवास में पहुँचे मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने 457 करोड़ 58 लाख रुपए के विकास कार्यों के लोकार्पण और भूमिपूजन के अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि नक्सल प्रभावित जिन क्षेत्रों के बंद स्कूलों से पहले गोलियों की आवाज आती थीं वहां अब बच्चे पोयम गा रहे हैं। अभी कुछ बच्चों से बात की। वे फर्राटेदार इंग्लिश बोल रहे थे। यह बीजापुर का बदलाव है। पहले मीटिंग आदि होने पर आम जनता को शाम होने पर घर पहुँचने में डर लगता था वे अब सुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 123 करोड़ रुपए की राशि से निर्मित संरचनाओं का लोकार्पण किया एवं 334 करोड़ रुपए से बनने वाली अधोसंरचनाओं का भूमिपूजन किया। साथ ही उन्होंने हितग्राहीमूलक सामग्री का वितरण भी किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर ईंटपाल में नवनिर्मित बीजापुर गारमेंट फैक्ट्री का लोकार्पण भी किया एवं यहां कार्यरत महिलाओं से बातकर फैक्ट्री में चल रही गतिविधियों की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने रूरल इंडस्ट्रियल पार्क का भी अवलोकन किया। साथ ही उन्होंने जिले में 4 करोड़

रुपए से निर्मित सेंट्रल लाइब्रेरी का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कलेक्ट्रेट परिसर में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा का अनावरण भी किया।

उन्होंने इस अवसर पर जापान एवं चीन में आयोजित एशिया कप प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बीजापुर स्पोर्ट्स अकादमी के साफ्ट बाल के पांच खिलाड़ियों सहित भुवनेश्वर में आयोजित प्रथम जनजातीय खेलो इंडिया नेशनल प्रतियोगिता का हिस्सा रही फुटबाल टीम के सदस्य प्रमिला तेलम, कमला तेलम एवं ईशा कुड़ियम को सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर जिला अस्पताल बीजापुर का नामकरण महादेव राणा शासकीय जिला चिकित्सालय बीजापुर करने की घोषणा की। उन्होंने बीजापुर जिले के आवापल्ली स्थित उसूर चौक को नागुर दोरला चौक के नाम से नामकरण करने की घोषणा की। साथ ही उन्होंने नवीन शासकीय आदर्श महाविद्यालय जावंगा; गीदमद्ध का नामकरण वीरांगना मासक देवी नाग शासकीय आदर्श महाविद्यालय के नाम पर करने की घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने चेरपाल, वरदली, संकनपल्ली और पापनपाल में नवीन धान उपार्जन केंद्र एवं मादेपुर तथा जारपल्ली में नवीन प्राथमिक शाला खोलने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि बीजापुर अब कितना बदल गया है। 5 साल पहले जब यहां मुझे बुलाया जाता था तो सड़क मार्ग से आते थे, कार्यक्रम में भाषण देते हुए धीरे से कोई कहता था भैया ! जल्दी खत्म करो वापस जाना है। लेकिन आज बीजापुर में सभी सुरक्षित महसूस करते हैं। बीजापुर के लोगों में विश्वास बढ़ा है। बड़ी संख्या में कैंप खुले हैं जो इससे पहले कभी नहीं खुले थे। इतनी सड़कें बनी हैं जो पहले कभी नहीं बने थे। बहुत सारे मोटरसाइकिल खरीदे गए, जो पहले नहीं थे। 1000 से अधिक ट्रैक्टर खरीदे गए हैं, जो पहले नहीं थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले जब मैं भेंट.मुलाकात कार्यक्रम में आया था, यहां के लोग दो ही चीज मांगते थे। या तो हमारे यहां धान खरीदी केंद्र, बैंक खोल दो और दूसरा स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोल दो। मुझसे धान खरीदी केंद्रों की माँग की जाती है क्योंकि पहले की तुलना में दो से ढाई गुना ज्यादा धान का उत्पादन हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बीजापुर जिले में बंद पड़े 200 स्कूल पुनः आरंभ हो चुके हैं। बीजापुर जिले में 14 स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल खोले गये हैं। आज बस्तर फाइटर में अकेले बीजापुर से 300 नौजवानों को नौकरी मिली है। शिक्षकों की भर्ती हुई है।

अनुशासित व आर्कषक झांकियों को पुरस्कृत किया जायेगा : शोरी

■ **शांति समिति की बैठक संपन्न**

■ **10 बजे तक मूर्तियो का विसर्जन धीमी आवाज़ में डीजे का संचालन करने की हिदायत**

कांकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला की अध्यक्षता में तथा स्थानीय विधायक शिशुपाल शोरी की विशेष उपस्थिति में जिला कार्यालय के सभाकक्ष में सोमवार को गणेश उत्सव के संबंध में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष जितेन्द्र ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक अनुराग झा एसडीएम कांकेर मनीष साहू सहित गणेशोत्सव समितियों एवं नगर निकाय के पदाधिकारी मौजूद थे। शांतिपूर्वक गणेश उत्सव आयोजन के संबंध में बैठक में उपस्थित सदस्यों से कलेक्टर ने सुझाव मांगे तथा सार्वजनिक उत्सव आयोजन के संबंध में शासन प्रशासन का सहयोग करने की अपील

करते हुए उन्होंने कहा कि कांकेर जिले में हमेशा सौहार्द्र पूर्ण ढंग से सभी त्यौहार को मनाते आये हैं, जिसे कायम रखा जाए। उच्चतम न्यायालय द्वारा दिये गये निर्देशों के पालन में रात्रि 10 बजे तक ही मूर्तियों का विसर्जन किया जावे। उच्चतम न्यायालय, नेषनल ग्रीन ट्रिब्यूनल और छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय व छत्तीसगढ़ शासन के दिषा निर्देषों की विस्तार से जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि जिला प्रषासन अथवा सक्षम प्राधिकारी से विधिवत अनुमति के बाद ही स्वागत द्वार, मंच-पंडाल का निर्माण तथा सार्वजनिक कार्यक्रम आयोजित किया जावे। गली, मार्ग, संकरे रास्ते, सड़कों के मध्य स्वागत द्वार अथवा मंच-पंडाल स्थापित न करें। मूर्ति स्थापना या सार्वजतिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए विद्युत विभाग से विधिवत विद्युत कनेक्षन ले लिया जावे। अवैधानिक रूप से बिजली तार (हुकिंग) से कनेक्षन न जोड़े। सार्वजनिक कार्यक्रम के आयोजन मे पर्याप्त अग्नि शामक यंत्र व अग्नि सुरक्षा के संसाधन रखा जावे। भोज भण्डारा का रसोई, कार्यक्रम स्थल से पृथक रखा जाए तथा प्लास्टिक से बनी चीजे जैसे-कप, प्लेट, थाली, ग्लास, दोना-पत्तल, कैरीबैग इत्यादि का उपयोग न करे। मूर्ति विसर्जन हो या झांकी, शोभायात्रा व जुलूस, प्रशासन द्वारा चिन्हांकित रूट चार्ट और सरोवर में ही किया जावे। आयोजन के दौरान बजने वाले गीत संगीत गरिमामय व भक्तिपूर्ण होना चाहिए।

उच्चतम न्यायालय, उच्च न्यायालय व नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा पारित निर्णय के अनुसार ही डीजे, लाऊण्डस्पीकर, ध्वनी विस्तारक यंत्र का साउण्ड निर्धारित सीमा 10 डी.बी. (ए) तथा 75 डी.बी. (ए) में रखा जावे। डीजे, साउंड सिस्टम चलाने के लिए रात्रि 10 बजे तक का समय सीमा निर्धारित किया गया है। गणेषोत्सव आयोजन समितियों को अपना-अपना वालिंटियर नियुक्त करने के लिए भी उनके द्वारा निर्देषित किया गया। विधायक षिषुपाल शोरी ने कहा कि सभी गणेष उत्सव आयोजन समितियां अपना वालिंटियर नियुक्त करें अनुशासित एवं आर्कषक झांकियों को पुरस्कृत किया जायेगा। अतिरिक्त अपुलि अधीक्षक अनुराग झा ने कहा कि हमारे कार्यो को किसी को तकलीफ नहीं होनी चाहिए, ऐसा मिषाल पेष करें। बैठक में समिति के पदाधिकारियों ने भी अपने सुझाव रखे।

निजी स्कूल संघ की 21 को होने वाली बैठक अब 22 को

■ **निजी स्कूल की 8 सूत्रीय मांगो पर सहमति नहीं बनी तो**

■ **दो अक्टूबर को जंगी प्रदर्शन की चेतावनी**

कांकेर/नवप्रदेश। रविवार को निजी स्कूल संघ के करीब 27 जिलों से पहुंचे संघ के प्रमुखो के साथ निजी स्कूल संघ के प्रदेश अध्यक्ष प्रदेश राजीव गुप्ता उपाध्यक्ष मनीष डागा ज्योति अग्रवाल महासचिव मोतीलाल जैन सहित प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक आहूत किया गया जिसमें गहन विचार मंथन के बाद यह प्रदेश निजी स्कूल संघ ने निर्णय लिया कि प्रशासन पर ÷संघ द्वारा 8 सूत्रीय मांगों की पूर्ति के लिए किए जा रहे आंदोलन के प्रथम दो चरणों की सफलता के बाद जो दबाव बना है उसके परिणाम स्वरूप जो सकारात्मक रुख अपनाया जा रहा है उसे देखते हुवे 21 सितंबर को रायपुर में होने वाले धरना प्रदर्शन को स्थगित किया गया है।

सकारात्मक रवैये के बाद भी

संघ का एक प्रतिनिधि मंडल ने 22 सितंबर 2023 को शिक्षा विभाग के संचालक के साथ मांगो की पूर्ति की स्थिति की प्रगति की समीक्षा के लिए बैठक में भाग लेगा।

तदुपरांत आंदोलन की रूपरेखा जो यह है कि अगर मांगे तय समय पर पूरी नही होती है तो 2 अक्टूबर 2023 गांधी जयंती के अवसर पर पूरे प्रदेश से निजी स्कूलो के 2 लाख से भी अधिक संख्या में राज्य भर से निजी स्कूल संचालक स्कूल स्टाफआरटीई के पालक रायपुर पहुचकर जंगी प्रदर्शन करने बाध्य होंगे।

आंदोलन की रूपरेखा के संदर्भ में कोऑर्डिनेटर की नियुक्ति भी कर दी गयी है और हर 3 दिन में ऑनलाइन मीटिंग कर वास्तुस्थिति से अवगत किया जाएगा। इसके अलावा निजी संघ के राज्य सरकार के साथ बैठक के नतीजों के बाद आगे की तैयारियों की रूपरेखा और सबकी क्रमबद्ध भूमिकाओं को भी अंतरिम रूप से तैयार किया जाएगा।प्रदेश स्तरीय बैठक मे कांकेर से जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र दुबे जिला महासचिव उमेश साहू जिला उपाध्यक्ष लीलेश ठाकुर शमिल हुए।

ईवीएम मशीन का किया गया प्रदर्शन

■ **बीएलओ मरकाम ने बताई वोटिंग करने की बारीकियां**

कांकेर/नवप्रदेश। जिला निर्वाचन कार्यालय कांकेर द्वारा शहर के नवीन मतदाताओं वोटिंग और ईवीएम मशीन के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से संजय नगर वार्ड के मतदान केंद्र क्रमांक 54 एवं 55 में प्राथमिक शाला संजय नगर में सेक्टर ऑफिसर राहुल थवानी के मार्गदर्शन में वार्ड वासियों और नवीन मतदाताओं के बीच ईवीएम मशीन का प्रदर्शन किया गया सेक्टर ऑफिसर के द्वारा मशीन के बारे में उपस्थित सभी मतदाताओं को विस्तार से बताया गया कि इस मशीन का उपयोग मतदान दिवस के दिन किस प्रकार से करना चाहिए और मतदान दिवस के दिन वहां उपस्थित सभी कर्मचारियों के पास कौन-कौन से मशीन होते हैं जिसका संचालन वे करते हैं । नवीन मतदाता के रूप में उपस्थित कुमारी कीर्ति राजपूत को बीएलओ चंद्रजय मरकाम के द्वारा किस प्रकार से वोटिंग किया जाता है प्रत्यक्ष रूप से कराकर बताया गया साथ ही वार्ड के सभी लोगों के समक्ष वोटिंग मशीन से संबंधित सभी बारीकीयो को भी बताया गया। वार्ड के गणमान्य नागरिक के रूप में श्रीमती सुशीला साहू श्रीमती शैलजा सिंह देव श्रीमती रोहिणी कश्यप श्रीमती टुकेश्वरी कंवर श्रीमती राबिया फातिमा श्रीमती शतरूपा रजक श्रीमती सुनीता राजपूत श्रीमती सुनीता नेताम आवेश खान मकबूल खान मुजस्सर खान आदि उपस्थित थे।

आज विराजेंगे विघ्नहर्ता

■ **शहर में विशालकाय पंडाल बनकर तैयार छोटे बड़े पचास से अधिक पंडाल में विराजेंगे विघ्नहर्ता शहर में भक्तिमय माहौल**

कांकेर/नवप्रदेश। जिले भर में गणेशोत्सव को लेकर तैयारी जोरों पर है । शहर में अलग अलग मोहल्ले से लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग में विशाल विघ्नहर्ता के लिए बड़े बड़े पंडाल सजकर तैयार हो चुके हैं। शहर में विशाल विघ्नहर्ता की मूर्तियों का आगमन गाजे बाजे के साथ शुरू हो चुका है। कैलेंडर की तारीख के अनुसार मंगलवार को विघ्नहर्ता विराजमान होंगे।

बड़े बड़े पंडालों में सजावट अंतिम चरणो में शहर में छोटे बड़े करीब पचास से अधिक पंडाल सजाया गया है।सभी पंडालों में भगवान गणेश की मूर्तियों की स्थापना होगी ।छोटे छोटे बच्चे भी भगवान गणेश की मूर्ति स्थापित करने में दिलो जान से जुटे हुए है। बच्चो में गणेश चतुर्थी को लेकर जबरदस्त उत्साह का माहौल देखा जा सकता है।इसके अलावा शीतलापारा झुनियापारा महादेव वार्ड मांझा पारा जैसे अन्य वार्डो में यूवाओ की समिति द्वारा लाखो की विशालकाय विघ्न हर्ता की मूर्तियों को विराजमान किया जा रहा है।

शहर का माहौल हुआ भक्तिमय

गणेश चतुर्थी को लेकर जगह जगह विशाल पंडाल में की जा रही आकर्षक सजावट से शहर का माहौल भक्ति मय हो चुका है।विघ्नहर्ता की विशाल मूर्ति रायपुर दुर्ग भिलाई माना जैसे शहरों से लाया जा रहा है।आयोजन समिति के अनुसार बढ़ती महंगाई के चलते इस बार पिछली कीमत के मुताबिक इस साल दोगुना दाम बढ़ा है। भगवान गणेश की बड़ी मूर्तियों की कीमत एक लाख से अधिक आंकी गई है। वही छोटी छोटी मूर्तियों के दाम में भी जबरदस्त बढ़ोत्तरी देखने को मिली है।

एनीकट पार कर रहीं मां और 2 बच्चियां बही

एक को निकाला, दो का रेस्क्यू जारी

जगदलपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में एनीकट पार कर रहीं मां समेत 2 बच्चियां पानी के तेज बहाव के साथ बह गईं हैं। हालांकि, वहां मौजूद लोगों ने एक बच्ची को तो सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है, जबकि महिला और एक अन्य बच्ची अब भी लापता हैं। SDRF की टीम मां-बेटी की तलाश में जुटी हुई है। मामला जिले के भानपुरी थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, रविवार की सुबह भानपुरी के अमलीगुड़ा एनीकट की तरफ महिला अपनी दो बेटियों के साथ गई हुई थी। एनीकट के ऊपर से पानी बह रहा था। जान जोखिम में डालकर महिला एनीकट को पार करने लगी। इसी बीच अचानक तीनों मां बेटी पानी के तेज बहाव के साथ बह गए। जब यह हादसा हुआ उस समय वहां इलाके के कुछ और लोग भी मौजूद थे। जिन्होंने पानी में छलांग लगाई और एक मासूम बच्ची को बचा लिया।

जबकि दूसरी बच्ची और महिला पानी के तेज बहाव के साथ बह गईं। इस बात की जानकारी फौरन भानपुरी थाना के जवानों को दी गई। मौके पर जवान पहुंचे जिन्होंने रेस्क्यू के लिए SDRF की टीम को भी सूचना दी। बताया जा रहा है कि, मौके पर पहुंची SDRF की टीम मां बेटी को ढूंढ़ने की कोशिश कर रही है। लेकिन अब तक उनका कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

पीएचडी एंट्रेंस के लिए नया सिलेबस 100 सवालों के देने होंगे जवाब

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर यूनिवर्सिटी में पीएचडी के लिए इस बार रिकॉर्ड आवेदन पहुंचे हैं। यूनिवर्सिटी से पीएचडी करने के लिए फार्म भरने वालों की संख्या 450 के करीब पहुंच गई है। इधर पीएचडी के लिए फार्म भरवाने के साथ-साथ बीयू ने एंट्रेंस एग्जाम के लिए नया सिलेबस भी तैयार कर लिया है। बीयू के सूत्रों ने बताया कि अभी जो सिलेबस तैयार किया गया है, उसमें कुल 100 प्रश्न होंगे।

प्रत्येक एक नंबर का होगा। इनमें 50 प्रश्न पहला प्रश्न पत्र होगा, जो शोद्य प्रवधि पर आधारित होगा और दूसरा प्रश्न पत्र 50 प्रश्नों वाला संबंधित विषयों के होंगे। माइनस मार्किंग नहीं रखी गई है। इसके अलावा अभी तय किया गया है कि एंट्रेंस एग्जाम के लिए परीक्षा केंद्र सिर्फएक ही रहेगा और पीएचडी करने का मौका मेरिट के आधार पर होगा।

बीयू प्रबंधन ने करीब-करीब एंट्रेंस एग्जाम के लिए सबकुछ तय कर लिया है, लेकिन इसे अभी सार्वजनिक नहीं किया जा रहा है। बीयू के अफसरों का कहना है कि जब सिलेबस कार्यपरिषद में पास हो जाएगा, उसके बाद छात्रों के लिए इसे सार्वजनिक कर दिया जाएगा। बीयू के सहायक कुलसचिव और पीएचडी प्रभारी ने सीएल टंडन ने बताया कि एंट्रेस एग्जाम के लिए संबधित विषयों के अध्ययन मंडल द्वारा सिलेबस तैयार कर लिया गया है। इसे विद्या परिषद और कार्यपरिषद में अनुमोदन के बाद लागू करते हुए छात्रों के लिए सार्वजनिक किया जाएगा।

गौरतलब है कि बीयू में अभी 20 शोद्य निदेशक मौजूद हैं। एंट्रेंस एग्जाम तक निदेशकों की संख्या और बढ़ने की उम्मीद है। इधर पीएचडी के एंट्रेस परीक्षा को पास करने वालों को साक्षात्कार भी देना होगा। साक्षात्कार में 30 प्रतिशत नंबर सवालों के जवाबों का होगा और 70 फीसदी लिखित परीक्षा का होगा। इसके बाद फाइनल सूची जारी की जाएगी। इसके अलावा लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए 50 फीसदी अंक लाना अनिवार्य है। सारे नियमों को यूजीसी के प्रावधानों के अनुसार बनाया गया है। यूजीसी ने हाल ही में पीएचडी विनियम 2022 लागू किया है जिसे विवि ने लागू किया है।

ढाबे में शराब की अवैध बिक्री करने वाला आरोपी गिरफ्तार

जगदलपुर/नवप्रदेश। ढाबा में शराब की अवैध बिक्री करने वाले मालिक को बस्तर पुलिस ने गिरफ्तार किया। ढाबा मालिक के कब्जे से 27 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 19,500/- रुपए है।

पुलिस को सूचना मिली थी कि कुदालगांव दशमेश ढाबा में, ढाबा के मालिक के द्वारा अवैध शराब बिक्री की जा रही है। सूचना पर पुलिस अफसरों के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोतवाली लीलाधर राठौर के नेतृत्व में अलग अलग टीम गठित कर कार्यवाही हेतु रवाना किया गया था। पुलिस टीम ने कुदालगांव दशमेश ढाबा में घेराबंदी कर दबिश दी।

जहां पर एक प्लास्टिक की बोरी के अंदर अंग्रेजी शराब 27 लीटर कीमती-19,500 रूपये/-तथा बिक्री के रकम 640 रुपए मिला। रेड कार्यवाही के दौरान टीम द्वारा ढाबा संचालक को पकड़ कर पूछताछ करने पर अपना नाम रणजीत सिंह बग्गा उर्फ सोनू बग्गा (36) जगदलपुर का होना बताया।

उसके कब्जे से जुमला शराब 27 लीटर कीमती-19,500 रुपए/- तथा बिक्री के रकम 640 रुपए को जब्त किया गया है। आरोपी के विरूद्ध थाना कोतवाली में धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर, कार्रवाई की गई है। मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर, न्यायालय रवाना किया जा रहा है।

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में 23 तक प्रवेश लेना अनिवार्य

कांकेर/नवप्रदेश। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के लिए चयनित विद्यार्थियों को 23 सितंबर तक प्रवेश लेना अनिवार्य है। निर्धारित तिथि तक प्रवेश नहीं लिए जाने पर प्रतीक्षा सूची के विद्यार्थियों को प्रवेश के लिए अवसर प्रदान किया जाएगा।

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में शेष रिक्त सीटों की पूर्ति के लिए 20 सितम्बर को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक प्री मेट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास भारती कांकेर गोविंदपुर (पंडित विष्णु प्रसाद शर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोविंदपुर खेल मैदान के पास) में काउंसलिंग का आयोजन किया गया है। चयन व काउंसलिंग सूची का अवलोकन कांकेर जिले की वेबसाईट में तथा जिले के सभी एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय और सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग कांकेर के कार्यालय में किया जा सकता है।

मॉडल गौठानों में संचालित गतिविधियों की समीक्षा

कांकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने आज कृषि, उद्यानिकी, कृषि विज्ञान केन्द्र एवं जिला पंचायत के अधिकारियों की बैठक लेकर गोधन न्याय योजना अंतर्गत जिले में संचालित गौठानों में किये जा रहे विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा करते हुए गौठानों का आय मूलक बनाने के लिए महिला स्व सहायता समूह के सदस्यों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि गौठानों मे मुर्गी पालन, बकरी पालन एवं सब्जी उत्पादन के लिए महिला स्व सहायता समूह के सदस्यों को प्रशिक्षण प्रदान किया जावे। गौठानो में उत्पादित सब्जियों को आश्रम व छात्रावास में विक्रय करने के लिए निर्देशित

किया गया। रीपा से संबंधित गौठानों को भी उत्कृष्ट बनाने के निर्देश दिये गये तथा उन्हे हब के रूप मे विकसित करने के लिए कहा गया। महिला समूह के सदस्यों को एकाउटिंग का प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए भी निर्देशित किया गया है। बैठक में मॉडल गौठान पोटगांव, गितपहर, कसावाही, मरकाटोला, भिरौद, लखनपुरी, श्रीगुहान, सारवण्डी, देवरीबालाजी, भनसुली, मानिकपुर, चिल्हाटी, लोहत्तर, कर्रामाड़, बारदा, कढ़ाईखोदरा इत्यादि गौठानों में संचालित गतिविधियों एवं कार्यों में प्रगति की विस्तृत समीक्षा किया गया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमीत अग्रवाल, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी वीरेन्द्र जायसवाल, कृषि विभाग के उप संचालक एन. के. नागेश, कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. बीरबल साहू, पशुधन विकास विभाग के उप संचालक डॉ. सत्यम मित्रा, मछली पालन विभाग के सहायक संचालक आर.एन. नाग, उद्यानिकी विभाग के सहायक संचालक श्री सोनकर सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

हैलिपेड में मुख्यमंत्री का आत्मीय स्वागत

बीजापुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का बीजापुर आगमन के दौरान हैलिपेड मे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं प्रभारी मंत्री कवासी लखमा का आत्मीय स्वागत क्षेत्रीय विधायक एवं बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री विक्रम शाह मंडावी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री शंकर कुड़ियम जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री कमलेश कारम जिला पंचायत सदस्य श्री बसंत राव ताटी, जिला पंचायत सदस्य नीना रावतिया उद्दे, राज्य युवा आयोग के सदस्य प्रवीण डोंगरे, बीज निगम के सदस्य इम्तियाज खान नगरपालिका अध्यक्ष बेनहूर रावतिया सहित जनप्रतिनिधिगण, एडीजी नक्सल आपरेशन

विवेकानंद सिन्हा, बस्तर कमिश्नर श्याम धावड़े, आईजी पी सुंदरराज, डीआईजी कमलोचन कश्यप, कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा, पुलिस अधीक्षक आंजनेय वाष्णैर्य ने की।

बीमारियों से बचने बाहर ना खाएं : डॉ. विकास

भाटापारा/नवप्रदेश। मौसमी बीमारियों के बढ़ते हुए मामलों के बारे में भी शहर के चिकित्सक डॉक्टर विकास आडिल का कहना है कि पहले के दिनों में मौसमी बीमारियों का एक ख़ास वक़्त होता था जब मौसम परिवर्तन होता था तब ज़्यादा से ज़्यादा साल में दो बार मौसमी बीमारियां होती थी और कहा जाता था कि एक बार मौसमी बीमारी होने के बाद लगभग छह महीने अब कोई बीमारी नहीं होगी पर आज कल के बदलते परिवेश खानपान प्रदूषण एवं कोरोना काल के बाद मौसमी बीमारियों के स्वरूप में परिवर्तन देखा जा रहा है अब के टाइम में यदि आपको सर्दी खाँसी बुखार यदि किसी महीने होता है तो हो सकता है कि उसी महीने आपको वो बीमारी दुबारा हो जाए ।पहले मौसमी बुख़ार ज़्यादा से ज़्यादा 3-4 दिन रहता था पर आज कल

बूखार कम से कम हफ़्ते भर रहता है और मौसमी बुखार जाने के बाद भी कमज़ोरी गले में ख़राश भूख न लगना ये अगले दिन से 15 दिन भी रह सकता है ।

डा विकास आडिल ने चर्चा में बताया की मौसमी बीमारियों के साथ बरसात के दिनों में डेंगू का प्रकोप भी देखा जा रहा है डेंगू एक ख़ास क़िस्म के मच्छर एडिस(टाइगर मॉसकीटों)के काटने के कारण होता है जोकि ठहरे हुए पानी मैं प्रजनन करता है और बीमारियों को फैलाता है इसके फैलने का मुख्य कारण गंदगी एवं ठहरा हुआ पानी है ।ये एक आदमी से दूसरे आदमी में मच्छरों के द्वारा ही फैलता है इससे बचने के लिए पहली चीज़ मच्छरों से अपना बचाव रखें ठहरे हुए पानी का निदान करे एवं ऐसी जगह जाने से बचें जहाँ डेंगू का प्रकोप ज़्यादा हो। बीमारी के कुछ भी लक्षण होने पर अपना खुद का इलाज न कर निकट के डॉक्टर से अपना सही समय पर जाँच व इलाज करवाएं। डेंगू बीमारी के लक्षणों में हाथ पैर दर्द , हाथ पैरों में चकत्ते ,सर्दी खाँसी ,उल्टी एवं आँखों में जलन जैसे लक्षण हो सकते हैं जो कि मौसमी बीमारियों के भी होते हैं इसलिए सामान्य नागरिक कई बार डेंगू को मौसमी बीमारी समझकर मेडिकल स्टोर से दवाई लेकर अपने स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करते है और बीमारियों को बढ़ा देते हैं।

सभी मौसमी बीमारियां संक्रामक होती है मतलब एक आदमी से दूसरे आदमी में ख़ासी सर्दी या फिर भी छूने से फैलती है । कई बार ये बीमारियाँ बाहर ट्रैवलिंग या फिर बाहर का खाना पीने से भी फैलती है । डा आडिल ने मौसमी बीमारी से बचने के लिए लोगो को आगाह किया की मुख्यतः बीमार व्यक्ति से थोड़ी दूरी बनाए रखें , बाहर का खाना पीना अवॉयड करें और बदलते मौसम के टाइम में बाहर ट्रेवल करने से बचे । सही समय पर अपनी जाँच और इलाज करवाना ही इन बीमारियों को ठीक करने का तरीक़ा है।

ऐसे मना विश्व ओजोन परत दिवस

बेमेतरा/नवप्रदेश। डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता में विश्व सफाई दिवस व विश्व ओजोन परत दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के आस -पास की सफाई करते हुए विद्यालय के सामने अभिभावकों के सहयोग से वृक्षारोपण का कार्य किया गया। जिसमें कई फलदार वृक्ष लगाए गए। संस्था के प्राचार्य पीएल जायसवाल ने बताया कि हर साल पूरी दुनिया में 16 सितंबर को ओजोन दिवस मनाया जाता हैं। दरअसल पृथ्वी के संरक्षण के लिए ओजोन परत की काफी अहम भूमिका होती हैं। पृथ्वी पर जीवन संभव बनाने के लिए ओजोन परत बेहद महत्वपूर्ण है। हर साल ओजोन दिवस मनाने का उद्देश्य है कि लोगों को इसके बचाव के लिए जागरूक किया जाए और इसके महत्व को समझा जा सकें। श्री

जायसवाल बताते हैं कि ओजोन परत के सुरक्षा के लिए हर तरफ ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने चाहिए। रबर, प्लास्टिक, गाड़ियों के टायर आदि को कम जलाना चाहिए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में माता-पिता सहित विद्यालय शिक्षक शिक्षिका व छात्र छात्राएं उपस्थित रहें।

हुनर शिखर की ओर पहुचे और जीवन उज्ज्वल हो : एल्मा

- **भगवान विश्वकर्मा जयंती पर दीक्षांत समारोह आयोजित**
- **आईटीआई के कार्यक्रम में, प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र सौंपे**

बेमेतरा/नवप्रदेश। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्व. चंदूलाल चन्द्राकर शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बेमेतरा में भगवान विश्वकर्मा जयंती पर दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। कलेक्टर पीएस एल्मा ने वर्ष 2023 में उतीर्ण प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र सौपें। जिसमें व्यवसाय कोपा में 40, व्यवसाय विद्युतकार में 16, व्यवसाय मैकेनिक डीजल में 10 मार्कशीट एवं एनटीसी प्रदान किया गया हैं। संस्था का रिजल्ट 90 प्रतिशत रहा हैं। उत्साह से प्रशिक्षणार्थीयों व स्टाफ द्वारा मनाई गई। कलेक्टर के साथ डिप्टी कलेक्टर सुश्री पिंकी मनहर भी मौजूद थी। कलेक्टर पीएस एल्मा ने महात्मा गांधी व विश्वकर्मा के चित्र दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किये। कलेक्टर एल्मा ने उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों से

कहा कि आप लोगों ने अपनी अभिरुचि अनुसार प्रशिक्षण लिया और यहां से हुनर ले कर जा रहें हो। अपने हुनर का सही उपयोग कर शिखर की ओर पहुँचे और अपना जीवन उज्ज्वल बनाये। अपने कार्य को पूरी लगन और मेहनत व अनुशासन के साथ करेंगे, ऐसी आशा नहीं विश्वास भी हैं। हर जगह आजकल हुनर की पूछ परख हैं। चाहे वह कोई भई कार्य या व्यवसाय क्यों ना हो। प्रशिक्षण से काम में और निखार आता हैं। कलेक्टर एल्मा ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को बधाई, शुभकामनाएं एवं उज्वल भविष्य के लिए अपना आशीर्वाद दिया। पिंकी मनहर द्वारा भी छात्र-छात्राओं को पात्रतानुसार विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि लक्ष्य को कड़ी मेहनतए इमानदारी अनुशासन व दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ कोई भी परीक्षा में सफलता पायी जा सकती हैं। कोई भी कठिनाई या विपरीत परिस्थितियाँ क्यों न हों सकारात्मक सोच के साथ अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। मंच संचालन अरूणा फाटे व आभार घनश्याम प्रसाद वर्मा ने किया।

विश्वकर्मा की प्रतिमा विर्सजित

उतई/नवप्रदेश। ग्राम धनोरा के शक्ति पारा में धूमधाम से सृजनकर्ता विश्वकर्मा की मूर्ति स्थापना विधिवत पूजा अर्चना के साथ की गयी। संयोजक मनेश साहू ने बताया शक्ति पारा में लगातार 17 सालो से भव्य मूर्ति की स्थापना किया जाता है और दूसरे दिन 18 सितम्बर को मूर्ति विसर्जन किया। विसर्जन धूमधाम से हुआ। इस दौरान मनेश साहू सेमनेश साहू ,लोमश, भुपेश साहू, युवराज, कमल गोविंद, कोमल, जीतेन्द्र, रमेश मंथीर नरेन्द्र, रामस्वरूप, अमर, राजेन्द्र ओमप्रकाश, मंत्रराम हेमकुमार युवराज कुणाल साहू सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

नगर पंचायत में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा

साजा/नवप्रदेश। नगर पंचायत साजा द्वारा 16 सितंबर को भारत सरकार शहरी एवं आवासन मंत्रालय के निर्देशानुसार स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अंतर्गत इंडियन स्वच्छता लीग 2.0 का आयोजन किया गया। नगर के पुराना कार्यालय भवन से रानी अवंती बाई चौक तक स्वच्छता रैली निकालकर स्वच्छता के नारे लगाए गए। स्वच्छता अभियान के तहत बाजार तालाब की सफाई किया गया एवं स्वच्छता शपथ लिया गया व स्वच्छता दीदियों को पीपीई कीट प्रदाय किया गया। जिसमें नगर पंचायत साजा के विधायक प्रतिनिधि मनोज जायसवाल एवं पार्षदगण, एल्डरमेन सहित नगर पंचायत साजा के अधिकारी कर्मचारी सहित स्वच्छता दीदी एवं स्कूलों के बच्चें,

शिक्षकगण एवं अन्य सभी कर्मचारीगण उपस्थित थे।

कमला कॉलेज में विश्व ओजोन परत संरक्षण दिवस पर कार्यशाला

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शासकीय कमला देवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनादगांव के पर्यावरण संरक्षण समिति तथा इको क्लब द्वारा दिनांक 16 सितंबर 2023 को विश्व ओजोन पर संरक्षण दिवस पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा ने कहा कि ओजोन परत का संरक्षण प्रत्येक नागरिक की महती जिम्मेदारी है, अन्यथा मौसम परिवर्तन, सूखा, अकाल, दुकाल (बाढ़), बादल

फटना आदि घटनाएं घट सकती है।

कार्यक्रम में एमएससी बॉटनी की छात्रा अंजू साहू ने ओजोन दिवस के इतिहास पर प्रकाश डाला। एमएससी रसायन शास्त्र की छात्रा सोनिता कंवर ने ओजोन के रसायनिक परिपेक्ष्य पर प्रकाश डाला तथा स्नेहा उइके ने इसके पर्यावर्णीय प्रभावों की जानकारी दी। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. ओंकार लाल श्रीवास्तव ने कहा कि हम सब नागरिक कम से कम एक पौधा लगाकर पेड़ बनाये तो अनेक समस्याओं से बचे रह सकते है।

इको क्लब के प्रभारी आलोक जोशी ने सूर्य से आने वाली पराबैगनी किरणों से त्वचा कैंसर के जैविक प्रभावों पर चर्चा की। भूगोल विभाग के डॉ. कृष्ण कुमार द्विवेदी ने ओजोन परत के भौगोलिक प्रभावों के बारे में जानकारी दी। प्रो. एमके मेश्राम प्राणीशास्त्र विभाग ने मांट्रियल प्रोटोकॉल की जानकारी दी। संस्कृत विभाग की डॉ. सुषमा तिवारी ने संस्कृत साहित्य एवं पर्यावरण संरक्षण पर चर्चा की। रसायन शास्त्र विभाग के श्रीमती नदिनी चंद्रवंशी ने कहा कि विभिन्न ग्रीन हाउस गैसों के प्रभाव से ओजोन परत में कमी हो रही है। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन श्रीमती नीलम धनसाय ने किया तथा डॉ. जीपी रात्रे एवं अमरनाथ निषाद ने छात्राओं को श्रमदान कर महाविद्यालय को हरा भरा करने को प्रेरित किया। अंत में डॉ. ओंकार लाल श्रीवास्तव ने सभी इच्छुक छात्राओं को शहतूत का प्रौधा वितरित किया। कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता करने वाली छात्राओं को प्राचार्य द्वारा पुरस्कृत किया गया।

कांग्रेस भवन में तीज पर महिलाएं सम्मानित

भाटापारा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के पारंपरिक त्यौहार तीजा के अवसर के पर स्थानीय कांग्रेस भवन में भाटापारा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस टिकट दावेदार राधेश्याम शर्मा ने जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष श्रीमती गौरी भृगु व छग प्रदेश किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष देवेन्द्र भृगु के साथ कांग्रेस के लिए समर्पित माताओं बहनों को भारतीय परिधान (लुगरा - साड़ी) व मिठाई भेंट कर तीजा पर्व की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी।

भाटापारा कांग्रेस भवन में हुए इस आयोजन में महिला कांग्रेस की सक्रिय समर्पित कार्यकर्ताओं को आमंत्रित कर उन्हें सम्मान पूर्वक छत्तीसगढ़ के तीजा त्यौहार को उत्साह से मनाने की परंपरा का निर्वहन करते हुए सभी को उपहार स्वरूप लुगरा - साड़ी भेंट किया गया। ऐसे आयोजन से पार्टी के अन्दर अपनत्व का भाव दर्शित होता है। उपस्थित महिला सदस्यों ने कहा कि राधेश्याम शर्मा (फगा महराज) ने जिस प्रेम , स्नेह , बड़े भाई के भाव से हमें सम्मान दिया है वह एक पारिवारिक परिवेश को प्रदर्शित करता है। हम सभी एक परिवार के रूप में कांग्रेस के लिए समर्पण का भाव रखते हैं। हमारी जिलाध्यक्ष श्रीमती गौरी भृगु ने सदैव महिला कार्यकर्ताओं का मान सम्मान बढ़ाया है।इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि राजेन्द्र वर्मा, रामायण साहू, हरि लहरें, सतरूपा वर्मा,ब्लाक महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रमिला साहू, हेमिन ध्रुव, निर्मला कोशले, पूर्णिमा श्रीवास, दशमत साहू, आशा ध्रुव, शकुन ढीमर, सोनिया ढीमर, पार्वती ध्रुव सहित अन्य कांग्रेस जन उपस्थित थे।

डीएवी स्कूल में हवन यज्ञ

- **अभिभावकों ने वॉटर कूलर देकर किया शुभारंभ**

बेमेतरा(जांता)/नवप्रदेश । डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जाँता में वैदिक हवन यज्ञ के साथ वाटर कूलर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के लिए अतिथि में कक्षा केजी एक से कक्षा बारहवीं के अभिभावकों को आमंत्रित किए गए थे एवं संस्था के गोविंद साहू शिक्षक द्वारा वैदिक हवन यज्ञ कराया गया। विद्यालय के प्राचार्य पीएल जायसवाल ने बताया कि डीएवी स्कूल अपने सीबीएसई पढ़ाई के साथ-साथ नैतिक शिक्षा व अच्छी संस्कार व प्रत्येक एक्टिविटी के लिए जाना जाता हैं। महर्षि दयानंद सरस्वती के नाम से ही दयानंद एंग्लो वैदिक (डीएवी) विद्यालय प्रारंभ हुआ है। महर्षि दयानंद आर्य समाज के संस्थापक है। संस्था में समय समय पर छात्रों को हवन यज्ञ व संस्कार को लेकर नैतिक शिक्षा की पढ़ाई निरंतर होते रहता है, सभी शिक्षक शिक्षिकाएं भी छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु मेहनत कर रहे है। वही सभी माता-पिता व अभिभावकों ने

मिलकर विद्यालय को एक वाटर कूलर लगवाए हैं। इस अवसर में जनपद सदस्य शगुन चन्द्राकर, मूलचंद चन्द्राकर, अजय ठाकुर, विनय त्रिपाठी सभी ने मिलकर वॉटर कूलर का पूजा अर्चना करते हुए फीता कर उद्घाटन किए। इस पुनीत कार्य में डीएवी संस्था से प्राचार्य पीएल जायसवाल सहित शिक्षक राहुल पटेल,अखिलेश पटेल, ज्ञानेश्वर साहू, लीना सिंह, निशु गुप्ता, प्रियंका सिंह, गोविंद साहू,अनिल कुमार, यामिनी मानिकपुरी, आयुषी जैन, कैलाश सिंह, छोटू राम साहू, राजा तनतुवे, सरिता साहू, सविता साहू, मनीषा सोनी, रेणुका पटेल, रितिका साहू, आरती धीवर, सुखदेव साहू, विजय चंद्राकर, गीता साहू, नरेश साहू सहित शालेय परिवार उपस्थित रहें।

ऋण जाल से उबरने किसानों को सुनहरा मौका

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। प्रदेश के जिला सहकारी केन्द्रीय बैंकों तथा प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के कालातीत सदस्यों हेतु एकमुश्त समझौता योजना शासन द्वारा लागू की गई है। जिसमें जिला सहकारी बैंक रायपुर के कार्यक्षेत्र जिला रायपुर, गरियाबंद, बलौदाबाजार, सारंगढ़ -बिलाईगढ़, महासमुंद एवं धमतरी की शाखाओं एवं समितियों से लिये गये समस्त प्रकार के व्यक्तिगत संस्थागत कृषि/अकृषि ऋण की अदायगी हेतु शासन द्वारा एकमुश्त समझौता योजना लागू किया गया है। समझौता योजनांतर्गत किसानों के बकाया ऋण की अदायगी के लिए नियम एवं शर्ते निम्नानुसार होगी जिसके तहत कृषक को जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक अथवा प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति का कालातीत ऋणी सदस्यों होना चाहिए। दिनांक 31 मार्च 2022 पर 6 वर्ष से अधिक का कालातीत सदस्य हो।कालातीत सदस्य का खाता एन.पी.ए. होने के दिनांक पर अथवा समझौता दिनांक पर कुल बकाया ऋण,दोनों में से जो भी कम हो उस पर समझौता अथवा ऋण अदायगी दिनांक तक 6 प्रतिशत साधारण व्याज की अदायगी किसान को करना होगा। एक मुश्त समझौता योजना 30 सितंबर 2024 तक सीमित है। समझौता दिनांक पश्चात् ऋण खाते में अधि भारित दण्ड ब्याज, विधिक व्यय एवं अन्य व्यय की छूट भी बैंक समिति द्वारा दी जाएगी।उक्त योजना की सम्पूर्ण जानकारी के लिये अपने निकटतम जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की शाखा से व संबंधित समिति से संपर्क कर विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुये योजना का अधिक से अधिक लाभ उठायें।

गिरदावरी के काम का औचक निरीक्षण

- **कंतेली और सिंघौरी के किसानों ने जमीनी हकीकत जानी**

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा जिलें में किसानों की भूमि और खरीफ फसलों के आकलन के लिए राजस्व विभाग गिरदावरी रिपोर्ट तैयार करा रहा है। जुलाई माह से ही गिरदावरी कार्य शुरू हो गया है। जिसे 30 सितंबर तक पूरा करना है। अपर कलेक्टर सहित अपने-अपने क्षेत्रों बेमेतरा तहसील के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सहित, बेरला, साजा,और नवागढ़ अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, राजस्व निरीक्षक, पटवारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों ने किसानों के जमीन का आंकलन मौके पर पहुँचने का सिलसिला आज से शुरू कर दिया हैं। गिरदावरी के दौरान स्थल का मौका मुआयना करने पर वास्तविक स्थिति का भी पता चलेगा।

अपर कलेक्टर सीएल मार्कण्डेय ने शुक्रवार को रैंडमली निरीक्षण करने स्वयं खेतों में पहुँचें। ग्राम कंतेली और सिंघौरी में लगभग 100 खसरों का मौके पर जाकर गिरदावरी निरीक्षण किया। उनके साथ डिप्टी कलेक्टर पिंकी मनहर और अधीक्षक भू अभिलेख आशुतोष गुप्ता ने भी निरीक्षण किया। मौके पर हल्का पटवारी, कोटवार, ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव और कृषकगण उपस्थित थे।

अपर कलेक्टर मार्कण्डेय ने कहा निरीक्षण के दौरान कहा कि समर्थन मूल्य पर धान एवं मक्का खरीदी तथा राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत रकबे के आधार पर किसानों को लाभ दिया जाता है। इसके लिए वास्तविक कृषक, उनके सही रकबे एवं उसमें लगाई गई फसल का सत्यापन होना अत्यंत आवश्यक है। जिले में ऐसे कई क्षेत्र हैं जहां धान के अतिरिक्त अन्य फसलों का वृहद क्षेत्र में उत्पादन किया जाता है। अतः अभियान के रूप में त्रुटिरहित गिरदावरी किया जाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

अपर कलेक्टर मार्कण्डेय कहा कि किसानों को गिरदावरी का काम पूरा होने बाद कई फायदे होंगे। गिरदावरी का काम पूरा होने के बाद फसल कटाई, फसल खराब, फसल उत्पादन की सही जानकारी मिलेगी। किसानों को फसल में हुए नुकसान, अकाल की स्थिति और आरबीसी 6-4 के तहत सही मुआवजा भी मिलेगा। किसानों के सभी रिकॉर्ड ऑनलाइन रहेंगे। इससे खाद-बीज के लिए लोन लेने के अलावा फसल बेचने में भी सुविधा होगी।

कलेक्टर पीएस एल्मा ने आरआई सर्कल वार निरीक्षण अधिकारियों की भी नियुक्ति कर दी है। स्वयं भी इस बार इस कार्य को रैंडम निरीक्षण करने स्वयं खेतों में पहुँचेंगे।उन्होंने जिले के सभी राजस्व अधिकारियों से कहा कि यह उनका मूल काम है। इस काम में किसी प्रकार की कोताही या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

स्कूलों में आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर 22 से आयोजित

कवर्धा/नवप्रदेश। राज्य शासन द्वारा वर्ष 2023-24 में कबीरधाम जिले की सभी स्कूलों में रानी लक्ष्मी बाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण (विधा का नाम- कराते, जुडो, ताईक्वांडो, किक बॉक्सिंग आदि) दिया जाएगा। जिला समन्वयक विनोद श्रीवास्तव ने बताया की इस प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षकों की आवश्यकता है। इच्छुक संस्था, समूह, स्वयं 22 सितंबर 2023 शुक्रवार को शाम 5 बजे तक, कार्यालय विकासखण्ड स्त्रोत केन्द्र-समग्र शिक्षा, कवर्धा जिला-कबीरधाम में अपनी संस्था, समूह, स्वयं की विस्तृत जानकारी, विधा, विशेष उपलब्धि (राज्य/राष्ट्रीय स्तर) आदि जानकारी के साथ आवेदन दे सकते है। विस्तृत जानकरी के लिए कार्यालय आकर प्राप्त कर सकतें है।

नवप्रदेश छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश — छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023

बिन्द्रानवागढ़ की जनता ने सबसे ज्यादा पुजारी परिवार पर जताया भरोसा

जीवन एस साहू

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबद जिले की बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र की राजनीतिक सियासत में आजादी के बाद से अब तक पुजारी परिवार और राजमहल छुरा परिवार का प्रभाव देखने को मिला है। बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में पुजारी परिवार से 5 बार एवं राजमहल से 5 बार विधायक निर्वाचित हुए हैं। यह विधानसभा क्षेत्र अजजा वर्ग के लिए आरक्षित है और यह विधानसभा क्षेत्र को अमीर धरती के नाम से जाना जाता है। हीरे के खदान और खनिज सम्पदाओं से भरा क्षेत्र है, इस विधानसभा का नेतृत्व पूर्व मुख्यमंत्री पंडित श्यामचरण शुक्ल भी विधायक बनकर कर चुके है। आदिवासी बाहुल्य बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा सीट 1962 में अजजा वर्ग के लिए आरक्षित होने के पूर्व 1957 मे पंडित श्यामाचरण शुक्ल यहां के विधायक चुने गये थे। 1952 में गौकरण सिंह ठाकुर विधायक मनोनित किया गया था। 1962 में इस सीट को आदिवासी वर्ग के लिए आरक्षित किया गया तो प्रत्याशियों के चेहरे बदल गये। 1962 में प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के खामसिंग कोमर्रा विधायक बने और 1967 मे खामसिंग कोमर्रा का प्रभाव बना रहा वे इस बार जनसंघ की टिकट पर दिया छाप से चुनाव लड़े कांग्रेस के चरणसिंग ठाकुर को पछाड़ा कर लगातार दूसरी बार विधायक चुने गए। 1972 में निर्दलीय प्रत्याशी राजमहल से रानी पार्वतीशाह देवी विधायक चुनी गई। 1977 में चुनाव में भारतीय राजनीति का परिदृश्य बदला बदला सा गया था लोग कांग्रेस से नाराज थे जयप्रकाश की जनता लहर चल रही थी उसकी चपेट मे यह क्षेत्र भी नहीं बचा और

जनता पार्टी से बलराम पुजारी जीते। 1980 में भाजपा की टिकट पर फिर बलराम पुजारी दूसरे बार विधायक चुने गए, 1985 मे कांग्रेस के ईश्वर सिंग पटेल विधायक बने। 1990 मे बलराम पुजारी भाजपा ने कांग्रेस के महेश्वर सिंह कोमर्रा को हराया और बलराम पुजारी तीसरी बार विधायक चुने गए। 1993 में कांग्रेस के प्रत्याशी राजमहल से ओंकार शाह ने चरणसिंग मांझी को भारी मतों से पछाड़ दी तथा 1998 मे चरणसिंग मांझी ने कांग्रेस के ओंकार शाह को हराया। इसके बाद वर्ष 2003 मे राजमहल से ओंकार शाह फिर से कांग्रेस के विधायक बने। 2008 के चुनाव मे डमरूधर पुजारी ने भाजपा से चुनाव लड़कर ओंकार शाह को हराया। 2013 मे कांग्रेस के जनक ध्रुव को पछाड़ कर गोवर्धन मांझी बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा से जहां विधायक बने और छत्तीसगढ शासन में उन्हें संसदीय सचिव का जिम्मेदारी मिली। दूसरी ओर 2018 में बिन्द्रानवागढ विधानसभा से कांग्रेस के संजय नेताम को लगभग 10 हजार वोट से हराकर भाजपा के डमरूधर पुजारी को दूसरी बार विधायक चुना गया।

डमरूधर पुजारी विधायक बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा

2023 के चुनाव में राजमहल की भूमिका

राजमहल परिवार से कांग्रेस के दो बार बिन्द्रानवागढ़ में विधायक का चुनाव जीतकर प्रतिनिधित्व करने वाले ओंकार शाह को पिछले 2018 के चुनाव में कांग्रेस से टिकट नहीं मिलने पर नाराज होकर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से चुनाव लड़े थे। लगभग 20 हजार वोट प्राप्त किए थे जिसके चलते कांग्रेस प्रत्याशी संजय नेताम को हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन लोकसभा चुनाव के दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कहने पर कांग्रेस प्रत्याशी के लिए ओंकार शाह चुनाव प्रचार का कमान भी संभाला था और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से इस्तीफा भी दे चुके हैं। क्षेत्र के लगभग हर गांव में आदिवासी समाज के मुखिया, प्रमुखों और कांग्रेस के पुराने नेता वरिष्ठ कार्यकर्ताओ की एक बड़ी टीम ओंकार शाह के साथ हमेशा खड़े नजर आते हैं। सीएम के करीबी भी बताए जाते है, लेकिन विधानसभा चुनाव के लिए उन्होंने दावेदारी अभी तक नहीं की है। आगामी विधानसभा चुनाव में क्या रूख रहेगा यह आने वाले समय ही तय करेगा।

बलराम पुजारी साइकिल से करते थे दौरा

गरियाबंद जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता मुरलीधर सिन्हा ने बताया कि बलराम पुजारी लगातार तीन बार विधायक निर्वाचित होने के बाद भी इतने सरल और सौम्य थे कि उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान एक कार भी नहीं खरीदा लेकिन हर जगह हर कार्यक्रम में शामिल होते थे। वे पहले ऐसे विधायक थे जो यात्री बस और पैदल तथा साइकिल से मीलों यात्रा कर गांव-गांव पहुंच अनेक कार्यक्रमों में शामिल होते थे। साथ ही बड़े आसानी से सभी लोगों का कार्य चलते फिरते करते थे, जिसके कारण जनता उन्हें काफी पंसद करती थी।

अपना नामांकन ले लिया वापस

बलराम पुजारी को चैथी बार भाजपा से टिकट मिलने के बाद उन्होंने नामाकन भर भी दिया लेकिन कुछ पार्टी विरोधी लोग डमी प्रत्याशी के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता घनस नागेश को नामांकन भरा दिया। जबकि बलराम पुजारी अधिकृत प्रत्याशी होने के बावजूद अपना नामांकन वापस लेकर त्याग का परिचय दिया था। हालांकि इसके परिणाम भी उसे चुनाव में देखने को मिला। भाजपा प्रत्याशी धनसाय नागेश को हार का सामना करना पडा था। बिन्द्रानवागढ़ विधायक डमरूधर पुजारी भी अपने पिता की तरह काफी सरल और सहज स्वभाव के हैं। पिछले 2018 की विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के लहर में जब भाजपा के बड़े-बड़े दिग्गज नेता अपने सीट को नहीं बचा पाए ऐसे समय में भाजपा के इस गढ़ बिन्द्रानवागढ़ को बचाने में डमरूधर पुजारी कामयाब हुए।

बातों...बातों में...!
साप्ताहिक स्तंभ... सुकांत राजपूत

बैज के 24 फैन

बिना फैन के नेतागिरी क्या..? राजनीति है ही ऐसी कि यहां दोनों तरह के फैन चाहिए। कांग्रेस में फैन्स और बीजेपी में नेता ऐसी

पसंद है। अरे.. भाई हम फैंस यानि प्रशंसकों की बात नहीं कर रहे, बल्कि इलेक्ट्रिक फेन का राजफाश कर रहे हैं। बातों बातों में देवेंद्र नगर अफसर कॉलोनी में तैनात एक दुखी कांग्रेसी दोस्त ने अपने नेता जी की फैन फ्लॉइंग पर कुछ इस अंदाज में बताया कि हंसी नहीं रुक रही। दरअसल युवा तुर्क सांसद और पीसीसी चीफ दीपक बैज के फेन बढ़ गए हैं, दोस्त अब भी फैन की तरह घूम रहा है। उसने बताया बंगले में पोर्च से लेकर छत में 24 फैन है इन्ही की हवा में पुराने करीबी जमे हुए हैं और नए उड़ जा रहे हैं। इन दिनों बंगले में लगे 24 बिजली के पंखे और इतनी संख्या में करीबी झुंड की चर्चा जोरों पर है। हम ने भी ढांढस बंधाया और सलाह दी बीजेपी में गौरीशंकर 12 ऐसी लगाए थे फिर भी उनके आसपास पंखों की कोई कमी नहीं थी, तुम बैज जी के पंखों के बीच ऐसी बन जाओ... !

वाहे गुरु द खौफ

सियासत में जब ओहदा और आला मुकाम अता फरमाते ही अच्छे अच्छे किसी से ख़ौफ़ नहीं खाते...तुर्रा यह कि कई तो खुद को खुदा

मान बैठते हैं। ऐसों की न तो केंद्रीय राजनीति या सूबे की सियासत में कोई कमी नहीं। लेकिन एक बंदा अब भी ऐसा है जो किसी से नहीं डरता...वह सिर्फ एक से खौफ खाता है और वो हैं वाहे गुरु। खुद यह पश्चिम विधायक कहते तो जरा सोचना पड़ता, लेकिन उनके प्रशंसक ही नहीं उनके विरोधी भी कहते नहीं थकते की साफगोई पसंद कुलदीप जुनेजा कि वो ऐसा कुछ नहीं करते जिनसे उनके वाहे गुरु नाराज़ हों, क्योंकि उन्हें सिर्फ उनका ही खौफ रहता है। सच में ऐसी बात है तो वाकई वो गुरु के सच्चे बंदे हैं... उनके विधानसभा क्षेत्र में उनका वाकई इतना खौफ भी नहीं कि जनता सोचे कब, किसकी जमीन-दुकान में कब्जा हो जाये...पर उनके निगम छाप नेता तो क्षेत्र की जनता को पलीता लगाने से बाज नहीं आ रहे.. काश वाहे गुरु ऐसों को भी खौफ पैदा कर दें !

बाबा जी का भय

सरगुजा में तो खौफ़ डर, भय और सम्मान का एक ही नाम सुनने में आ रहा है वो हैं बाबा जी। इस भय का एक सियासी प्लान भी

सुनने में आ रहा है। उनके जानने वालों ने बातों ही बातों में बोल गए कि...यूं तो अंबिकापुर से दावेदारी करने वालों ने खासी हिमाकत कर बैठे हैं। लेकिन बाबा के खिलाफ 100 लोगों की दावेदारी का ख़ौफ़ज़दा खात्मा यह साबित कर देगा कि खौफ किसे कहते हैं... ! जितनों ने कांग्रेस से दावेदारी करने की हिमाकत किये हैं वो सब नामांकन के दौरान बाकायदा समर्थन में दावेदारी वापिस ले लेंगे। सहीं मायनों में इसे कहते हैं रुआब। खैर, यह तो सिर्फ दावेदार थे... अब तो बाबा का खौफ उन तीन दिग्गज विधायकों पेशानी में झलकने लगा है जो सीएम की दौड़ से लेकर पूरे कार्यकाल भर में हुकुमउदूली की है।

सत्ता पर सड़क भारी

राजधानी रायपुर की सड़कों का बेड़ागर्क हो चूका है। रायपुर की चारों विधानसभा में सत्ता पर खस्ताहाल सड़कें भरी पड़ती नजर आ

रही है। नतीजतन निगम आयुक्त मयंक चतुर्वेदी ने रायपुर की गली-कूचों और सड़कों के लिए तेज चाल में काम शुरू करवाने का फरमान जारी कर दिया है। बताते हैं कि दाऊ जी मिला है कि रायपुर की चारों सीटें बेड़ागर्क कर। गड्ढा, धूल, निगम का मुगलाई अंदाज़ में बदइंतज़ामी से उत्तर, पश्चिम, ग्रामीण खो सकते हैं और दक्षिण तो कभी था ही नहीं। बातों ही बातों में निगम के एक हरिराम ने बताया शासन से बत्ती भी पड़ी और पैसा भी मिला ताकि आचार सहिंता से पहले तकरीबन 75 करोड़ से राजधानीवासियों को अच्छी सड़कें बनाकर दो। निगम कमिश्नर मयंक भी पूरी ताकत से चारों विधानसभा की सड़कों को हीरोइनों के गाल सी चकनी बनाने के लिए ठेका, मियादी तारीख और गुणवत्ता के साथ जुट गए हैं।

अपनी प्रतिक्रया navpradesh@gmail पर भेजें...

21 को भिलाई में प्रियंका की रैली

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव को लेकर सत्तारूढ़ कांग्रेस अपनी तैयारियों में व्यस्त है। भाजपा और कांग्रेस के बीच सियासी गलियारों में घमासान मचा हुआ है। चुनावी संघर्ष के बीच भाजपा और कांग्रेस के केंद्रीय मंत्रियों को लगातार छत्तीसगढ़ दौरा जारी है।

इसी श्रृंखला में एक बार फिर कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी छत्तीसगढ़ दौरे पर आने वाली हैं। जानकारी के मुताबिक, प्रियंका गांधी 21 सितंबर को वे दुर्ग में होने वाले महिला समृद्धि सम्मेलन में शामिल होंगी। वहीं कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे 28 सितंबर को छत्तीसगढ़ का प्रवास पर रहेंगे। इसके अतिरिक्त राहुल गांधी भी जल्द ही रायपुर आने वाले हैं।

सीएम भूपेश बघेल ने इसकी जानकारी दी है। प्रियंका के दुर्ग दौरे की तैयारियों को लेकर तकरीबन पूरी तैयारी हो चुकी है। कार्यक्रम स्थल का प्रशासन की टीम जायजा ले रही हैं। यहां सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। इस कार्यक्रम में राज्य भर से लगभग 1 लाख 50 हजार लोगों के पहुंचने की उम्मीद की जा रही हैं। यही वजह है कि कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा गया है। प्रियंका गांधी इससे पहले अप्रैल माह में बस्तर आई थी।

राज्य से चावल कोटा घटाने पर जवाब दें भाजपा : सुशील आनंद

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस ने मांग की है कि राज्य से लेने वाले सेंट्रल पूल के चावल के कोटे के केंद्र द्वारा की गयी कटौती पर भाजपा जवाब दे। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि इस वर्ष केंद्र सरकार ने राज्य से 86 लाख टन चावल लेने का एमओयू किया था लेकिन जैसे ही राज्य सरकार ने 20 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी का निर्णय लिया केंद्र सरकार ने राज्य के चावल लेने के एमओयू में संशोधन करते हुये 86 लाख मीट्रिक टन को घटाकर 61 लाख कर दिया। केंद्र ने यह निर्णय छत्तीसगढ़ के भाजपा नेताओं के कहने पर लिया है ताकि राज्य के किसानों के धान की खरीदी सुचारू रूप से न हो पाये। केंद्र के द्वारा छत्तीसगढ़ से चावल लेने के कोटे को घटाने का कोई आधार नहीं है।

केंद्र के पास चावल का पर्याप्त भंडार भी नहीं है। हाल ही में कर्नाटका सरकार द्वारा 35 लाख टन चावल केंद्र से खरीदने के प्रस्ताव को केंद्र ने यह कहकर मना कर दिया कि उसके पास

चावल का स्टॉक नहीं है। जब चावल का स्टॉक नहीं है तब केंद्र सरकार छत्तीसगढ़ से चावल खरीदने में कटौती क्यों किया? भाजपा नेता जवाब दें। 125 लाख एमटी धान खरीदी का लक्ष्य : संचार प्रमुख श्री शुक्ला ने कहा कि इस वर्ष भूपेश सरकार ने 125 लाख मीट्रिक टन धान खरीदने का लक्ष्य रखा है। इस साल से किसानों से प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान की खरीदी की जायेगी। जब ज्यादा धान की खरीदी होगी तो स्वाभाविक है कि उसको रखने के लिये बारदानों की आवश्यकता भी ज्यादा होगी लेकिन केंद्र ने पूरा भुगतान करने के बाद भी राज्य को धान खरीदी के लिये जरूरी 3.5 लाख गठान बारदानों की संख्या में कटौती करके 2.45 लाख गठान बारदाने देने की स्वीकृति दिया है। यह कटौती क्यों की गयी? चावल खरीदने में कटौती के बाद बारदानों में कटौती भाजपा की केंद्र सरकार की बदनीयती और छत्तीसगढ़ के प्रति सौतेले रवैये को दिखता है केंद्र कितना भी षड़यंत्र कर ले कांग्रेस सरकार अपने दम पर किसानों का पूरा 20 क्विंटल धान भरपूर कीमत देकर खरीदेगी। केंद्र चाहे 1 गठान भी बारदाना न दे या एक किलो चावल भी न खरीदे। छत्तीसगढ़ में 125 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी होगी। कांग्रेस का लक्ष्य किसानों को आत्मनिर्भर बनाना है तथा आने वाले दिनों में छत्तीसगढ़ का किसान 3600 रू. धान की कीमत प्राप्त करेगा।

छग में सपा के चुनाव अभियान की शुरूआत 25 को करेंगे अखिलेश

रायपुर/नवप्रदेश। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव 25 सितंबर को छत्तीसगढ़ में अपनी पार्टी के चुनाव अभियान की शुरुआत करेंगे।

छत्तीसगढ़ में इस साल के अंत में मध्य प्रदेश, राजस्थान, मिजोरम और तेलंगाना के साथ चुनाव होने हैं। अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश के बाहर अपनी पार्टी का विस्तार करने की योजना बनाई है। अखिलेश समाजवादी पार्टी को एक क्षेत्रीय राजनीतिक दल की वर्तमान स्थिति से एक राष्ट्रीय पार्टी में बदलने की इच्छा रखते हैं।

अखिलेश यादव छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में अग्रसेन धाम में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करेंगे। इसके अलावा वह पार्टी कार्यकर्ताओं की एक बैठक की अध्यक्षता भी करेंगे।

सीएम भूपेश से भी मुलाकात संभव

सूत्रों ने बताया कि यात्रा के दौरान सपा प्रमुख के छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से भी मुलाकात करने की संभावना है। छत्तीसगढ़ एक कांग्रेस शासित राज्य है, और समाजवादी पार्टी ने राज्य में कभी भी विधानसभा या लोकसभा सीट नहीं जीती है। पार्टी की छत्तीसगढ़ इकाई ने 40 विधानसभा सीटों की पहचान की है, जहां वह अपने उम्मीदवार उतार सकती है। समाजवादी पार्टी ने घोषणा की है कि वह मिजोरम को छोड़कर सभी राज्यों में चुनाव लड़ेगी। पार्टी पहले ही मध्य प्रदेश की छह विधानसभा सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है।

40 निर्वाचन क्षेत्रों की बनाई सूची

अखिलेश यादव की बैठक से पहले, सपा की छत्तीसगढ़ इकाई ने 40 निर्वाचन क्षेत्रों की एक सूची बनाई है, जहां से वह चुनाव लड़ने का इरादा रख रहे हैं। सपा अब 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए देश में विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन का हिस्सा बन गई है। छत्तीसगढ़ में 90 विधानसभा और 11 लोकसभा सीटें हैं। 2018 में, सपा ने लगभग 10 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ा, लेकिन कोई भी जीत नहीं पाई। सपा के पूर्व छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष और कार्यसमिति सदस्य ओम प्रकाश साहू ने भी कहा कि इंडिया गठबंधन लोकसभा चुनाव के लिए है। उन्होंने कहा कि लेकिन हम विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ दोस्ताना मुकाबला करेंगे ताकि राज्य में हमारी राजनीतिक उपस्थिति और दृश्यता बढ़े।

किसान सभा की राज्य समिति पुनर्गठित, संजय बने संयोजक

रायपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय किसान सभा से संबद्ध छत्तीसगढ़ किसान सभा की राज्य समिति का पुनर्गठन किया गया है। यह पुनर्गठन किसान सभा के राष्ट्रीय महासचिव वीजू कृष्णन तथा संयुक्त सचिव और

छत्तीसगढ़ प्रभारी अवधेश कुमार की उपस्थिति में किया गया। वीजू कृष्णन ने देश में जारी कृषि संकट, संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर पर चल रहे देशव्यापी किसान आंदोलन और उसमें किसान सभा की भूमिका तथा आगामी आंदोलनों के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा छत्तीसगढ़ में भी किसान सभा और संयुक्त किसान मोर्चा को मजबूत बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हर गांव में किसान सभा और किसान सभा मे हर किसान के नारे पर अमल करके ही संगठन और किसान आंदोलन को मजबूत किया जा सकता है। 17 सदस्यीय संयोजन समिति के संयोजक संजय पराते और सह संयोजक ऋषि गुप्ता और वकील भारती चुने गए हैं। संयोजन समिति के अन्य सदस्य हैं : सी पी शुक्ला, दिल साय नागेश (सरगुजा), माधो सिंह, कपिल पैकरा (सूरजपुर), कृष्ण कुमार लकड़ा, बिफन नागेश (बलरामपुर), विशाल वाकड़े, सुधार सिंह (मरवाही), प्रशांत झा, जवाहर सिंह कंवर (कोरबा), वनमाली प्रधान (रायगढ़), के के साहू (रायपुर), शांत कुमार (दुर्ग)। किसान सभा संयोजन समिति की बैठक में फरवरी 2024 में राज्य सम्मेलन आयोजित करने और इसके पहले जिला सम्मेलन और निचली इकाईयों के सम्मेलन संपन्न करने का निर्णय लिया गया।

कांग्रेस के कुशासन और भ्रष्टाचार से त्रस्त है जनता : अरुण साव

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश की चारों दिशाओं से बीजेपी की परिवर्तन यात्राएं निकल रही हैं। इन परिवर्तन यात्राओं के दौरान सभाओं में भीड़ भी उमड़ रही है। इस भीड़ को देखकर बीजेपी नेता भरपूर गदगद हैं। भीड़ के आधार पर ही कहा जा रहा है कि यह सत्ता परिवर्तन का आगाज है। इसी कड़ी में बीजेपी की परिवर्तन यात्रा के पहला चरण का सोमवार को सातवां दिन था। यात्रा राजनांदगांव पहुंची।

यहां बीजेपी के प्रदेशाध्यक्ष अरूण साव ने एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता कांग्रेस के कुशासन और भ्रष्टाचार से त्रस्त है।

प्रदेश में परिवर्तन चाहती है और जनता को भाजपा से उम्मीदें हैं। भारतीय जनता पार्टी विश्वास दिलाती है कि वह जनता की इन उम्मीदों पर खरा उतरेगी।

वॉशिंगटन सुंदर ने एशिया कप फाइनल में बिना बॉलिंग-बैटिंग के रचा अनोखा इतिहास

नई दिल्ली। टीम इंडिया ने श्रीलंका को 10 विकेट से धुल चटाकर एशिया कप 2023 की ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। श्रीलंकाई टीम फाइनल में 15.2 ओवर में 50 रन पर सिमट गई। मोहम्मद सिराज ने 7 ओवर में 21 रन देकर 6 शिकार किए। हार्दिक पांड्या ने तीन और जसप्रीत बुमराह ने एक विकेट चटकाया। वहीं, भारत ने 6.1 ओवर में आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया और आठवीं बार खिताब जीता। ओपनर शुभमन गिल 27 और ईशान किशन 23 रन बनाकर नाबाद रहे। स्पिन ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर फाइनल में प्लेइंग इलेवन का हिस्सा थे। सुंदर ने खिताबी मुकाबले में ना तो बॉलिंग की और ना ही उनकी बैटिंग आई। उन्होंने मैच में कोई कैच भी नहीं पकड़ा। सुंदर ने एक अनोखा इतिहास रच डाला है।

दरअसल, सुंदर बिना बल्लेबाजी, गेंदबाजी या कैच लिए खिताब जीतने वाले इंटरनेशनल टूर्नामेंट में खेलने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। बता दें कि सुदंर को अचानक फाइनल से पहले भारतीय स्क्वॉड में शामिल किया गया था। स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल के चोटिल होने की वजह से सुंदर को 16 सितंबर को भारत से कोलंबो बुलाया गया और वह अगले दिन फाइनल खेले। अक्षर जांघ की मांसपेशी में खिचाव कारण फाइनल से बाहर होना पड़ा। उन्हें बांग्लादेश के खिलाफ सुपर-4 मैच में यह चोट लगी थी। अक्षर ने बांग्लादेश के सामने आठवें नंबर पर उतरने के बाद 34 गेंदों में 42 रन की पारी खेली थी। भारत को इच मैच में 6 रन से हार का मुंह देखना पड़ा। भारत को टूर्मामेंट में एकमात्र बांग्लादेश के विरुद्ध मिली।

इंडिया वर्सेस श्रीलंका फाइनल केवल 129 गेंदों में समाप्त खत्म हो गया। यह सबसे कम गेंदों में खत्म होने वाला तीसरा वनडे इंटरनेशनल मैच है। साल 2020 में नेपाल बनाम अमेरिका मुकाबला 104 जबकि 2001 में श्रीलंका बनाम जिम्बाब्वे मैच 120 गेंद में खत्म हो गया था। भारत ने 263 गेंदें बाकी रहते मैच अपने नाम किया। यह गेंदों के हिसाब से श्रीलंका की सबसे बड़ी हार है। वहीं, भारत की यह किसी भी वनडे फाइनल में गेंद शेष रहने के मामले में सबसे बड़ी जीत है।

टीम इंडिया पर लगा इस साजिश का इल्जाम तो गावस्कर ने दिया मुंहतोड़ जवाब, बोले- एशिया कप की जीत जोरदार तमाचा

नई दिल्ली। भारत ने धमाकेदार अंदाज में एशिया कप 2023 का खिताब अपने नाम किया। रोहित ब्रिगेड ने फाइनल में श्रीलंका को 10 विकेट से रौंदा। मोहम्मद सिराज (7 ओवर में 21 रन खर्च कर 6 विकेट) की धारदार गेंदबाजी की बदौलत श्रीलंकाई टीम महज 50 रन पर ढेर हो गई। भारत ने 6.1 ओवर में आसानी से लक्ष्य हासिल कर किया। भारत ने 263 गेंद शेष रहते मैच जीता। यह भारत की किसी भी वनडे फाइनल में गेंद शेष रहने के मामले में सबसे बड़ी जीत है। भारत के आठवीं बार एशिया कप जीतने के बाद महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने उन लोगों को आड़े हाथ लिया है, जिनका मानना था कि भारत जानबूझकर श्रीलंका के खिलाफ अपना सुपर-4 मैच हारना चाहता था। बता दें कि भारतीय टीम सुपर-4 राउंड में श्रीलंका के विरुद्ध 49.1 ओवर में 213 रन पर सिमट गई थी। भारत ने इस मैच में 41 रन से जीत हासिल की थी। लेकिन पाकिस्तान के कई क्रिकेट फैंस ने टीम इंडिया पर इल्जाम लगाया था कि वो साजिश के तहत श्रीलंका के हाथों मैच गंवाने की फिराक में थी ताकि पाकिसतान फाइनल में एंट्री ना कर सके।

इलावेनिल ने ISSF वर्ल्ड कप में जीता गोल्ड

ओलिंपिक मेडलिस्ट इलावेनिल वलारिवन ने रियो में हो रहे ढ्ढस्स्स्न शूटिंग वर्ल्ड कप में 10 मीटर एयर राइफल में गोल्ड जीत लिया है। फाइनल में उन्होंने 252.2 का स्कोर कर पहले स्थान पर रही। वह फाइनल में 24 शॉट में कभी भी 10.1 से नीचे स्कोर नहीं किया। वहीं फ्रांस की ओसिएने मुलर 251.9 स्कोर के साथ सिल्वर जीता। जबकि चीन की झांग जियाले को ब्रॉन्ज मेडल मिला। इला पांच शॉट के बाद 52.6 स्कोर के साथ दो अन्य शूटरों के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहीं। जबकि चीन की झांग जियाले 53.4 स्कोर के साथ पहले स्थान पर रही। 10 शॉट के बाद इला झांग यू के साथ टॉप पर रही। 12 वें शॉट के बाद ऑस्ट्रेलियाई शूटर मार्लीन प्रिबिट्जर बाहर हो गई और आठवें स्थान पर रही। 16 शॉट के बाद भी एक अन्य शूटर के साथ इला पहले स्थान पर कायम रही। 17 वें शॉट के बाद वह दूसरे स्थान पर खिसक गई। वहीं 2 शॉट शेष रहने पर वह 0.5 के अंतर से आगे रहीं। आखिरी शॉट में 10.6 स्कोर के बाद ओवर ऑल वह फ्रांसीसी शूटर से 0.3 अंकों से आगे रह कर गोल्ड जीता। इला शनिवार सुबह 630.5 के स्कोर के साथ क्वालिफाइंग राउंड में आठवें स्थान पर रही थी। जबकि फ्रांस की ओसिएने मुलर 633.7 स्कोर के साथ टॉप पर थी। इलावेनिल मिक्स्ड टीम इवेंट में संदीप कुमार के साथ पांचवें स्थान पर रही। उन्होंने 629.1 स्कोर किया।

राजकोट में 27 सितंबर को होगा भारत-ऑस्ट्रेलिया वनडे मैच

आगामी 27 सितंबर को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच राजकोट के सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में वनडे मैच खेला जाएगा। इसके लिए सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से जोरदार तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।वहीं, एससीए ने मैच के लिए टिकट की कीमतों का भी ऐलान कर दिया है। टिकटों की कीमतें 1500 से 10,000 रुपए तक तय की गई हैं।मैच के टिकटों की कीमतें तीन हिस्सों ईस्ट स्टैंड, वेस्ट स्टैंड और साउथ पवेलियन के हिसाब से तय की गई हैं। इतना ही नहीं, इस मैच के लिए खास कॉरपोरेट बॉक्स भी बनाए गए हैं, जिसमें वीआईपी सुविधाओं के साथ डिनर की भी व्यवस्था रहेगी। टिकटों की बिक्री 17 सितंबर से पेटीएम ऐप के जरिए ऑनलाइन शुरू होगी। ईस्ट स्टैंड लेवल 1, 2 और 3 के टिकट की कीमत 1,500 रुपए, वेस्ट स्टैंड लेवल 1 की कीमत 2,000 रुपए, लेवल 2 व 3 की कीमत 2,500 रुपए वेस्ट स्टैंड कॉरपोरेट बॉक्स (15 सीटें) का प्राइस 10 हजार रुपए रखा गया है। इसके अलावा साउथ पवेलियन में लेवल-1 (डिनर के साथ) की कीमत 8,500 रुपए, लेवल-2 (ब्लॉक ए से डी) की कीमत 8,500 रुपए, लेवल-3 की कीमत 3,000 रुपए और कॉर्पोरेट बॉक्स (15 सीटें) की कीमत 10,000 रुपए तय की गई है। राजकोट के खंडेरी क्रिकेट स्टेडियम में अब तक कुल 10 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले जा चुके हैं। इसमें 2 टेस्ट, 5 टी-20 और 3 वनडे शामिल हैं। बीते 17 जनवरी-2020 को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खंडेरी स्टेडियम में वनडे मैच खेला गया था, जिसमें भारत ने ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को ऑलआउट कर शानदार जीत हासिल की थी। अब 27 सितंबर को एक बार फिर भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच भिड़ंत होगी।

नीरज को डायमंड लीग में सिल्वर, चेक रिपब्लिक के जैकब को गोल्ड

वर्ल्ड चैम्पियन भारतीय जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा को डायमंड लीग फाइनल 2023 में सिल्वर से संतोष करना पड़ा है। वे पिछले साल जीता हुआ अपना खिताब बचाने में नाकाम रहे। रविवार-सोमवार की रात अमेरिका के यूजीन में खेले गए फाइनल इवेंट में नीरज ने मौजूदा सीजन के 83.80 मीटर का डिस्टेंस कवर करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि चेक रिपब्लिक के जैकब वादलेच ने 84.24 मीटर के स्कोर के साथ गोल्ड जीता। फिनिश थ्रोअर ओलिवर हेलांडर (83.74 मीटर) तीसरे स्थान पर रहे। 25 साल के नीरज ने स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख में इस लीग की 11वीं मीट में 85.71 मीटर के बेस्ट स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहते हुए फाइनल के लिए क्वालिफाई किया था। उन्होंने लीग के पिछले सीजन में गोल्ड जीता था।

60 करोड़ की मालकिन हैं राम्या कृष्णन

साउथ एक्ट्रेस राम्या कृष्णन आज अपना 53वां जन्मदिन मना रही हैं। राम्या ने तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम के अलावा हिंदी फिल्मों में भी काम किया है। उन्हें फिल्मों में तकरीबन 37 साल हो चुके हैं लेकिन ये साल काफी उतार-चढ़ाव भरे रहे। राम्या ने 1986 से शुरू हुए अपने फिल्मी सफर में तकरीबन 200 से ज्यादा फिल्में कीं लेकिन उन्हें पॉपुलैरिटी 2015 में आई फिल्म बाहुबली से मिली। इस फिल्म में राम्या ने शिवगामी यानी बाहुबली की मां का किरदार निभाया था जो कि काफी पसंद किया गया था। अब राम्या की गिनती साउथ की सबसे सफल अभिनेत्रियों में की जाती है। वैसे, राम्या इस रोल के लिए पहली पसंद नहीं थीं।ये रोल एसएस राजामौली ने सबसे पहले श्रीदेवी को ऑफर किया था लेकिन उन्होंने इसे ठुकरा दिया और फिर रोल राम्या को दिया गया जिससे उनकी किस्मत चमक गई। 13 साल की उम्र में फिल्मों में कदम रखने वाली राम्या के पास अब 60 करोड़ की प्रॉपर्टी है।राम्या का जन्म 15 सितंबर 1970 को चेन्नई में हुआ था। वो तमिल फिल्म एक्टर, कॉमेडियन और नेता चो रामास्वामी की भतीजी हैं। राम्या को बचपन से ही डांस का शौक था इसलिए उनके घरवालों ने उन्हें भरतनाट्यम,कुचिपुड़ी और वेस्टर्न डांस की ट्रेनिंग दिलवाई जिसके बाद राम्या ने कई स्टेज परफॉरमेंस भी दीं।

फिल्म दोनों का सॉन्ग आग लगदी रिलीज

सनी देओल के छोटे बेटे राजवीर देओल फिल्म 'दोनों' से बॉलीवुड डेब्यू कर रहे हैं। फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। अब हाल ही में मेकर्स ने फिल्म का पहला गाना आग लगदी रिलीज कर दिया है, जिसमें पूनम ढिल्लों की बेटी पलोमा राजवीर के साथ जमकर डांस करती हुई दिखाई दे रही हैं। इस गाने को सिद्धार्थ महादेवन और लिसा मिश्रा ने अपनी आवाज दी है। जबकि गाने को इरशाद कामिल ने लिखा है। फिल्म दोनों एक रोमांटिक ड्रामा है। इसमें राजवीर, देव नाम के लड़के का किरदार निभा रहे हैं। वहीं पलोमा ने उनकी लव इंट्रेस्ट मेघना का रोल प्ले किया है। ट्रेलर में दिखाया गया प्लॉट बॉलीवुड की बाकी लव स्टोरीज जैसा ही है। देव अपनी उसी दोस्त की शादी अटैंड करने पहुंचा है जिसे वो 10 साल से प्यार करता था। वहीं मेघना का हाल ही में 6 साल पुराना रिश्ता टूटा है। अब बाकी फिल्म कैसी होगी ये तो देखने के बाद ही पता चलेगा।

बिजनेस

हाई पर पहुंचा शेयर बाजार : सेंसेक्स ने 67,927 का स्तर छुआ, निफ्टी भी 20,222 तक पहुंचा

शेयर बाजार ने ऑलटाइम हाई बनाया। सेंसेक्स ने कारोबार के दौरान 67,927 का स्तर छुआ। निफ्टी भी 20,222 के स्तर तक पहुंचा। हालांकि बाद में बाजार थोड़ा नीचे आया और सेंसेक्स 320 अंक बढ़कर 67,838 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में 67 अंकों की तेजी रही। यह 20,170 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 20 शेयरों में खरीदारी और 10 में बिकवाली देखने को मिली। बाजार की तेजी में ऑटो और बैंकिंग स्टॉक्स सबसे आगे रहे। निफ्टी में बजाज ऑटो, हीरो मोटोकॉर्प और रूरू के स्टॉक्स टॉप गेनर है। शेयर टॉप लूजर है। वहीं सेंसेक्स पर सबसे ज्यादा तेजी रूरू भारती एयर टेल और टाटा मोटर्स में रही। रु में गिरावट रही।

रेलीगेयर ब्रोकिंग के अजीन मिश्रा ने कहा-हमें उम्मीद है कि निफ्टी में पॉजिटिव रुख जारी रहेगा। लोगों को बाय ऑन डिप्स की अप्रोच बनाए रखनी चाहिए। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के विनोद नायर ने कहा कि त्योहारी मांग बढ़ने की उम्मीद में ऑटो शेयरों में खरीदारी दिख रही है। चीन के उम्मीद से बेहतर आर्थिक आंकड़ों से ग्लोबल मार्केट सेंटीमेंट बेहतर हुए हैं।

ऑनलाइन ट्रैवल एजेंसी कंपनी यात्रा ऑनलाइन का निवेश के लिए खुल गया है। यह 20 सितंबर को बंद होगा। इश्यू का प्राइस बैंड 135-142 रुपए तय किया गया है। यात्रा की शुरुआत साल 2006 में हुई थी। ये घरेलू और अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट टिकट बुकिंग की सुविधा देता है। इससे ग्राहक बस, रेल टिकट, कैब रिजर्वेशन, होटल, होम स्टे की बुकिंग भी कर सकते हैं। 14 सितंबर को शेयर बाजार ऑल टाइम हाई से फिसलकर बंद हुआ था। सेंसेक्स ने कारोबार के दौरान 67,771 का स्तर छुआ। निफ्टी भी 20,167 के स्तर तक पहुंचा। हालांकि इसके बाद मार्केट थोड़ा नीचे आया और सेंसेक्स 52 अंकों की तेजी के साथ 67,519 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 33 अंकों की तेजी रही, ये 20,103 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 16 शेयरों में खरीदारी और 14 में बिकवाली रही। बैंक और ऑटो शेयरों में 1त्न से ज्यादा की तेजी देखने को मिली। ऑटो, मेटल और रियल्टी में खरीदारी रही। निफ्टी रियल्टी 1.25त्न की तेजी के साथ बंद हुआ। वहीं, स्न्रस्ष्टत्न, मीडिया में बिकवाली नजर आई। मिडकैप शेयर्स ने आज अच्छा परफॉर्म किया। निफ्टी मिडकैप-50 में 1.12 की तेजी रही।

इंफोसिस : टॉप-100 में शामिल होने वाली एकमात्र भारतीय कंपनी, माइक्रोसॉफ्ट टॉप पर

नई दिल्ली। IT की दिग्गज कंपनी इंफोसिस टाइम मैगजीन की वर्ल्ड बेस्ट कंपनीज 2023 की लिस्ट में टॉप-100 में शामिल होने वाली एकमात्र भारतीय कंपनी है। बेंगलुरु बेस्ड इंफोसिस ने 88.38 के ओवरऑल स्कोर के साथ 750 ग्लोबल कंपनीज में 64वां स्थान हासिल किया है। 1981 में बनी इंफोसिस एक NYSE लिस्टेड ग्लोबल कंसल्टिंग और ढ्ढञ्ज सर्विसेस कंपनी है। जिसमें कंपनी की वेबसाइट के अनुसार 3,36,000 से यादा एम्प्लॉइज हैं। 40 साल से यादा समय से चल रही कंपनी का दावा है कि उसने कुछ ऐसे बड़े चेंजेस किए हैं, जिसकी वजह से भारत सॉफ्टवेयर सर्विसेस टैलेंट के लिए ग्लोबल डेस्टिनेशन के रूप में उभरा है। इंफोसिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर पोस्ट शेयर कर लिखा, हम टॉप-3 ग्लोबल प्रोफेशनल सर्विसेस फर्म में से एक हैं और टॉप-100 ग्लोबल रैंकिंग में भारत से एकमात्र ब्रांड हैं। टाइम और स्टेटिस्टा द्वारा तैयार की गई वर्ल्ड बेस्ट कंपनीज 2023 की लिस्ट में टॉप-4 में जो ऑर्गेनाइजेशंस शामिल हैं, वे सभी ब?ी टेक कंपनियां हैं और अमेरिका में स्थित हैं।

आईफोन 15 की बुकिंग शुरू, 22 सितंबर से मिलेगा

आईफोन 15 सीरीज की बुकिंग शुरू हो गई है। कस्टमर्स फोन को ऑफिशियल वेबसाइट और ई-कॉमर्स वेबसाइट फ्लिपकार्ट और अमेजन से बुक कर सकते हैं।कैलिफोर्निया की टेक कंपनी ने मंगलवार (12 सितंबर) को अपने वंडरलस्ट इवेंट में 79,990 रुपए की शुरुआती कीमत में आईफोन 15 सीरीज को लॉन्च किया था।कंपनी ने वॉच सीरीज 9 और वॉच अल्ट्रा 2 भी पेश की है। एपल ने पहली बार चार्जिंग के लिए टाइप-ष्ट पोर्ट दिया है। पहले लाइटनिंग पोर्ट मिलता था।नई एपल वॉच-9 सीरीज और सेकेंड जनरेशन एयरपॉड प्रो लॉन्चिंग के साथ ऑर्डर के लिए अवेलबल हैं। 22 सितंबर से इनकी डिलिवरी मिलने लगेगी साथ ही ऑफिशियल स्टोर से भी खरीद सकेंगे।

होंडा भारत में 1.47 लाख में लॉन्च

होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (HMSI) ने आज इंडियन मार्केट में 2023 CBw®®X मोटरसाइकिल को लॉन्च किया है। एडवेंचर टूरर बाइक ऑल-स्रश्वष्ठ लाइटिंग सेटअप और असिस्ट स्लिपर क्लच से लैस है।कंपनी बाइक को सिंगल वैरिएंट में 1,46,999 रुपए (एक्स-शोरूम, दिल्ली) की कीमत में पेश किया है।

कस्टमर्स नई होंडा ष्टक्च200ङ्ग को ऑफिशियल वेबसाइट और अपने नजदीकी रेड विंग डीलरशिप पर जाकर बुक कर सकते हैं। होंडा नई CBw®®X पर 10 साल का स्पेशल वारंटी पैकेज ऑफर कर रही है। इसमें 3 साल की स्टैंडर्ड वारंटी + 7 साल की ऑप्शनल वारंटी शामिल है। सेगमेंट में बाइक का मुकाबला सुजुकी वी-स्ट्रॉम स्ङ्ग और हीरो एक्सपल्स 200 yV से होगा। नई डिजाइन होंडा से इन्सपायर्ड है। कंपनी बाइक को नए ग्राफिक्स के साथ डायमंड-टाइप स्टील फ्रेम पर तैयार किया है। बाइक ऑल-LED लाइटिंग सेटअप के साथ आती है। इसमें हेडलैंप, विंकर्स और एक्स-शेप के टेल लैंप शामिल हैं। बाइक 3 कलर ऑप्शन पर्ल नाइटस्टार ब्लैक, स्पोर्ट्स रेड और डिसेंट ब्लू मेटैलिक में अवेलेबल है। नई CBw®®X में होंडा ने OBDw के अनुरूप 184.40ष्ठ का 4-स्ट्रोक, सिंगल-सिलेंडर, PGM-FI इंजन दिया है।

न्यूज गैलरी

कवर्धा/नवप्रदेश। स्थानीय शिवाजी चौक में जगत के रचयिता भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति स्थापना कर विधिवत पूजा अर्चना किया गया जिसमें समिति के सभी सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

कवर्धा/नवप्रदेश। भगवान गणेश की प्रतिमा को मिलने लगा अंतिम स्वरूप रंग रोगन का कार्य हुआ पूरा। 19 तारीख को आने को जगह बिराजेंगे भगवान गणपति समितियां ने पहले से की पंडाल की तैयारी।

23 को भाटापारा पहुंचेंगे पंडित मृदुलकांत

भाटापारा/नवप्रदेश। भाटापारा क्षेत्र में सदेव अपना स्नेह रखने और आशीर्वाद प्रदान करने वाले आचार्य श्री पंड़ मृदुलकांत जी शास्त्री , भागवताचार्य (वृन्दावन धाम) का 23 सितंबर को अल्प प्रवास के लिए राधा अष्टमी के पावन अवसर पर नगर आगमन हो रहा है। श्री नारायणी नवल धाम(दादी मंदिर) में प्रातः 9 बजे उनका स्वागत सत्कार होगा तत्पश्चात दोपहर 12 बजे तक सत्संग आशीर्वचन होगा।

बांध से भटक कर जंगल पहुंचा मगरमच्छ

कोरबा/नवप्रदेश। पाली वन परिक्षेत्र से लगे गांव बतरा व आश्रित ग्राम कटेलीपारा में उस समय हड़कंप मच गया जब निकटवर्ती जंगल में मगरमच्छ के विचरण की सूचना मिली। मगरमच्छ खूंटाघाट बांध से भटक कर जंगल पहुंच गया था। वन विभाग को इसकी सूचना दी गई। विभाग ने रेस्क्यू टीम भेजा। ग्रामीणों के सहयोग से मगरमच्छ को पकड़ कर वापस खूंटाघाट बांध में छोड़ा गया। बिलासपुर जिला के खूंटाघाट बांध में अधिक मात्र में मगरमच्छ पाया जाता है। बांध का उत्तरी किनारा जिले के पाली व पोड़ी उपरोड़ा क्षेत्र से जुड़ा है। ऐसे में अक्सर बांध के मगरमच्छों का निकटवर्ती तालाबों में आना-जाना लगा रहता है। रविवार की दोपहर ग्राम कटेलीपार निवासी बजरंग पोर्ते अपने साथियों के साथ जंगल की ओर गया हुआ था। इस दौरान अचानक बजरंग की नजर मगरमच्छ पड़ी। उसने इसकी जानकारी अपने साथियों को दी। डरा हुआ मगरमच्छ इधर-उधर भागने लगा। खेत में घुसने से फसल को नुकसान होने की संभावना को देखते हुए ग्रामीणों इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। मौके पर पहुंची वनकर्मियों की टीम ग्रामीणों की मदद से मगरमच्छ का रेस्क्यू करना शुरू किया। इस बात की जानकारी मिलने पर मगरमच्छ को देखने ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। मगरमच्छ के वयस्क होने की वजह से उसे काबू में करने के लिए वन विभाग की टीम को खासी मशक्कत करनी पड़ी। सबसे पहले रस्सी के सहारे उसे फंसाया गया। इसके बाद लंबा बांस के सहारे उसके मुंह को दबाकर सुरक्षित बांधा गया। विभाग के अधिकारियों की मार्गदर्शन में उसे वापस खूंटा घाट बांध में छोड़ा गया।

अनियमितता का पर्याय बनी जेजेएम योजना

■ **नल कनेक्शन के प्लेटफार्म निर्माण में भी गफलत, सड़कों का बेड़ा गर्क करने वाले उपयंत्री की करतूत**

जगदलपुर(बकावंड)/नवप्रदेश। केंद्र सरकार के जल जीवन मिशन को छत्तीसगढ़ शासन के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) के अधिकारियों ने कमाई का जरिया बना लिया है। बकावंड विकासखंड की ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन के हर कार्य में गड़बड़ी कर विभागीय अधिकारी केंद्र सरकार के करोड़ों रुपयों की बंदरबांट करने में लगे हुए हैं। बकावंड में पदस्थ पीएचई के उपयंत्री आलोक मंडल ने भ्रष्टाचार की सारी हदें पार कर दी हैं। वरिष्ठ अफसरों के संरक्षण में खूब गफ्लतबाजी की जा रही है।

राज्य सरकार की निधि के करोड़ों रुपयों की लागत से बनवाई गई सड़कों को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) के अधिकारियों ने तहस नहस करवा दिया है। पीएचई के सब इंजीनियर आलोक मंडल ने पेयजल आपूर्ति पाईप लाईन बिछाने के नाम पर गांवों में निर्मित सीसी सड़कों को खोदवा डाला है। ब्लॉक की ग्राम पंचायत गुमडेल समेत सभी 93 ग्राम पंचायतों में सड़कों को उधेड़ कर रख दिया गया है।

ज्ञात हो कि केंद्र सरकार द्वारा हर गांव के घर - घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने के लिए जल जीवन मिशन योजना चलाई जा रही है। जल जीवन मिशन के कार्य की जिम्मेदारी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग सम्हाल रहा है। विभाग के अधिकारी मिशन के कार्यों में जमकर गड़बड़ी तो कर ही रहे हैं, गांवों में निर्मित पक्की सड़कों को ध्वस्त करने से भी नहीं चूक रहे हैं। ऐसी ही बुरी गत बकावंड जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत गुमडेल की भी सड़क की बना दी गई है। गुमडेल के आवास पारा की गलियों में ग्राम पंचायत द्वारा लाखों रुपए खर्च कर बनाई सीसी सड़कों को पाईप लाईन बिछाने के लिए पूरी तरह उधेड़ दिया गया है। पाईप लाइनें बिछाने के बाद जेसीबी के जरिए गलियों में मिट्टी का भराव किया गया है।

ठेकेदार पर थोप रहे जिम्मेदारी

गुमडेल के सरपंच, उप सरपंच और पंचों ने जब ठेकेदार को सड़क खोदने से मना किया और सही तरीके से नलों के प्लेट फार्म बनाने के लिए कहा, तो उसने यह कहते हुए अपने ढर्रे पर कार्य रखा कि वह साहब के कहे अनुसार काम कर रहा है। वहीं पीएचई के सब इंजीनियर आलोक मंडल ने यह कहते हुए पल्ला झाड़ लिया कि ठेकेदार मेरी बात नहीं मान रहा है। पंचायत प्रतिनिधियों ने पीएचई के ईई जगदीश कुमार से भी मामले की शिकायत की है। बकावंड विकासखंड की सभी 93 ग्राम पंचायतों में पक्की सड़कों की ऐसी ही दुर्दशा पाईप लाईन बिछाने के नाम पर कर दी गई है। इन सभी पंचायतों में घटिया तरीके से प्लेट फार्मो का निर्माण कराया गया है।

धसक रहे हैं स्टैंड पोस्ट के प्लेटफार्म

केंद्र सरकार की मंशा है कि माता - बहनों को पेयजल की व्यवस्था के लिए दर दर भटकना न पड़े, दूषित पानी पीने से कोई व्यक्ति बीमार न पड़े। इसीलिए जल जीवन मिशन का आगाज किया गया है, लेकिन पीएचई के अधिकारी स्वार्थ पूर्ति के लिए मिशन के कार्यों में जमकर गड़बड़ी कर रहे हैं। पाईप लाईन बिछाने, घरों में निजी और गलियों सार्वजनिक नल के स्टैंड पोस्ट लगाने के लिए प्लेटफ फार्म निर्माण, ओवर हेड टंकी निर्माण समेत सभी कार्यों में गुणवत्ता को पूरी तरह तिलांजलि दे दी गई है। प्लेट फार्म और टंकी निर्माण में बहुत ही कम मात्रा में सीमेंट का उपयोग किया गया है। रेत ज्यादा और सीमेंट कम उपयोग किए जाने के चलते प्लेट फार्म अभी से धसकने लगे हैं। गुमडेल व अन्य ग्राम पंचायतों में संवाददाता ने जब जमीनी हकीकत की पड़ताल की, तो हैरान कर देने वाला मंजर देखने को मिला। एक भी घरेलू प्लेट फार्म और सार्वजनिक नलों के प्लेट फार्म साबूत नहीं रह गए हैं। पानी की निकासी नहीं हो पा रही है और हर घर के आंगन में कीचड़ हो गया है।

जल जीवन मिशन या कमाई का मिशन

जल जीवन मिशन के कार्यों के लिए केंद्र सरकार करोड़ों रुपए मंजूर करती है। इस राशि से बोर कराने, मोटर पंप लगाने, सोलर पैनल्स लगाकर सौर ऊर्जा के जरिए मोटर पंप ऑपरेटिंग, ओवरहेड टंकी निर्माण, संबंधित गांव की हर गली में अंतिम छोर के घर तक पाईप लाईन बिछाने, घर घर में नल कनेक्शन देने, गलियों में जगह जगह स्टैंड पोस्ट लगाने, नलों के वेस्टेज पानी की निकासी की व्यवस्था करने आदि कार्य कराए जाते हैं। हर ग्राम पंचायत में जल जीवन मिशन के लिए करोड़ों का आवंटन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को मिलता है। इस रकम की जमकर बंदरबांट की जा रही है।

सब इंजीनियर को दिए हैं निर्देश

गुमडेल की सड़कों को नुकसान पहुंचने की शिकायत मिली है। मैंने सभी सब इंजीनियरों को निर्देश दिए हैं कि पाईप लाईन बिछाने में सड़कों को किसी भी तरह की क्षति न पहुंचाई जाए।

जगदीश कुमार, ईई, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, बस्तर

सब इंजीनियर कर रहे मनमानी

पीएचई के सब इंजीनियर आलोक मंडल हर कार्य में मनमानी कर रहे हैं। वे अपने ईई के निर्देश का भी पालन नहीं करते।

हरीश कश्यप, सरपंच, ग्राम पंचायत, गुमडेल

युवती का शारीरिक शोषण, आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़ /नवप्रदेश। शादी का झांसा देकर एक युवती का दैहिक शोषण करने वाले आरोपी को लैलूंगा थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि दोनों ही मजदूरी का काम कर अपना जीवनयापन करते हैं।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि 15 सितंबर को स्थानीय युवती ने थानाक्षेत्र के रहने वाले मनोज नागवंशी 30 वर्ष पर शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक शोषण करने की आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़िता ने बताया कि करीब एक वर्ष पूर्व अप्रैल 2022 में मनोज नागवंशी उसे शादी का प्रलोभन देकर बहला फुसलाकर घर से भगाकर गेरवानी ले गया । जहां दोनों मजदूरी का काम करते थे, मनोज इसे पत्नी की तरह रखकर शारीरिक संबंध बनाता था । बीते जुलाई माह में मनोज को शादी कर गांव घर में रखने की बात कहने पर शादी करने से इंकार कर मनोज इसे गेरवानी के किराये मकान से झगड़ा विवाद कर घर से भगा दिया । तब गांव आयी और अपने परिवारवालों को बतायी तथा थाने में मनोज नागवंशी पर कड़ी कार्रवाई करने आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराई । पीड़िता के आवेदन पर आरोपी मनोज नागवंशी पर दुष्कर्म समेत सुसंगत धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर थाना प्रभारी लैलूंगा द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी के लिये अलग-अलग टीमों के साथ ग्राम गेरवानी व लैलूंगा के कई स्थानों पर दबिश आरोपी को हिरासत में लिया गया।

भाजयुमो ने शहर में निकाली बाइक रैली

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शुक्रवार को राजनांदगांव पहुंची परिवर्तन यात्रा का जिला भाजयुमो सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ फरहद चौक पर भव्य स्वागत किया। सैकड़ों बाईक में सवार भाजयुमो नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अगुवानी करते हुए यात्रा को रोड शो के साथ सभा स्थल तक पहुंचाया। राजनांदगांव विधानसभा के युवा पूरे उत्साह के साथ इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

भाजयुमो जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह ने बताया कि प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव व जिला अध्यक्ष रमेश पटेल की मौजूदगी में जिला भाजयुमो ने बाइक रैली के साथ परिवर्तन यात्रा का राजनांदगांव में भव्य स्वागत किया। फरहद चौक पर जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों के अलावा शहर के दक्षिण ङ्क उत्तर व ग्रामीण मंडल के पदाधिकारियों-कार्यकर्ता इसमें शामिल हुए। विधानसभा के अलग ङ्क अलग हिस्से से आए युवाओं ने पूरे जोश और उमंग के साथ अपने नेताओं को शक्ति प्रदर्शन किया।

उन्होंने कहा कि ङ्क परिवर्तन यात्रा के कार्यक्रम में युवाओं को जोश देखकर ये तय हो चुका है कि एक बार फिर भाजपा की सरकार वापस आ रही है। उन्होंने बाईक रैली में शामिल सभी कार्यकर्ता परिवर्तन यात्रा के कार्यक्रम तक डटे रहे। गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव का भाजयुमो ने मंच पर पुष्पमाला भेंटकर स्वागत किया।

मोनू ने परिवर्तन यात्रा कार्यक्रम के तहत बाइक रैली और सभा में शामिल युवाओं को आभार जताया है। उन्होंने कहा कि विशेष रुप से जिला महामंत्री गोलू सूर्यवंशी , उपाध्यक्षगण देवा झा, पिंटू वर्मा, शशिकांत गंजीर, मंत्रीगण ज्ञानेश गुप्ता, उज्जवल कसेर, शिवम यादव, संयम शर्मा, चिंटू सोनकर, हेमदीप साहू, आशुतोष सिंह, साहिल गोलछा, कमलेश प्रजापति, अंकित गरेवाल साकेत वैष्णव (चिखली), उत्तर - दक्षिण ग्रामीण तीनो मंडल अध्यक्ष सज्जन सिंह, प्रखर श्रीवास्तव, जितेंद्र साहू सहित विधानसभा के तीनों मंडल से आशीष जैन, कमलेश लहरे, आदित्य पराते, कोमल टंडन, निल निर्मलकर, जिला कार्यकारणी सदस्य यश पारख, सूरज नायक, सोहन चौरसिया, मनीष यादव अपनी पूरी टीम के साथ उपस्थित थे।

निर्माण कार्यो में अनियमितता आरईएस इंजीनियर निलंबित

कोरबा/नवप्रदेश। करतला में पदस्थ आरइएस के इंजीनियर अश्विनी कुमार पांडेय को मंत्रालय पंचायत एवं ग्रामीण विकास ने निलंबित कर दिया है। बिना जांचे परखे निर्माण संबंधित 16 घटिया कार्यों को बेहतर बताकर अधिकारी ने मूल्यांकन किया था। मामले की शिकायत रामपुर विधायक ननकीराम कंवर ने तीन साल पहले शासन से की थी। जिस पर शासन ने प्रशासन जांच टीम गठित की थी। टीम के सौंपे गए रिपोर्ट के आधार यह निर्णय लिया गया है।

लोक हित के कार्यों के लिए जारी की गई राशि का किस तरह दुरूपयों किया जा रहा है यह बात शासन की कार्रवाई के बाद सामने आई है। आरईएस में पदस्थ सब इंजीनियर अश्विनी पांडेय ने बिना किसी निरीक्षण.परीक्षण किए ही एक.दो नहीं, बल्कि 16 निर्माण कार्यों की तकनीकी मंजूरी दे दी। काम जिस स्तर पर हुआ था उसके मुकाबले अधिक मूल्यांकन किया गया है। अनियतिता बरतने का आलम यह था कि स्थल का मुआयना किए बगैर ही इंजीनियर ने कार्यों का मूल्यांकन कर दिया। इंजीनियर अश्वनी पांडेय के खिलाफ पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर ने वित्तीय अनियमितता की शिकायत कर निलंबित करने की मांग की थी। सेवा उपसंभाग करतला में पदस्थ उप यंत्री पांडेय के खिलाफ ग्रामीण यांत्रिकी सेवा मंडल बिलासपुर ने 26 नवंबर 2020 को जांच समिति गठित की थी।

नाबालिक से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

भाटापारा/नवप्रदेश। नाबालिक को बहला फुसला कर ले जाने और शादी का प्रलोभन देकर उसका दैहिक शोषण करने के मामले में शहर पुलिस ने हिररी थाना क्षेत्र जिला बिलासपुर के एक युवक को गिरफ्तार कर उसे न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया है।

उपरोक्त संबंध में शहर थाना प्रभारी योगिताबाली खापर्डे ने बताया की प्रार्थिया ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि अपहृता 12 अगस्त के सुबह 11.00 बजे अपने सहेली के घर जा रही हूं कहकर बिना बताये कही चली गई है कि रिपोर्ट पर गुम इंसान कायम कर जांच में लिया गया है ।अपहृता को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने संदेह पर धारा 363 भादवि का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया॥ विवेचना के दौरान प्रकरण के अपहृता को बरामद कर पूछताछ कर कथन लिया गया जो आरोपी द्वारा नाबालिग जानते हुए शादी का प्रलोभन देकर बहला फूसलाकर भगा ले जाकर शारीरिक दुष्कर्म करना बतायी । प्रकरण में धारा 366क,376 भादवि 04,06 पाक्सों एक्ट जोड़कर प्रकरण के आरोपी बल्लु ऊर्फ बलभद्र महिलांगे साकिन कुरेली थाना हिर्री जिला बिलासपुर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया। उक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक राजकुमार डहरिया , आरक्षक सीताराम ध्रुव उमेश वर्मा , हरेन्द्र कोसरे का विशेष योगदान रहा।

जल जीवन मिशन ने बदली भोथीडीह की तस्वीर

■ **घरों से लेकर आंगनबाड़ी एवं स्कूलों तक पहुंचने लगी रनिग वाटर सप्लाई**

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। जल जीवन मिशन के तहत जिले के सभी गावों में पेय जल की उपलब्धता हेतु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा घरों से लेकर आंगनबाड़ी,स्कूलों, अस्पतालों एवं ग्राम पंचायत भवनों तक नल जल के माध्यम से पानी पहुचाने का कार्य किया जा रहा है। इस योजना से लाभांवित होते हुए भाटापारा विकासखंड के ग्राम भोथीडीह की तस्वीर बदल गयी है। गांव के सभी घरों,आंगनबाड़ी केंद्रों, स्कूलों एवं पंचायत भवन में नल जल से पानी उपलब्ध कराने हेतु रनिग वाटर की सप्लाई कार्य पूरी कर ली गयी है। अब इससे लोगो को घरों में ही शुद्ध पानी पीने को मिल जा रहा है।

जल जीवन मिशन से पूर्व पेयजल की स्थिति

ग्राम भोथीडीह में पेयजल व्यवस्था हेतु 14 हेण्डपम्प स्थापित है, जिसमें से मुख्य रूप से सभी हेण्डपम्प संचालित है। परन्तु ग्रीष्मकाल के दिनों में अधिकतर हेण्डपम्प का जल स्तर निचे गिर जाने की वजह से सुखा की स्थिति उत्पन्न होती थी। परिवार के निस्तारन के लिए ग्राम के 4 तालाब उपलब्ध है। जो कि सिर्फ निस्तार का उपयोग योग्य है। ग्रामवासी पेयजल के लिए ग्राम से बाहर हेण्डपंप कूपों से पेयजल की पूर्ति करते थे। इस प्रकार ग्रीष्मकाल में ग्राम की महिलाओं को अत्यंत परेशानियों का सामना करना पड़ता था।

पेयजल समस्या निदान हेतु कार्य की शुरूवात

ग्राम भोथीडीह की उक्त पेय जल समस्या के निदान हेतु विभागीय अधिकारी,कर्मचारीयों द्वारा ग्राम सभा जल सभा का आयोजन कर उपस्थित ग्राम वासियों से चर्चा की गई। ग्राम की पेयजल समस्या के समाधान हेतु जल जीवन मिशन योजना से कार्यो के बारे में जानकारी दी गयी। उक्त ग्राम में लगभग 239 परिवार निवासरत है। जिसमें जल जीवन मिशन के तहत् नल कनेक्शन प्रदान किया गया। ग्राम में 50 कि.ली. की क्षमता वाला पानी टंकी पूर्व से निर्माणधीन था। जो कि ट्यूबवेल से शुद्ध जल भरकर गांव के प्रत्येक घरों में जल जीवन मिशन के तहत् शुद्ध पेयजल सप्लाई हो रही है। ग्राम के सरकारी स्कूल, आंगनबाडी, पंचायत भवन, शौचालय में रनिंग वाटर के माध्यम से पानी सप्लाई किया जा रहा हैं। स्कुली बच्चों के साथ चर्चा कर उनसे जल जीवन मिशन द्वारा पहुंच जल के बारे में उनकी खुशी जाहिर करते हुए, पानी पीने, हाथ धोने और पानी व्यर्थ न बहने का आग्रह किया गया, साथ ही जल संरक्षण हेतु सोख्ता गड्ढा निर्माण कराने की गुजारिस पंचायत से की गई।

40 हजार रिश्वत लेने का आरोप एसएसपी से की लिखित शिकायत

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। एक ग्रामीण से आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण न बनाने के एवज में 40 हजार वसूली करने के बाद भी ग्रामीण के पुत्र के खिलाफ अपराध दर्ज करने वाले दो पुलिसकर्मियों के खिलाफ एसएसपी से लिखित शिकायत हुई है। ज्ञात हो कि हाल ही में ऐसा ही आरोप लगने पर एसएसपी ने दो आरक्षकों को तत्काल लाइन अटैच कर दिया था।

सूत्रों ने बताया कि प्रार्थी कंशराम देवदास निवासी ग्राम अंवराई ने शिकायत दर्ज कराया कि 14 मई को उनके घर में जन्मोत्सव का कार्यक्रम हो रहा था। इसी दौरान खुशी के मौके पर सब परिवार इकट्ठा हुआ था। इसी को लेकर उसका पुत्र सिद्धेश्वर प्रसाद देवदास खुशी मनाने के लिए और मेहमानों के लिए 10 पौवा अंग्रेजी गोवा ठाकुरदिया शराब दुकान से ला रहा था। इसी बीच थाना में पूर्व पदस्थ आरक्षक अनुराग कोसरिया और शैलेन्द्र बंजारे दोनों पुलिसकर्मी मेरे बेटे को रोककर गाली-गलौच देते हुये डरा धमका कर जेल भेज देंगे कहकर पैसों की उगाही की गई है। पुलिसकर्मी अनुराग कोसरिया ने कहा कि, मेरी एस.पी. और टी.आई. से बात हो गई है। पैसा दो और घर जाओ कोई केस नहीं होगा, इसके बाद मेरे बेटे ने मुझे फोन लगाकर बुलाया। मैं 10 हजार रूपये रखा था लेकिन दोनों पुलिसकर्मियों ने 60 हजार रूपये की मांग की थी।